सूर्योदय 6:53 सूर्यास्त 5:23

**आज का तापमान**

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 7.4 न्यू | 16.2 अधि |
| धर्मशाला | 8.6 न्यू | 21.1 अधि |

**बाजार**

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 80004.06 |
| निफ्टी | 24194.50 |
| सोना 77,240 | चांदी 91,223 |

# अनंत ज्ञान

www.anantgyaan.in




झूठे आंकड़े बर्दाश्त नहीं होंगे, आरोप साबित हुए तो होगी कार्रवाई: बाली

पृष्ठ 3 पर


आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | बुधवार, 27 नवंबर 2024 | 12 मार्गशीर्ष, विक्रमी संवत 2081 | वर्ष 1, अंक 341, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702


## न्यूज शॉर्ट्स

### राज्यसभा की 6 सीटों पर 20 दिसंबर को होंगे चुनाव

**नई दिल्ली।** भारत निर्वाचन आयोग ने राज्यसभा की छह खाली सीटों पर चुनाव की अधिसूचना जारी कर दी है। 20 दिसंबर को चुनाव होंगे। इस दिन नतीजे भी घोषित किए जाएंगे। आंध्र प्रदेश की तीन, ओडिशा, हरियाणा और पश्चिम बंगाल की एक-एक सीट पर चुनाव होंगे। 10 दिसंबर नामांकन की आखिरी तारीख है। 11 दिसंबर को नामांकन पत्र की जांच होगी। 13 दिसंबर तक प्रत्याशी अपना नाम वापस ले सकते हैं। 20 दिसंबर को सुबह नौ से शाम चार बजे तक वोटिंग होगी। इसी दिन शाम पांच बजे से मतों की गणना होगी। हरियाणा और महाराष्ट्र में मिली करारी हार के बाद राज्यसभा चुनाव में भी विपक्षी की बड़ी परीक्षा है।

### दौलतपुर चौक से हिमाचल एक्सप्रेस ट्रेन कैंसिल

**ऊना।** ऊना में दौलतपुर चौक से पुरानी दिल्ली के बीच चलने वाली हिमाचल एक्सप्रेस ट्रेन मंगलवार को कैंसिल कर दी गई। इससे ऊना जिले के दौलतपुर चौक, अंब-अंदौरा और ऊना हिमाचल रेलवे स्टेशनों से हिमाचल एक्सप्रेस ट्रेन में सफर करने वाले यात्रियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। दिल्ली रेलवे डिविजन में नए फोरलेन एक्सप्रेस हाईवे पर बन रहे पुल पर गार्डर इत्यादि डाना जाना है, जिस वजह से सोमवार की रात से रेलवे लाइन ब्लॉक है। इसके चलते मंगलवार को दौलतेपुर चौक से हिमाचल एक्सप्रेस ट्रेन दिल्ली के लिए रवाना नहीं हो पाई है।

### बैलेट पेपर से वोटिंग की मांग वाली याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने देश में चुनावों के लिए फिर से मतपत्रों के जरिए मतदान करवाने की व्यवस्था किए जाने का अनुरोध करने वाली याचिका खारिज कर दी। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ की पीठ ने टिप्पणी की कि जब आप चुनाव जीतते हैं, तो ईवीएम से छेड़छाड़ नहीं होती, जब आप चुनाव हार जाते हैं, तो ईवीएम से छेड़छाड़ होती है। याचिका में मतपत्र से मतदान कराए जाने के अलावा कई अन्य दिशा-निर्देश दिए जाने का अनुरोध किया गया था। आयोग को यह निर्देश देने को कहा था कि यदि कोई उम्मीदवार प्रलोभन देने का दोषी पाया जाता है, तो उसे कम से कम पांच साल के लिए अयोग्य घोषित किया जाए।


**अनंत ज्ञान**

**अनुभवी स्टाफ चाहिए**

'अनंत ज्ञान' दैनिक अखबार को हिमाचल में अनुभवी स्टाफ की आवश्यकता है। वेतन योग्यतानुसार।

**संपादकीय विभाग**

उपमंडल स्तर पर जुझारू, ऊर्जावान और खोजी पत्रकारों की जरूरत है। डेस्क पर अनुभवी सब एडिटर चाहिए।

**मार्केटिंग विभाग**

मार्केटिंग रणनीति में माहिर मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव चाहिए।

मोबाइल नंबर: 8894521702
ई-मेल anantgyaanadm@gmail.com


## अंदर के पन्नों पर पढ़ें


- बिलासपुर में पौने सात किलो चरस बरामद -पेज 3
- बड़सर को नगर पंचायत बनाने के प्रस्ताव का विरोध -पेज 6
- धनाभाव से लटका सैनिक भवन का काम -पेज 9
- भारत ने रियाद डिजाइन कानून संधि पर किए हस्ताक्षर -पेज 13
- आत्मविश्वास से भरी भारतीय टीम का सामना थाईलैंड से -पेज 14


# 2047 तक विकसित भारत बनाने के लिए करें काम : राष्ट्रपति मुर्मू

## संविधान दिवस की 75वीं वर्षगांठ पर संसद के दोनों सदनों के सदस्यों को किया संबोधित

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**राष्ट्रपति** द्रौपदी मुर्मू ने मंगलवार को संविधान दिवस पर संविधान सदन के केंद्रीय कक्ष में संसद के दोनों सदनों के सदस्यों को संबोधित किया। राष्ट्रपति ने संविधान को अंगीकृत करने की 75वीं वर्षगांठ पर देशवासियों से आग्रह किया कि वे संवैधानिक आदर्शों को अपने व्यवहार में अपनाएं और अपने मौलिक कर्तव्यों का पालन करें और 2047 तक विकसित भारत के राष्ट्रीय लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में काम करें।

उन्होंने कहा कि भारतीय संविधान एक जीवंत और प्रगतिशील दस्तावेज है। आज हम सभी एक ऐतिहासिक घटना के भागीदार बने हैं। 75 साल पहले संवैधानिक परिषद ने संवैधानिक परिषद ने एक नव स्वतंत्र देश के लिए संविधान बनाने का एक बड़ा कार्य पूरा किया था। वहीं, राष्ट्रपति ने संस्कृत और मैथली भाषा में लिखित भारत के संविधान का विमोचन किया। कार्यक्रम में भारतीय संविधान की महिमा, इसके निर्माण और ऐतिहासिक यात्रा को दर्शाते हुए एक लघु फिल्म दिखाई गई। वहीं, राष्ट्रपति मुर्मू ने संविधान निर्माताओं का स्मरण किया।



**संस्कृत और मैथली भाषा में लिखित संविधान का विमोचन**

### स्मारक सिक्का व डाक टिकट किया जारी

**भारत** के संविधान को अंगीकृत किए जाने की 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर एक स्मारक सिक्का और डाक टिकट का विमोचन किया गया। इसके अलावा 'भारत के संविधान का निर्माणः एक झलक' और 'भारत के संविधान का निर्माण और इसकी गौरवशाली यात्रा' शीर्षक से दो पुस्तकों का विमोचन किया गया। भारत के संविधान की कला को समर्पित पुस्तिका का विमोचन किया गया।

### देश की सुरक्षा को चुनौती देने वालों को मिलेगा करारा जवाब : मोदी

**प्रधानमंत्री** मोदी ने कहा कि मैं देश का यह संकल्प दोहराता हूं कि भारत की सुरक्षा को चुनौती देने वाले हर आतंकी संगठन को मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा। भारत के संविधान का यह 75वां साल पूरे देश के लिए एक गौरव का विषय है। आज मुंबई में हुए आतंकी हमले की भी बरसी है। हमले में जिनकी मौत हुई है, उनको मैं श्रद्धांजलि देता हूं। मोदी ने कहा कि हमारा संविधान, हमारे वर्तमान और हमारे भविष्य का मार्गदर्शक है। संविधान से मिली शक्ति की वजह से ही आज जम्मू-कश्मीर में भी बाबा साहेब अंबेडकर का संविधान पूरी तरह लागू हुआ है। बाबा साहेब अंबेडकर ने कहा था कि संविधान केवल वकीलों का दस्तावेज नहीं है। इसकी भावना हमेशा युग की भावना है।

### जो दलितों की बात करेगा, उसका माइक बंद होगा : राहुल

**दिल्ली** के तालकटोरा स्टेडियम में कांग्रेस के संविधान रक्षक कार्यक्रम को संबोधित करते समय राहुल गांधी का माइक बंद हो गया। माइक जब 6 मिनट बाद ऑन हुआ, तो राहुल ने कहा कि जो दलितों की बात करेगा, उसका माइक बंद होगा। उन्होंने कहा कि जहां हमारी सरकार आएगी, वहां जाति जनगणना कराएंगे। हम यह तेलंगाना में कर रहे हैं। राहुल का माइक बंद हुआ तो सभा में मौजूद लोगों ने राहुल गांधी जिंदाबाद के नारे लगाए। राहुल ने कहा कि जो भी इस देश में 3 हजार साल से दलितों की, आदिवासियों की बात करता है, उसका माइक ऑफ हो जाता है। काफी लोग आए, कहने लगे जाकर बैठ जाइए, मैंने कहा कि मैं खड़ा रहूंगा। मैंने कहा कि माइक जितना ऑफ करना है करो, मैं खड़ा रहूंगा।

### एचआरटीसी निदेशक मंडल बैठक में लिए कई फैसले

# एचआरटीसी की बसों में दूध व सब्जियों का किराया माफ

- हिमाचल पथ परिवहन निगम में भरे जाएंगे 189 पद
- डिप्टी सीएम ने 100 मिनी बसों की खरीद को दी मंजूरी



एचआरटीसी के निदेशक मंडल की बैठक की अध्यक्षता करते डिप्टी सीएम मुकेश।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**डिप्टी** सीएम मुकेश अग्निहोत्री ने मंगलवार को हिमाचल पथ परिवहन निगम के निदेशक मंडल की 158वीं और बस अड्डा प्रबंधन एवं विकास प्राधिकरण निदेशक मंडल की 70वीं बैठक की अध्यक्षता की।


बैठक में निगम की कार्यप्रणाली में सुधार के लिए 189 पद भरने का निर्णय लिया। इनमें 177 जेओआईटी और 12 कंप्यूटर ऑपरेटर शामिल हैं। मुकेश ने कहा कि निगम के बेड़े में 297 नई इलेक्ट्रिक बसों की खरीद प्रक्रिया अंतिम चरण में है। बैठक में 100 मिनी बसों की खरीद को भी मंजूरी दी गई। दिल्ली के राजघाट के समीप एचआरटीसी के चालकों-परिचालकों के लिए 120 बिस्तर क्षमता के ठहराव स्थल की बेहतर व्यवस्था की गई है। वहीं, लगेज पॉलिसी में रियायत देते हुए एचआरटीसी की बसों में दूध और सब्जियों के किराए को माफ करने का निर्णय लिया गया। वहीं, बैजनाथ के पुराने बस अड्डे में पार्किंग एवं व्यावसायिक परिसर का निर्माण करने का निर्णय लिया गया। सरकाघाट के पुराने बस अड्डे को बरछवाड़ स्थित नए बस अड्डे में स्थानांतरित व चंबा के पुराने बस अड्डे में कार पार्किंग एवं व्यावसायिक परिसर का निर्माण किया जाएगा।

ऊना के पुराने बस स्टैंड में सार्वजनिक एवं निजी भागीदारी मोड पर कार पार्किंग एवं कमर्शियल कांप्लेक्स बनाया जाएगा। बिलासपुर स्थित मंडी भराड़ी में बस अड्डे का निर्माण किया जाएगा।

# ग्रीन हिमाचल-समृद्ध हिमाचल का सपना होगा साकार : सुक्खू

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**मुख्यमंत्री** सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि सरकार हिमाचल को 2027 तक आत्मनिर्भर और 2032 तक देश का सबसे समृद्धशाली राज्य बनाने की दिशा में कार्य कर रही है, जिसके लिए प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं।



मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार ग्रीन हिमाचल, समृद्ध हिमाचल के सपने को साकार करेगी। प्राकृतिक संसाधनों का उचित दोहन करने की दिशा में कार्य कर रही है। प्रदेश के युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने और लघु एवं सूक्ष्म उद्योग स्थापित करने की दिशा में कार्य किया जा रहा है, ताकि युवा आत्मनिर्भर बनकर प्रदेश की आर्थिकी को सुदृढ़ करने में अपना योगदान दे सकें। मुख्यमंत्री ने कहा कि युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर भी सृजित किए जा रहे हैं। इसमें ड्रोन तकनीक आधारित सेवाएं महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं। प्रदेश की भौगोलिक परिस्थिति को केंद्रित करते हुए निर्माण, कृषि, चिकित्सा, आपदा के दौरान खाद्य वस्तुओं का वितरण इत्यादि सेवाएं ड्रोन तकनीक के तहत महत्वपूर्ण साबित हो सकती हैं।

### हिमालय की हिमनद झीलों की वृद्धि पर केंद्र को नोटिस

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) ने हिमालयी हिमनद झीलों के तेजी से विस्तार से संबंधित मामले में केंद्र और अन्य को नोटिस जारी किया और झीलों की संख्या बढ़ने से प्राकृतिक आपदाओं के बढ़ते जोखिम को लेकर चिंता जताई। एनजीटी ने संज्ञान लेते हुए नोटिस जारी किया। बढ़ते तापमान के कारण पिछले 13 वर्षों में हिमनद झीलों की संख्या में लगभग 10.81 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। तापमान में वृद्धि के कारण ग्लेशियर के पिघलने से बड़ी हिमनद झीलों का मार्ग प्रशस्त हुआ और इन झीलों में पानी बढ़ने से बाढ़ और भू-स्खलन जैसी प्राकृतिक आपदाओं का खतरा बढ़ गया।

# चंडीगढ़ में गोल्डी बराड़ ने दो क्लबों के बाहर करवाए ब्लास्ट

**एजेंसी, चंडीगढ़**

**चंडीगढ़** के सेक्टर 26 इलाके में दो नाइट क्लबों के मंगलवार को तड़के विस्फोट हुए। विस्फोट से इमारत की खिड़कियों के शीशे क्षतिग्रस्त हो गए। इस विस्फोट में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है।

सेक्टर में में लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज में एक अज्ञात व्यक्ति बार-सह-लाउंज की ओर कुछ फेंकते हुए दिखाई दे रहा है और उसके बाद धुएं का गुबार उठता नजर आ रहा है। वहीं, नाइट क्लबों के बाहर धमाकों की जिम्मेदारी गोल्डी बराड़ ने ली है। गोल्डी बराड़ ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर लिखा है कि उसने और रोहित गोदारा ने इन ब्लास्ट को अंजाम दिलवाया है। क्लब के मालिक को प्रोटेक्शन मनी के लिए कॉल किया था, जिसका उसने जवाब नहीं दिया, इसीलिए दो क्लबों के बाहर धमाके करवाए गए। फिलहाल पुलिस सोशल मीडिया पोस्ट को वैरिफाई कर रही है।



### बाइक सवारों ने देसी बम से किया विस्फोट

**चंडीगढ़** के जिन दो नाइट क्लबों में विस्फोट हुआ, उनमें से सेवेल बार एंड लाउंज के मालिक रैपर बादशाह हैं। दो अज्ञात बाइक सवारों ने देसी बम से यह विस्फोट किया। चंडीगढ़ पुलिस ने फॉरेंसिक टीम को मौके पर बुलाया है, जो विस्फोटों की जांच कर रही है। जानकारी के मुताबिक, पहला धमाका दोपहर सुबह 3.15 बजे हुआ और दूसरा धमाका शाम करीब 4 बजे हुआ। बाइक पर आए दोनों युवक विस्फोट करके मौके से फरार हो गए हैं।

### हिमाचल को आपदा के जोखिम घटाने को मिले 139 करोड़

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता वाली उच्च स्तरीय समिति ने आपदा से उत्पन्न होने वाले जोखिम को घटाने और विभिन्न क्षमता निर्माण परियोजनाओं के लिए 15 राज्यों को 1,000 करोड़ रुपए मंजूर किए हैं।

समिति ने उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश को 139-139 करोड़, महाराष्ट्र के लिए 100 करोड़, कर्नाटक और केरल के लिए 72-72 करोड़, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल के लिए 50-50 करोड़ रुपए तथा आठ पूर्वोत्तर राज्यों असम, अरुणाचल प्रदेश, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नगालैंड, सिक्किम और त्रिपुरा के लिए 378 करोड़ रुपए की धनराशि मंजूर की गई।

# महाराष्ट्र के सीएम शिंदे ने दिया इस्तीफा

**एजेंसी, मुंबई**

**महाराष्ट्र** के निवर्तमान मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने विधानसभा चुनाव के नतीजों के बाद राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से मंगलवार को मुलाकात कर उन्हें अपना इस्तीफा सौंप दिया। राज्यपाल ने शिंदे को नए मुख्यमंत्री के शपथ ग्रहण तक कार्यवाहक मुख्यमंत्री के रूप में सेवाएं देने को कहा है। इस दौरान डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस और अजित पवार भी मौजूद थे।

विधानसभा का कार्यकाल 26 नवंबर तक ही है। वहीं, सत्तारूढ़ महायुति गठबंधन की भारी जीत के बाद अब रहस्य से पर्दा उठना बाकी है कि महाराष्ट्र का अगला मुख्यमंत्री कौन बनेगा। शिंदे मंत्रिमंडल में मंत्री रहे दीपक केसरकर ने कहा किनई सरकार जल्द से जल्द शपथ लेगी। भाजपा, शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना और अजित पवार की राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के महायुति गठबंधन ने शानदार जीत हासिल की है। सत्तारूढ़ गठबंधन के नेताओं में अभी तक सहमति नहीं बन पाई है कि अगला मुख्यमंत्री कौन होगा।



**अभी कार्यवाहक सीएम बने रहेंगे**

### हेमंत सोरेन ने पीएम मोदी से की मुलाकात

**नई दिल्ली।** झारखंड के कार्यवाहक मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की और उन्हें शपथ समारोह का न्योता दिया। सत्तारूढ़ गठबंधन के दूसरी बार सत्ता में आने के बाद राजधानी की उनकी यह पहली यात्रा है। सोरेन दूसरे कार्यकाल के लिए मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे।

### हिंदू धर्मगुरु चिन्मय की जमानत याचिका खारिज सड़कों पर उतरे लोग

**ढाका।** बांग्लादेश के हिंदू धर्मगुरु चिन्मय कृष्ण दास को राजद्रोह के मामले में जमानत याचिका खारिज कर दी गई। पुलिस ने उन्हें 25 नवंबर को ढाका हवाई अड्डे पर गिरफ्तार किया था। उन्होंने कोर्ट में खुद पर लगे आरोपों को चुनौती देते हुए जमानत मांगी थी। कोर्ट ने दास की जमानत अर्जी को खारिज करते हुए उन पर लगे राजद्रोह के मामले को भी बरकरार रखा है। चिन्मय कृष्ण दास की गिरफ्तारी पर भारत सरकार ने भी प्रतिक्रिया दी है। विदेश मंत्रालय ने बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदुओं को निशाना बनाए जाने की घटनाओं पर चिंता जताई है। वहीं, चिन्मय की रिहाई के लिए हिंदू सड़कों पर उतरे हैं।

## 29 को बंद रहेगा सुकमा, 6 निहत्थों की हत्या का आरोप

**एजेंसी, छत्तीसगढ़**

**सुकमा** में नक्सलियों की दक्षिण बस्तर डिविजनल कमेटी ने भारत की कयुनिस्ट पार्टी (माओवादी) के नाम पर पर्चा जारी करते हुए सुकमा जिले के भेज्जी थाना क्षेत्र के तहत 22 नवंबर को हुए मुठभेड़ के विरोध में 29 नवंबर को सुकमा जिले में बंद का आह्वान किया है। माओवादियों के दक्षिण बस्तर डिविजन के प्रवक्ता सचिन गंगा ने कहा कि मुठभेड़ में चार माओवादी हथियार से लैस थे, जबकि छह अन्य के पास कोई हथियार नहीं था। 10 में से दो लोग ग्रामीण थे। वहीं, छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में पुलिस और नक्सलियों के बीच हुई मुठभेड़ का एक वीडियो सामने आया है। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि मुठभेड़ कितनी भीषण थी।






**गुड न्यूज** भारतीय टेलीकॉम कंपनियां करेंगी नेटवर्क विस्तार के लिए 21,000 करोड़ रुपए का निवेश

# ग्रामीण क्षेत्रों में मजबूत होगा 4जी और 5जी नेटवर्क

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**भारतीय** टेलीकॉम टावर कंपनियां वित्त वर्ष 2025 और 2026 में ग्रामीण नेटवर्क के विस्तार और शहरी क्षेत्रों में सर्विस क्वालिटी सुधारने के लिए करीब 21,000 करोड़ रुपए निवेश करेंगी।

क्रिसिल रेटिंग्स की रिपोर्ट में बताया गया कि 5जी के रोलआउट के साथ-साथ बेहतर कवरेज और कनेक्टिविटी पर जोर देने से पिछले दो वित्तीय वर्षों में 23,000 करोड़ रुपए का पूंजीगत व्यय (कैपेक्स) हुआ है। क्रिसिल रेटिंग्स के डायरेक्टर आनंद कुलकर्णी ने कहा कि इंडस्ट्री ने पिछले दो वित्त वर्षों में 4जी और 5जी सेवाओं को सपोर्ट करने के लिए टावरों की संख्या जोरदार वृद्धि देखी है। अब जब 5जी सेवाओं का रोलआउट हो गया है, तो टेलीकॉम कंपनियों के नेटवर्क कैपेक्स में धीरे-धीरे कमी आने की उम्मीद है। रिपोर्ट में कहा गया कि आने वाले समय में भी हम टावरों की संख्या में बढ़ोतरी देखेंगे, क्योंकि कवरेज में बढ़त पाने के लिए कंपनी टावर पोर्टफोलियो का विस्तार करेंगी।



### ग्रामीण क्षेत्रों में टावर घनत्व पर रहेगा फोकस

**कुलकर्णी** ने कहा कि टेलीकॉम कंपनियों का ध्यान कम पहुंच वाले ग्रामीण क्षेत्रों में टावर घनत्व पर रहेगा, जहां वित्तीय वर्ष 2024 के अंत में टेली घनत्व केवल 59 प्रतिशत था, जबकि शहरी क्षेत्रों में यह 134 प्रतिशत था। कुछ टेलीकॉम कंपनियों की ओर से अपने 4जी और 5जी कवरेज का विस्तार करने की योजना भी टावर कैपेक्स को बढ़ा सकती है। रिपोर्ट के मुताबिक, हाल के वर्षों में, टेलीकॉम इंडस्ट्री में कंसोलिडेशन के कारण टावर कंपनियों के किरायेदारी अनुपात में गिरावट देखने को मिली है।

### बीते दो साल में 58,000 नए टावर लगे

**रिपोर्ट** के मुताबिक, बीते दो साल के दौरान टेलीफोन टावर सेक्टर में जोरदार बढ़ोतरी देखने को मिली है। वित्त वर्ष 2023 और 2024 के दौरान इन कंपनियों ने कुल 58,000 नए टावर जोड़े। हाल के वर्षों में टेलीकॉम इंडस्ट्री में कंसोलिडेशन के कारण टावर कंपनियों के किरायेदारी अनुपात में गिरावट देखने को मिली है। टेलीकॉम इंडस्ट्री में कंसोलिडेशन से मूल्य निर्धारण की क्षमता टेलीकॉम कंपनियों के पास चली गई है।

## न्यूज ब्रीफ

### लालपानी में मिला व्यक्ति का सड़ा-गला शव

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** राजधानी के लालपानी क्षेत्र में पुलिस को एक अज्ञात व्यक्ति का सड़ा गला शव बरामद हुआ है। इससे लोगों के बीच सनसनी फैल गई है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए आईजीएमसी भेज दिया है। अब तक शव की शिनाख्त नहीं हो पाई है। पुलिस के मुताबिक मृतक की उम्र करीब 50 से 55 वर्ष है। शव गली-सड़ी अवस्था में था और पिछले कई दिनों से सुनसान जगह झाड़ियों में पड़ा था। सोमवार को इस जगह से जब बदबू आने लगी, तो स्थानीय लोगों को झाड़ियों में शव के पड़े होने का पता चला। इसके बाद सदर पुलिस को सूचित किया गया। व्यक्ति की मौत किन कारणों से हुई है, इसका खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर होगा।

### पुलिस भर्ती : आवेदन में शुद्धि 3 दिसंबर तक

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश पुलिस कांस्टेबल भर्ती को लेकर बड़ी अपडेट है। अभ्यर्थी ऑनलाइन भर्ती आवेदन यानी ओआरए में शुद्धि कर सकता है। इसके लिए हिमाचल प्रदेश लोक सेवा आयोग ने 3 दिसंबर का समय दिया है। बता दें कि हिमाचल प्रदेश लोक सेवा आयोग ने पुलिस कांस्टेबल से 1088 पदों पर भर्ती प्रक्रिया शुरु की है। इसमें कांस्टेब पुरुष के 708 और महिला के 380 पद हैं। आयोग को हिमाचल प्रदेश पुलिस विभाग में विशेष ड्यूटी के लिए कांस्टेबल (पुरुष और महिला) के पदों के लिए अपने ऑनलाइन भर्ती आवेदन यानी ओआरए में सुधार के लिए उम्मीदवारों से बहुत सारे अभ्यावेदन प्राप्त हो रहे हैं। इस पर आयोग ने उम्मीदवारों के हित में फैसला लिया है। संबंधित अपने ऑनलाइन भर्ती आवेदन यानी ओआरए में आवश्यक सुधार जैसे श्रेणी परिवर्तन, नाम परिवर्तन, पिता का नाम, माता का नाम सुधार आदि के लिए 3 दिसंबर तक ई-मेल आईडी यानी so.setbranch@gmail.com या ऑफलाइन मोड के माध्यम से आयोग को अभ्यावेदन कर सकते हैं।



### ताबो का न्यूनतम तापमान -10.4 डिग्री

**अनंत ज्ञान, शिमला।** बीते दिनों हुई बर्फबारी के बाद हिमाचल प्रदेश के कई क्षेत्रों में शीतलहर बढ़ गई है। कई स्थानों पर न्यूनतम तापमान में गिरावट से ठिठुरन बढ़ गई है। ताबो का न्यूनतम तापमान इस सर्दी के सीजन में पहली बार-10.4 डिग्री सेल्सियस तक गिर गया है। तीन अन्य स्थानों का न्यूनतम पारा भी माइनस में चल रहा है। शिमला के न्यूनतम तापमान में भी भारी गिरावट दर्ज की गई है। शिमला में 25 नवंबर को न्यूनतम तापमान 9.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। मंगलवार को यह 7.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। हालांकि, सोलन व ऊना का न्यूनतम पारा शिमला से भी कम दर्ज किया गया है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के अनुसार 29 नवंबर से एक नए पश्चिमी विक्षोभ के पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र में सक्रिय होने की संभावना है। इसके प्रभाव से राज्य के लाहौल-स्पीति, चंबा, कांगड़ा, किन्नौर व कुल्लू जिले के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बारिश-बर्फबारी का पूर्वानुमान है। 30 नवंबर व 2 दिसंबर को इन क्षेत्रों में बारिश-बर्फबारी हो सकती है। उधर, बिलासपुर और सुंदरनगर क्षेत्र सुबह-शाम 28 नवंबर तक घना कोहरा छाए रहने की संभावना है।



### नशामुक्त भारत अभियान के तहत केंद्र को प्रस्ताव भेजेगा हिमाचल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** प्रदेश सरकार नशामुक्त हिमाचल बनाने के लिए 'नशामुक्त भारत' अभियान के तहत केंद्र सरकार को विस्तृत प्रस्ताव भेजेगी। इस प्रस्ताव में प्रदेश में नशामुक्ति केंद्र खोलने सहित विभिन्न क्रियाकलापों का विवरण शामिल किया जाएगा। इसी प्रस्ताव के आधार पर केंद्र सरकार से नशामुक्त भारत अभियान के तहत वित्तीय सहायता का आग्रह किया जाएगा। अभियान के तहत सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, मामले पर आवश्यक कार्रवाई कर रहा है। इसी अभियान के तहत आज यहां राज्य स्तरीय नशामुक्त अभियान समिति की पहली बैठक का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता सचिव सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता आशीष सिंघमार ने की। आशीष सिंघमार ने विभाग के अधिकारियों को जिला स्तर पर जिला नशामुक्त अभियान समिति के तहत विस्तृत प्रस्ताव बनाने के दिशा-निर्देश जारी किए। राज्य स्तरीय प्रस्ताव को शीघ्र ही अंतिम रूप देने के लिए उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

### कर्मचारियों पर एचपीटीडीसी के चेयरमैन ने किया पलटवार

# झूठे आंकड़े बर्दाश्त नहीं होंगे, आरोप साबित हुए तो होगी कार्रवाई : बाली

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास निगम (एचपीटीडीसी) के चेयरमैन आरएस बाली ने उन पर कर्मचारियों द्वारा आंकड़ों से संबंधित लगाए गए आरोपों पर पलटवार किया है। मंगलवार को शिमला में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान आरएस बाली ने कहा कि कर्मचारियों ने निगम प्रबंधन पर हाईकोर्ट में झूठे गलत आंकड़े देने के आरोप लगाए हैं। यदि प्रबंधन ने गलत आंकड़े दिए हैं, तो कर्मचारी उसे लेकर एफिडेविड दें।

जांच में आरोप सही पाए गए तो संबंधित अधिकारियों पर डिसिप्लेनरी एक्शन लिया जाएगा। आरएस बाली ने कहा कि यदि कर्मचारियों ने प्रेस कांफ्रेंस में झूठ बोलने के लिए गलत बोला तो यह बर्दाश्त नहीं होगा। ऐसे में कार्रवाई होनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि एक कमेटी गठित करके आंकड़े वाली बात को चेक किया जाएगा। यूनियन का काम लोगों के हित की बात करना है। दरअसल कर्मचारियों ने आरएस बाली पर गंभीर आरोप लगाए थे। बाली ने कहा उनके पिता जीएस बाली जब टूरिज्म मिनिस्टर बने थे तो उन्होंने एक भी रुपया निगम का नहीं देना था।



बाली ने कहा, जब उन्हें चेयरमैन बनाए गया तो उन्होंने भी चिट्ठी लिखी कि मेरा जो भी बिला होगा, उसका भुगतान वह खुद करेंगे। उनकी एक रुपए की भी देनदारी नहीं है। मुझे सरकार ने गाड़ी व स्टाफ दे रखा है। मगर मैं अपनी पर्सनल गाड़ी में चलता हूं।

बाली ने कहा कि एचपीटीडीसी में सब कुछ ठीक है। हाईकोर्ट ने सभी होटल बिना किसी शर्त के खुला रखने के आदेश दिए है। वह कोर्ट के आदेशों का स्वागत करते हैं।

उन्होंने कहा कि 2022-23 और 2023-24 में क्रमश: 105 करोड़ और 109 करोड़ रुपए का एचपीटीडीसी का रिकॉर्ड टर्न ओवर रहा है। घाटे के कारण गिनाते हुए बाली ने कहा कि पूर्व भाजपा सरकार ने पांच साल में अपने कर्मचारियों को 29 करोड़ रुपए के वित्तीय लाभ दिए, जबकि कांग्रेस सरकार ने दो साल से भी कम समय में 35 करोड़ रुपए के लाभ कर्मचारियों को दिए।

उन्होंने कहा कि नए वेतनमान के कारण वित्तीय बोझ बड़ा है। आरएस बाली ने कहा साल 1998 तक एचपीटीडीसी 18 लाख के मुनाफे में था। 1999 में जैसे ही राकेश पठानिया एचपीटीडीसी के वाइस चेयरमैन बने, इसके बाद 5 साल तक निगम लगातार घाटे में रहा। पठानिया ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में 7 करोड़ के फायदे का दावा किया, जबकि सच्चाई यह है कि 2002-03 में 1.88 करोड़ का नुकसान था। बाली ने पूर्व मंत्री राकेश पठानिया पर भी झूठ बोलने का आरोप लगाया।

**कहा-यदि प्रबंधन ने गलत आंकड़े दिए हैं, तो कर्मचारी उसे लेकर एफिडेविड दें**

उन्होंने कहा कि पठानिया कहते हैं कि भाजपा सरकार के कार्यकाल में चायल पैलेस होटल 4.50 करोड़ के घाटे में था, जबकि सच्चाई यह है कि जिस साल पठानिया 4.50 करोड़ मुनाफे की बात कर रहे हैं, उस दौरान चायल पैलेस होटल का टर्न ओवर 2 करोड़ से भी कम था।

## बिलासपुर में दो नेपाली महिलाओं व व्यक्ति से पौने सात किलो चरस बरामद



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

बिलासपुर पुलिस की टीम ने इस साल की सबसे बड़ी चरस की खेप के साथ दो नेपाली महिलाओं सहित एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। यह तीनों नेपाली लोग 6 किलो 805 ग्राम चरस के साथ पकड़े गए हैं। जिला पुलिस की स्पेशल डिटैक्शन टीम ने कीरतपुर-नेरचैक फोरलेन पर बलोह प्लाजा के नजदीक मल्लयावर संपर्क सड़क के पास नाका लगाया था।

इस दौरान कुल्लू की तरफ से एक कार नंबर डीएल5-सीजे-3249 आई। पुलिस ने संबंधित कार को निरीक्षण के लिए रोका। कार में तीन लोग सवार थे, जिसमें एक पुलिस व दो महिलाएं शामिल थीं। पुलिस ने जब कार की पिछली सीट पर बैठी एक महिला के पैर के पास रखे गए बैग की तलाशी ली तो उससे 6.805 किलो चरस बरामद हुई।

आरेपियों की पहचान कार चालक धनराज (44) निवासी 5.90बी कुरींजी नगर, सुंडापलयम, डाकघर केएन पलयम कोयंबटूर, खिम कुमारी (37 ) पत्नी रन बहादुर निवासी रिसीखोला जिला बागलुंड-नेपाल व सानु माया (41) पत्नी फुल बहादुर निवासी खनियाबास गाउंपालिका-2 नेपाल के रूप में हुई है। पुलिस प्रवक्ता डीएसपी बिलासपुर मदन धीमान ने मामले की पुष्टि की है।

## युवाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करवाएगी क्रैक संस्था : सुक्खू

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि प्रदेश के 6,800 युवाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं की नि:शुल्क तैयारी के लिए क्रैक अकादमी 34 करोड़ रुपए की छात्रवृत्ति प्रदान करेगी।



उन्होंने कहा कि प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में इस संस्था के माध्यम से 100 विद्यार्थियों का चयन कर उन्हें छात्रवृत्ति प्रदान कर विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए तैयार किया जाएगा।

प्रदेश के छठी कक्षा से लेकर स्नातक स्तर तक के विद्यार्थियों को इस संस्था के माध्यम से विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं सहित कौशल विकास पर भी जानकारी प्रदान की जाएगी। इससे पूर्व क्रैक अकादमी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी नीरज कंसल ने 'समावेशी शिक्षा की ओर यात्रा' विषय पर विस्तृत प्रस्तुति दी।

वहीं सीएम सुक्खू ने नई दिल्ली में प्रगति मैदान में आयोजित 43वें अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले का दौरा किया। 14 नवंबर से शुरू हुआ यह मेला 27 नवंबर तक चलेगा।

## किसी का 1 किलो गोबर बिका नहीं और मुख्यमंत्री कहते हैं कि गारंटी पूरी हो गई : जयराम ठाकुर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि प्रदेश में किसी का भी 1 किलो गोबर नहीं बिका और मुख्यमंत्री कह रहे हैं कि हमने गोबर खरीदने की गारंटी पूरी कर दी है। प्रदेश के लोग यह जानना चाहते हैं कि यह गोबर किन लोगों का खरीदा गया है और गारंटी कैसे पूरी हुई है। इस तरह झूठ बोलकर सरकार चलाने वाले मुख्यमंत्री देश भर में कांग्रेस की बुरी हार के के लिए ईवीएम को जिम्मेदार ठहराते हैं।

झूठ बोलकर सरकार चलाने और सरकार में रहकर झूठ बोलने के सारे रिकॉर्ड मुख्यमंत्री महोदय ने 2 साल से कम समय में ही तोड़ दिए हैं। पहले कहते हैं हमने गारंटी हैं कहां दी थी, अब कहते हैं की हमने गारंटियां पूरी कर दी है। उनकी बातें सुनकर प्रदेश के लोग अब पूछ रहे हैं कि वह गारंटिया किसकी पूरी हुई है? जिसके पूरा होने का दावा मुख्यमंत्री मीडिया समेत अन्य राजनीतिक मंचों पर करते हैं।



नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि नौकरी देने के नाम पर आई सरकार नौकरियां ले रही है, पद खत्म कर रही है, युवाओं से रोजगार के अवसर छीन रही है। मुख्यमंत्री प्रदेश भर में घूम-घूम कर कह रहे हैं कि हमने 680 करोड़ रुपए की स्टार्टअप योजना की गारंटी को पूरी कर दी है।

मीडिया में उनके बयान देख सुनकर प्रदेश के युवा सिप4 आपस में ही नहीं पूछ रहे हैं कि यह योजना कब लागू हुई बल्कि वह विपक्ष के नेताओं से भी पूछ रहे हैं कि स्टार्ट अप योजना के 680 करोड़ रुपए मुख्यमंत्री द्वारा किसे दिए गए और उन पैसों से क्या किया गया? प्रदेश के मुख्यमंत्री स्वयं बताएं कि यदि वह कह रहे हैं कि 680 करोड़ रुपए की स्टार्टअप योजना की गारंटी हमने पूरी कर दी है तो वह पैसा किन लोगों को दिया गया है और उन पैसों से कौन से स्टार्टअप शुरू किए गए हैं?

सरकार सिर्फ जुबानी जमा खर्च से काम चलाना चाहती है। झूठ बोलकर सत्ता को बचाए रखना चाहती है। विपक्ष पर आरोप लगाकर अपनी जवाबदेही से भागना चाहती है, लेकिन यह सब कितने दिन कर सकती है? अब सरकार अपने दूसरे साल के कार्यकाल पूरा होने के जश्न मनाने की तैयारी कर रही है और अपनी नाकामी का सारे दोष विपक्ष पर मढ़ रही है।

## चंबा में कसमल की 70 क्विंटल जड़ें बरामद, 10 लोग रंगे हाथ पकड़े

**अनंत ज्ञान, चंबा**

चंबा जिले के वन मंडल चुराह के दायरे में आने वाले क्षेत्रों में इन दिनों कसमल की जड़ों को उखाड़ने का काम चला हुआ है। इस काम की आड़ में कुछ लोग अवैध रूप से वन भूमि से कसमल की जड़ों को निकालने से गुरेज नहीं कर रहे हैं। इस बात की भनक लगते ही वन मंडल चुराह ने 10 लोगों को रंगे हाथ धर दबोचा।



**1.42 लाख रुपए का लगा जुर्माना**

आरोपियों के कब्जे से 70 क्विंटल कसमल की जड़ों को जब्त किया। वन विभाग ने आरोपियों पर 1 लाख 42 हजार रुपए का जुर्माना लगाया है। वन मंडल चुराह (सलूणी) पकड़ी गई इन वन संपदा को सरकार से अनुमति लेकर आने वाले दिनों में नीलाम करने की प्रक्रिया को अंजाम देगा। वन विभाग के कड़े रुख को देखते हुए अवैध रूप से वन भूमि से कसमल की जड़ों को निकालने वालों में हड़कंप मच गया है। गौरतलब है कि लोग निजी भूमि से कसमल उखाड़ने की अनुमति प्राप्त करते हैं, लेकिन बाद में वह वन भूमि में मौजूद कसमल को उखाड़कर वन संपदा को नुकसान पहुंचाते हुए अपनी जेबें भरने में रुचि दिखाते हैं।

सरकारी भूमि से कसमल उखाड़ने पर रोक यही वजह है कि कुछ साल पहले किहार, भांदल व सनवाल तथा वन मंडल चंबा के दायरे में आने वाले साहो क्षेत्र में इस कार्य को लेकर काफी विवाद रहा था। इन तमाग बातों को ध्यान में रखते हुए वन मंडल चुराह ने कसमल निकालने वालों पर पैनी निगाहें लगा रखी है।

उधर, वन विभाग के कड़े रुख को देखते हुए अवैध रूप से वन भूमि से कसगल की जड़ों को निकालने वालों में हड़कंप मच गया है। वन मंडल अधिकारी चुराह की मानें, तो जो भी सरकारी भूमि में ऐसा करता हुआ पाया जाएगा तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई होगी।

## गोबिंदसागर झील में शुरू होगी पैरासेलिंग वाटर स्पोर्ट्स एक्टिविटी

**शुभम राही, बिलासपुर**

अगर आप पैरासेलिंग करने के शौकिन हैं तो आपको इसका आनंद उठाने के लिए दुबई या फिर गोवा जैसे पर्यटन स्थलों पर जाने की जरूरत नहीं है। बिलासपुर जिला में भी अब पर्यटन इसका आनंद ले सकते हैं। जी हां, बिलासपुर जिला प्रशासन गोबिंदसागर झील में पहली बार पैरासेलिंग वाटर स्पोर्ट्स एक्टिविटी शुरू करने जा रहा है। बिलासपुर जिला के मंडी-भराड़ी क्षेत्र से इसका संचालन किया जाएगा। इस तरह की एक्टिविटी शुरू करने वाला बिलासपुर जिला पूरे नॉर्थ इंडिया का नंबर वन जिला बनने जा रहा है।

28 नवंबर को यह पैरासेलिंग बोट बिलासपुर में पहुंचने जा रहा है। वहीं, दो माह के लिए बिलासपुर की गोबिंदसागर झील में इसको ट्रायल बेस पर शुरू किया जा रहा है। दो माह के बाद इसको प्रशासन और पर्यटन विभाग की टेक्निकल कमेटी इसको अंतिम मंजूरी देगी। डेढ़ करोड़ की लागत से यह बोट बिलासपुर लाया जा रहा है।



**28 नवंबर को पैरासेलिंग बोट बिलासपुर पहुंचेगा**

आपको बता दें कि बिलासपुर जिले में वर्तमान में कई प्रमुख पर्यटन परियोजनाओं पर कार्य चल रहा है। इनमें वाटर टूरिज्म सबसे बड़ा प्रोजेक्ट है। गोबिंदसागर झील में क्रूज, शिकारा और अन्य जलक्रीड़ा गतिविधियां शुरू कर दी गई हैं, जिनका शुभारंभ मुख्यमंत्री द्वारा किया गया था। अब जल्द ही इसी के साथ कोलडैम में वाटर टूरिज्म और एडवेंचर स्पोट्स गतिविधियां शुरू होंगी, जो बिलासपुर को अंतरराष्ट्रीय पर्यटन मानचित्र पर स्थापित करेंगी। इसके अलावा, मंडी भराड़ी में व्यू प्वाइंट, वे-साइड एम्युनिटीज, स्काई ग्लास ब्रिज और फ्लाइंग होटल जैसी योजनाएं प्रस्तावित हैं। औहर में अंतरराष्ट्रीय स्तर का होटल और अन्य बड़े पर्यटन ढांचे की योजनाएं भी बनाई जा रही हैं। इन परियोजनाओं का उद्देश्य बिलासपुर जिले को हिमाचल प्रदेश के प्रमुख पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित करना है।

बिलासपुर जिला को एक नई पहचान दिलाने में उपायुक्त आबिद हुसैन सादिक की मुख्य भूमिका रही हैं। इससे पहले उपायुक्त आबिद हुसैन सादिक द्वारा जिला में क्रूज, शिकारा राइड, हाउसबोट, हाई-टेक मोटरबोट, जेट स्कीज और वाटर स्कूटर गतिविधियों को शुरू किया गया है।

अब दूसरी ओर पैरासेलिंग शुरू होने से बिलासपुर जिला में पर्यटकों का अधिक पहुंचना भी लाजमी हो जाएगी। उपायुक्त का कहना है कि बिलासपुर जिला को एक अलग पहचान देना और जिला में रोजगार के अवसर प्रदान करना उनका मुख्य मकसद हैं। (अनंत ज्ञान)

**अनंत ज्ञान स्पैशल**

### क्या है पैरासेलिंग

पैरासेलिंग में विशेष रूप से डिजाइन किया पैराशूट होता है, जिसे पैरासेल कहा जाता है। इसे या तो नाव या वाहन द्वारा खींचा जाता है। ऑपरेटर के पास इसका नियंत्रण होता है। इसका अधिकतर प्रयोग दुबई या गोवा पर किया जाता है।

> 28 नवंबर को बिलासपुर में पैरासेलिंग वोट पहुंचने जा रहा है। डेढ़ करोड़ की लागत का यह बोट है, पूरे नॉर्थ इंडिया में इस तरह की कोई भी एक्टिविटी नहीं होती है। बिलासपुर जिला इसको शुरू करने वाला नॉर्थ इंडिया का पहला जिला बनेगा।



**-आबिद हुसैन सादिक**
**डीसी बिलासपुर।**

**गुड न्यूज**

### कालका-शिमला हेरिटेज रेलवे ट्रैक पर दौड़ेगी पैनोरमिक विस्टाडोम ट्रेन

# एसी और साउंड प्रूफ कोच में सफर का आनंद लेंगे पर्यटक

**आर मोहन चौहान, सोलन**

क्रिसमस और न्यू ईयर पर देश विदेश से शिमला आने वाले पर्यटक इस बार कालका-शिमला हेरिटेज रेलवे ट्रैक पर पैनोरमिक विस्टाडोम ट्रेन के सफर का आनंद ले सकते हैं। रेलवे ने कालका-शिमला हेरिटेज रेलवे ट्रैक पैनोरमिक विस्टाडोम ट्रेन का अंतिम ट्रॉयल सफलतापूर्वक कर लिया है।

रेलवे अधिकारियों की मानें तो रेलवे मंत्रालय पर्यटकों के आकर्षण के लिए इस ट्रेन को क्रिसमस और न्यू ईयर पर शुरू कर सकता है। इस विशेष ट्रैन का किराया कितना होगा यह तय करना बाकी है।

पैनोरमिक विस्टाडोम ट्रेन की खास बात है कि इसमें यात्रियों को बेहतर सुविधाएं मिलने के साथ पहाड़ों की सुंदरता निहारने में आसानी होगी। पैनोरमिक विस्टाडोम ट्रेन की स्पीड भी सामान्य ट्रैन से अधिक है जो कालका-शिमला रेलवे ट्रैक के कुछ ही स्टशनों पर रूकेगी। रेलवे की योजना सफल होने पर प्रदेश में पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा।



**विस्टाडोम ट्रेन का सफल ट्रायल:** पैनोरमिक विस्टाडोम ट्रेन का पिछले दिनों अंतिम सफल ट्रायल किया गया। कालका-शिमला विश्व धरोहर रेलवे ट्रैक पर मंत्रालय की टीम ने शिमला रेलवे स्टेशन से पैनोरमिक विस्टाडोम ट्रेन का आखिरी ट्रायल किया गया। शिमला रेलवे स्टेशन से सात कोच वाली पैनोरमिक ट्रेन सुबह करीब 11:50 बजे कालका के लिए रवाना हुई। ट्रायल के दौरान ट्रेन की स्पीड भी 25 किलोमीटर प्रति घंटा के बीच रही। इस ट्रैक पर अन्य ट्रेनें भी 25 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार में चलती हैं। रेलवे विभाग की संयुक्त टीमों की देखरेख में 25 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से यह ट्रायल किया गया। इस दौरान शोघी में गाड़ी में लगाए गए सेंसरों की जांच भी की गई। इससे पहले ट्रेन का 22 घंटे प्रतिघंटे की रफ्तार से सफल ट्रायल किया जा चुका है।

**विस्टाडोम एसी कोच और साउंड प्रूफ:** पैनोरमिक विस्टाडोम एसी कोच में यात्रियों को कई आधुनिक सुविधाएं मिलेंगी। इसके एसी कोच साउंड प्रूफ हैं, जिससे बाहर का शोर यात्रियों को परेशान नहीं करेगा। पहली बार कोच में एयर ब्रेक दी गई है। पैनोरमिक विंडों में शीशे बड़े होने के साथ ही छत तक होते हैं, जिससे यात्री बाहर के नजारों का बेहतर तरीके से लुत्फ उठा सकेंगे।

रेलवे अंबाला के सीनियर डीसीएम ने बताया कि ट्रेन का ट्रायल किया गया है। इसमें यात्रियों को बेहतर सुविधाएं देने का प्रयास किया जा रहा है। ट्रायल की रिपोर्ट आने के बाद आगामी कदम उठाए जाएंगे। सीसीआरएस की रिपोर्ट आने के बाद ही रेल मंत्रालय पैनोरमिक विस्टाडोम कोच को चलाने का निर्णय लेगा।

## विधानसभा अध्यक्ष पठानिया का विदेश दौरा संपन्न, स्वदेश लौटे

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया 22 दिनों का विदेश दौरा संपन्न कर मंगलवार को स्वदेश लौट आए हैं। उनके साथ विधान सभा सचिव यशपाल शर्मा भी स्वदेश लौट आए हैं। विधानसभा अध्यक्ष का यह दौरा कई मायनों में सफल, शिक्षाप्रद तथा व्यवहारिक था। इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष चार देशों क्रमश: ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, जापान तथा दक्षिण कोरिया के अध्ययन प्रवास पर रहे।

विधान सभा अध्यक्ष ने जहां टोक्यो तथा सियोल में भारतीय दूतावास का दौरा कर आर्थिक, सामाजिक, राजनितिक तथा सांस्कृतिक विषयों पर गहन चर्चा की वहीं पर्यटन की दृष्टि से उन्नत एवं विकसित स्थलों का भी दौरा किया। पठानिया ने कहा कि 67वें राष्ट्रमंडल संसदीय सम्मेलन में भाग लेना, अंतरराष्ट्रीय मंच पर संबोधित करना मेरे लिए एक अविस्मरणीय पल था, जहां पर देश-विदेश के बेहतरीन वक्ता मौजूद थे।



स्वदेश लौटने से पूर्व पठानिया ने दक्षिण कोरिया की राजधानी सियोल में स्थित भारतीय दूतावास का दौरा किया तथा दक्षिण कोरिया में भारत के राजदूत अमित कुमार तथा अन्य अधिकारियों से मुलाकात की। मुलाकात के दौरान आजकल भारत तथा दक्षिण कोरिया के आपसी संबंधों, दोनों देशों के आर्थिक, वाणिज्यिक तथा राजनितिक संबंधों पर चर्चा की गई। इस अवसर पर राजदूत अमित कुमार ने कहा कि भारत तथा दक्षिण कोरिया के आपस में मजबूत रिश्ते है, जिसके चलते दोनों देशों के आयात तथा निर्यात में निरन्तर वृद्वि हो रही है ।

# मेरे हमसफर के नाम रही शाम ए गजल

## खबर अभी अभी की विशेष पेशकश

### कार्यक्रम में करवाचौथ के उपलक्ष्य पर आयोजित फोटो कॉन्टेस्ट के 21 विजेताओं को विधायक विनोद सुल्तानपुरी और विक्की चौहान द्वारा सम्मानित किया गया।

**खबर अभी अभी ब्यूरो सोलन:** रविवार को खबर अभी अभी द्वारा मेरे हमसफर सम्मान समारोह 2024 एवं शाम ए गजल का आयोजन किया गया। जिसमें कसौली के विधायक विनोद सुल्तानपुरी वतौर मुख्य अतिथि वही विशिष्ट अतिथि हिमाचली लोक गायक विश्की चौहान और अशोक ठाकुर पहुंचे। वही होली हेवन पब्लिक स्कूल के ऑनर VN शर्मा भी मौजूद रहे। कार्यक्रम में मंच का संचालन संजय ठाकुर द्वारा किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्यातिथि द्वारा दीप प्रज्वलन कर की गई। वही सबर अभी भी के MD मनीष कुमार और खबर अभी अभी की डायरेक्टर सीमा कश्यप द्वारा मुख्यातिथि को शॉल टोपी और स्मृति चिन्ह दे कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में लिया सिंह ने भी अपनी प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में करवाचौथ के उपलक्ष्य पर आयोजित फोटो कॉन्टेस्ट के 21 विजेताओं को विधायक विनोद सुल्तानपुरी और विक्की चौहान द्वारा सम्मानित किया गया। वहीं शाम ए गजल कार्यक्रम में हिमाचल के सुप्रसिद्ध गायक प्रवेश निहालत और उनकी टीम द्वारा कार्यक्रम में मौजूद अतिधियों का मनोरंजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य प्रायोजक राजेश एंड कंपनी सोलन, OKAYA EV, हिमाचल हाउस, पीयूष कार बाजार सोलन, फूड विलेज सुल्तानपुर सोलन, अनायास एप्पल एजेंसी, जेएम योर्टरी, क्रिएशम थे। इस विषय पर जानकारी देते हुए कसौली के विधायक विनोद सुल्तानपुरी ने यताया कि खबर अभी-अभी द्वारा मेरे हमसफर सम्मान समारोह एवं शाम ए गजल का आयोजन किया गया जिसमें 21 प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि इस तरह के आयोजन से लोगों में उत्साह नढ़ता है साथ ही खवर अभी-अभी द्वारा किया गया यह एक सराहनीय कार्य है इस विषय पर जानकारी देते हुए हिमावली लोक गायक विस्की चौहान ने बताया कि खबर अभी-अभी के एमडी मनीष कुमार द्वारा मेरे हमसफर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया जिसमें उन्हें विशेष अतिथि के रूप में आने का मौका मिला साथ ही उन्होंने कहा कि भविष्य में भी इस तरह के कार्य होते रहने चाहिए। यही इस मौके पर खबर अभी-अभी द्वारा करवा चौथ के उपलक्ष पर आयोजित फोटो कांटेस्ट में भाग लेने से प्रतिभागियों ने बताया कि खबर अभी अभी ने करवा चौथ के उपलक्ष पर एक फोटो कंटेस्ट करवाया जिसमें हमें भाग लेने का मौका मिला साथ ही आज खबर अभी अभी के मुख्य अतिथि द्वारा उन्हें सम्मानित किया गया है जिससे उन्हें एक नया अनुभव प्राप्त हुआ है साथ ही उन्होंने कहा कि इस तरह की आयोजन भविष्य में भी होते रहने चाहिए।



शाम ए गजल कार्यक्रम में क्लासिकल डांसर सिया सिंह मनमोहक कथक नृत्य प्रस्तुत करते हुए।



खबर अभी अभी के शाम ए गजल कार्यक्रम में प्रस्तुति देते प्रसिद्ध ग़ज़ल गायक प्रवेश निहालटाने गजल गायकी से सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम में ग़ज़ल गायक प्रवेश निहालटाका बेटे हार्दिक निहालटा ने भी जमाया रंग।



कार्यक्रम के शुभारम्भ के दौरान मुख्य अतिथि विधायक विनोद सुल्तानपुरी के साथ दीप प्रज्वलित करते एमडी मनीष कुमार और निदेशक सीमा कश्यप।



शाम ए गजल कार्यक्रम के सम्मान समारोह के विशेष अतिथि लोक गायक विक्की चौहान लिटल मास्टर मयंक भास्कर के साथ।



खबर अभी अभी के शाम ए गजल कार्यक्रम और सम्मान समारोह में पहुंचे मुख्य अतिथि विधायक विनोद सुल्तानपुरी का स्वागत करते एमडी मनीष कुमार



खबर अभी अभी के एमडी मनीष कुमार मुख्य अतिथि कसौली के विधायक विनोद सुल्तानपुरी को शॉल टोपी और स्मृति चिन्ह भेंट करते हुए।



खबर अभी अभी के एमडी मनीष कुमार राजेश ठाकुर एंड कंपनी के मालिक अशोक ठाकुर को स्मृति चिन्ह भेंट करते हुए।



शाम ए गजल कार्यक्रम और सम्मान समारोह में विशेष अतिथि पहुंचे व्यवसायी अशोक ठाकुर का स्वागत करते खबर अभी अभी केएमडी मनीष कुमार।



शाम ए गजल कार्यक्रम में सम्मानित हुए करवा चौथ फोटो कांटेस्ट के विजेता कपल्स सामूहिक चित्र में मुख्य अतिथि के साथ।



शाम ए गजल कार्यक्रम में मयंक भास्कर अपने दोस्तों के साथ।



करवा चौथ फोटो कॉन्टेस्ट विजेता अमिता एवं किशोर को सम्मानित करते मुख्यातिथि।



खबर अभी अभी के शाम ए गजल कार्यक्रम का आनंद लेते विशेष अतिथि व अन्य।



शाम ए गजल कार्यक्रम में खबर अभी अभी के मोटिवेशनल स्पीकर पहुंचे अनुराग अवस्थी और उनकी पत्नी को सम्मानित करते मुख्य अतिथि।



शाम ए गजल कार्यक्रम में करवा चौथ फोटो कॉन्टेस्ट विजेता पल्वी साहनी एवं दीपक साहनी की तरफ से अजय साहनी पुरस्कार लेते हुए।



करवा चौथ फोटो कॉन्टेस्ट विजेता मीरा एवं अनंत को सम्मानित करते मुख्यातिथि।



करवा चौथ फोटो कॉन्टेस्ट विजेता लीला एवं दलीप को सम्मानित करते मुख्यातिथि।



शाम ए गजल कार्यक्रम में पहुंचे विशाल वर्मा एवं प्रियंका को सम्मानित करते मुख्य अतिथि।



शाम ए गजल कार्यक्रम में करवा चौथ फोटो कॉन्टेस्ट विजेता नविका एवं मोहित को सम्मानित करते मुख्यातिथि।



करवा चौथ फोटो कॉन्टेस्ट विजेता सरिता एवं नारायण को सम्मानित करते मुख्यातिथि।



करवा चौथ फोटो कॉन्टेस्ट विजेता माला एवं नरेश गांधी को सम्मानित करते मुख्यातिथि।



करवा चौथ फोटो कॉन्टेस्ट विजेता दीपिका एवं अखिल को सम्मानित करते मुख्यातिथि।



लोक गायक विक्की चौहान को सम्मानित करते खबर खबर अभी के एमडी मनीष कुमार।



करवा चौथ फोटो कॉन्टेस्ट विजेता अंजलि एवंगौरव को सम्मानित करते मुख्यातिथि।



करवा चौथ फोटो कॉन्टेस्ट विजेता अंजू एवं अरुण को सम्मानित करते मुख्यातिथि।



करवा चौथ फोटो कॉन्टेस्ट विजेता डॉ सविता अग्रवाल एवं डॉ संजय अग्रवाल को सम्मानित करते खबर अभी अभी के एमडी मनीष कुमार



क्लासिकल डांसर सिया सिंह को सम्मानित करते मुख्य अतिथि।



करवा चौथ फोटो कॉन्टेस्ट विजेता पलवी एवं राजीव को सम्मानित करते मुख्यातिथि।



करवा चौथ फोटो कॉन्टेस्ट विजेता नीतू एवं सोनू को सम्मानित करते मुख्यातिथि।



शाम ए गजल कार्यक्रम में करवा चौथ फोटो कॉन्टेस्ट विजेता पारुल एवं करण को सम्मानित करते मुख्यातिथि।



शाम ए गजल कार्यक्रम में पहुंचे पत्रकार नवीन सूद और उनकी पत्नी को सम्मानित करते मुख्य अतिथि विधायक विनोद सुल्तानपुरी।

## न्यूज ब्रीफ

### 12.63 ग्राम चिट्टे के साथ दो गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान टीम, गगल, कांगड़ा।** पुलिस थाना गगल के तहत दो युवकों को चिट्टे सहित गिरफ्तार करने का मामला सामने आया है। दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया है। जानकारी के अनुसार अमृतसर के दो युवकों से पुलिस ने 12.63 ग्राम हेरोइन बरामद की है। युवकों की पहचान 21 वर्षीय आकाशदीप और दानवीर उर्फ दानिश निवासी फतेपुर, अमृतसर के रूप में हुई है। जल्दी से पैसा कमाने के चक्कर में मेहनत मजदूरी करने वाले इन युवकों ने अमृतसर के एक डीलर से हेरोइन खरीदी और प्रतिबंधित पदार्थ को बेचने के लिए कांगड़ा पहुंचे थे। जानकारी के अनुसार दोनों रजौल में बस से उतरे तथा पैदल अनसोई गांव की ओर जा रहे थे। इस दौरान नियमित रात्रि गश्त पर निकली गग्गल थाना पुलिस ने इन्हें गांव के पास रोक कर शक के आधार पर तलाशी तो उनके पास से 12.63 ग्राम हेरोइन बरामद की गई। मामले की पुष्टि करते हुए डीएसपी कांगड़ा अंकित शर्मा ने बताया कि इन दोनों पर एनडीपीएस अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है।

### स्प्रिंग डेल स्कूल में मनाया वार्षिक समारोह

**अनंत ज्ञान, डरोह।** स्प्रिंग डेल सीनियर सेकेंडरी स्कूल भेड़ूमहादेव में दो दिवसीय वार्षिक रंगारंग समारोह का आयोजन किया गया। इसमें जूनियर विंग में मुख्यातिथि की भूमिका एचडीएफसी बैंक के मेनेजर मनीष कुमार ने निभाई, जबकि सीनियर विंग में मुख्यातिथि के रूप में केएलबी डीएवी कॉलेज पालमपुर के डायरेक्टर डॉ. राजेंद्र राणा उपस्थित रहे। इस अवसर पर स्कूल के चेयरपर्सन राज राणा, डायरेक्टर अजय राणा, प्रिंसिपल प्रिया राणा व वाइस प्रिंसिपल संजय कुमार विशेष रुप से मौजूद रहे। इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत करके वाहवाही लूटी। अंत में प्रिंसिपल प्रिया राणा ने विद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट पढ़कर सुनाई। इसके साथ साथ स्कूल द्वारा अर्जित किए गए अवार्ड (अकेडमिक फेडरेशन प्राइवेट स्कूल) के विषय में बताया गया।



### डीएवी में संविधान दिवस पर दिया व्याख्यान



**अनंत ज्ञान, कांगड़ा।** डीएवी कॉलेज कांगड़ा में संविधान दिवस के उपलक्ष्य पर एक विशिष्ट व्याख्यान का आयोजन राजनीति शास्त्र विभाग द्वारा किया गया। राजनीति शास्त्र विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ शैलजा ठाकुर ने छात्र-छात्राओं को विशिष्ट व्याख्यान में संबोधित करते हुए कहा कि संविधान दिवस बाबा साहेब अंबेडकर के जन्मदिन को संविधान दिवस के रूप में मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि यह दिन भारतीय संविधान को अपनाने के उपलक्ष्य में एक राष्ट्रीय पर्व के रूप में मनाया जाता है। संविधान दिवस का उद्देश्य लोगों को संविधान की मूल बातें और इसके महत्व के बारे में जागरूक करना है। यह दिन हमें यह याद दिलाता है कि हम एक लोकतांत्रिक देश में रहते हैं, जहां सभी नागरिकों को समान अधिकार और स्वतंत्रता प्राप्त हैं।

### संविधान दिवस पर करवाईं प्रतियोगिताएं

**अनंत ज्ञान, परागपुर।** राजकीय बाल वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला परागपुर में 26 नवंबर का दिन संविधान दिवस के रूप में मनाया गया। प्रधानाचार्य सीमा कौशल की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में संविधान को लेकर स्कूली बच्चों की भाषण प्रतियोगिता, कविता पाठ, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। प्रधानाचार्य सीमा कौशल ने विद्यार्थियों को मौलिक अधिकार और कर्तव्यों के बारे में अवगत करवाया तथा आदर्श नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया।

### बिरसा मुंडा के जीवन पर डाला प्रकाश


**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां।** राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला टटैहल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विशेष आह्वान पर आदिवासी क्रांतिकारी व स्वतंत्रता सैनानी बिरसा मुंडा के 150वें जन्मदिन पर 15 से 26 नवंबर तक 12 दिन का पखवाड़ा मनाया गया। इस अवसर पर 12 दिन बच्चों ने बिरसा मुंडा के इतिहास व उनकी जीवनी पर विचार व्यक्त किए कि किस प्रकार उन्होंने आदिवासी लोगों के जीवन स्तर को सुधारने के प्रयत्न किए व देश की आजादी के लिए अंग्रजों के खिलाफ बगावत की। इस अवसर पर बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत कर व गोंड, वरली कलाकृतियां बनाकर इस पखवाड़े के महत्व को बताया। वहीं, 26 नवंबर को स्कूल में संविधान दिवस पर प्रवक्ता रंजना धीर व प्लस वन की छात्रा अनन्या व अन्य ने अपने विचारों द्वारा इस दिवस के महत्व को उजागर किया।

### फतेहपुर में पढ़ी संविधान की उद्देशिका

**अनंत ज्ञान, फतेहपुर।** संविधान दिवस के उपलक्ष्य पर खंड प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय फतेहपुर व भिन्न-भिन्न स्कूलों में संविधान की उदेशिका पढ़ी गई व उस पर अमल करने का प्रण लिया गया। जानकारी देते हुए खंड प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी फतेहपुर बलवान सिंह ने बताया शिक्षा विभाग के निर्देशों पर आज खंड के सभी स्कूलों में संविधान की उद्देशिका पढ़ी गई। बच्चों को इसकी महत्ता भी बताई गई, ताकि बच्चे संविधान से परिचित हो पाएं।

### थुरल कॉलेज में बताया संविधान का महत्व

**अनंत ज्ञान, डरोह।** महाराजा संसार चंद स्मारक राजकीय महाविद्यालय थुरल में राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा संविधान दिवस मनाया गया। इस कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में प्राचार्या प्रो. राका शर्मा उपस्थित रहे। संविधान दिवस के उपलक्ष्य पर विभिन्न प्रतियोगिताओं प्रश्नोत्तरी, निबंध लेखन, पोस्टर मेकिंग और वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। वाद-विवाद प्रतियोगिता में इशिका प्रथम, नैंसी द्वितीय, साइना तृतीय स्थान पर रहीं। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में नैंसी और शिवानी प्रथम, साइना और गुंजन द्वितीय, शिवांग और ईशा तृतीय स्थान पर रहे। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में शिवानी प्रथम स्थान पर, तनु द्वितीय स्थान पर तथा तृतीय स्थान पर अंशुल और पायल रहे। निबंध लेखन में प्रथम पलक, द्वितीय स्थान शालू, तृतीय स्थान पर सेजल और इशिका रहे। इस मौके पर मुख्यातिथि ने संविधान की उपयोगिता और महत्व के बारे में विद्यार्थियों को बताया।




### नगरोटा बगवां में मनाया संविधान दिवस

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां।** दलित अधिकार मंच जिला कांगड़ा (नगरोटा बागवां) और श्री गुरु नाभा दास सेवा समिति एवं महासभा ब्लॉक नगरोटा बगवां की ओर से संयुक्त रूप में संविधान दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान वक्ताओं ने उपस्थित लोगों को संविधान के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। हरबंस सिंह सचिव कांगड़ा (नगरोटा बगवां ने) बताया कि कार्यक्रम में मुख्य तौर पर अश्विनी, अमरनाथ, सुभाष, मीना देवी, रीता देवी, किशोरी लाल, संजीव कुमार, सुमन देवी, शकुंतला देवी, अनुराधा देवी, कांता देवी, धर्मी देवी, प्रताप चंद, विधि चंद, प्रेमचंद, रमेश चंद, अशोक कुमार, मिल्खी राम, देवराज आदि पदाधिकारी और अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

### नौरा में मनाया राष्ट्रीय संविधान दिवस

**अनंत ज्ञान, नगरोटा।** अटल बिहारी वाजपेयी राजकीय महाविद्यालय नौरा में निर्वाचन साक्षरता क्लब द्वारा राष्ट्रीय संविधान दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत संविधान की प्रस्तावना पर सामूहिक शपथ ग्रहण से हुई, जिसमें छात्रों और शिक्षकों ने संविधान के प्रति अपने निष्ठा व्यक्त करते हुए संविधान के मूल आदर्शों को अपनाने का संकल्प लिया। इसके बाद पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों ने संविधान से संबंधित विभिन्न विषयों पर अपनी रचनात्मकता का प्रदर्शन किया।

### डॉ. भीमराव अंबेडकर को अर्पित की पुष्पांजलि

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** भारतीय जनता पार्टी मंडल धर्मशाला ने अपने दाढ़ी स्थित कार्यालय में संविधान गौरव दिवस के उपलक्ष पर डॉ. भीमराव अंबेडकर को पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष सचिन शर्मा, मंडल के अध्यक्ष डॉ. विशाल नहरिया, अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश प्रवक्ता पीएन चटवाल ने संविधान दिवस व डॉ भीमराव अंबेडकर जी के जीवन पर अपने विचार साझा किए।

### मटौर कॉलेज में लगाया बीएलओ हेल्प डेस्क

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा।** मटौर कॉलेज में निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण कार्यालय की ओर से नियुक्त बीएलओ पपना देवी व मोनिका देवी द्वारा बीएलओ हेल्प डेस्क लगाया गया। इस हेल्प डेस्क के माध्यम से 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके युवाओं के वोटर आईडी कार्ड बनाने की प्रक्रिया के तहत विद्यार्थियों की एपिक रजिस्ट्रेशन की गई।

# जिले में 3000 मीटर से ऊपर ट्रैकिंग पर प्रतिबंध

## कम ऊंचाई वाले रूट के लिए भी लेनी होगी पूर्व अनुमति

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

कांगड़ा जिले में 3 हजार मीटर से ऊपर की सभी ट्रैकिंग गतिविधियों को आगामी आदेश तक पूर्णतय: प्रतिबंधित कर दिया गया है। उपायुक्त हेमराज बैरवा ने इसकी अनुपालना को लेकर आज एक आदेश जारी किया है। उन्होंने शरद ऋतु को देखते हुए जिले में ट्रैकिंग गतिविधियों को लेकर विशेष हिदायतें भी जारी की हैं। उन्होंने कहा कि करेरी, त्रिउंड और आदि हिमानी चामुंडा मार्गों पर ट्रैकिंग की अनुमति के लिए पुलिस अधीक्षक, कांगड़ा के कार्यालय से पूर्व अनुमति के प्राप्त करना अनिवार्य होगा। इसके कार्यान्वयन के लिए पुलिस अधीक्षक, कांगड़ा से कार्यालय में पर्याप्त संख्या में पुलिस कर्मी तैनात करने को कहा गया है। उनसे यह भी आग्रह किया गया है कि पुलिस कर्मी उपरोक्त मार्गों पर अनुमति देते हुए आईएमडी शिमला द्वारा जारी मौसम के पूर्वानुमान को अवश्य ध्यान में रखें। आदेश में पैराग्लाइडिंग करने वाले पायलट्स को भी धौलाधार के समीप उड़ान न भरने को कहा गया है।

आदेश में यह भी कहा गया है कि आईएमडी शिमला द्वारा चेतावनी अथवा अलर्ट जारी किए जाने पर ट्रैकिंग मार्गों (करेरी, त्रिउंड, आदि हिमानी चामुंडा) के लिए प्रदान की गई सभी पूर्व अनुमति रद्द मानी जाएंगी।

### डीसी बोले, पर्यटकों को भी दें जानकारी

**उपायुक्त** हेमराज बैरवा ने कहा कि जिला पर्यटन अधिकारी को कांगड़ा जिले के पर्यटन व्यवसाय से जुड़े समस्त हितधारकों को उनके वहां ठहरने वाले सभी पर्यटकों को ट्रैकिंग गतिविधियों की पाबंदियों से अवगत कराने के निर्देश देने को कहा है। उन्हें उल्लंघन करने पर जिला प्रशासन द्वारा लगाए गए दंडात्मक प्रावधानों के बारे में बताने को भी कहा गया है।


### उल्लंघन किया तो कार्रवाई

**उपायुक्त** ने सभी संबंधित विभागों को आदेशों की अनुपालना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। आदेश का उल्लंघन करने वाले व्यक्ति पर आईपीसी की धारा 188 तथा आपदा प्रबंधन एक्ट 2005 की धारा 51 से 60 के तहत कार्रवाई की जाएगी। ये हिदायतें आगामी आदेश तक लागू रहेंगी।

# शांता कुमार बोले, देहरा के ही नहीं धर्मशाला के सीएम भी हैं सुक्खू

## देहरा को 6 माह में 300 करोड़ दिए, पर सीयू धर्मशाला को 30 करोड़ नहीं

**अनंत ज्ञान, पालमपुर**



पूर्व मुख्यमंत्री एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री शांता कुमार ने कहा कि देहरा की नवनिर्वाचित विधायक कमलेश ठाकुर का बयान पढ़कर बहुत खुशी हुई। उन्होंने कहा कि उनके विधायक बनने के बाद 6 महीनों में देहरा विधानसभा क्षेत्र में 300 करोड़ रुपए की योजनाएं शुरू हो गई हैं। इसके लिए वह देहरा विधानसभा क्षेत्र के सभी लोगों को बहुत-बहुत बधाई देते हैं। उन्होंने कहा कि देहरा में युद्ध स्तर पर होने वाले इस विकास के लिए वह मुख्यमंत्री को भी बहुत बधाई देते हैं, परंतु बड़े दुख के साथ उन्हें याद दिलाना चाहते हैं कि वह देहरा के ही मुख्यमंत्री नहीं है, वह धर्मशाला के भी मुख्यमंत्री है। जहां केंद्रीय विश्वविद्यालय का भवन पिछले 12 वर्षों से बनना तो दूर इसका निर्माण कार्य भी शुरू नहीं हुआ है। उन्होंने मुख्यमंत्री से एक बार फिर से विशेष आग्रह किया है कि सरकार 30 करोड़ रुपए देकर केंद्रीय विश्वविद्यालय धर्मशाला के 12 वर्ष से रुके काम को शुरू करवाए।

### केंद्रीय विवि भवन के लिए केंद्र ने 400 करोड़ दिए, प्रदेश सरकार नहीं दे पा रही 30 करोड़

**पूर्व** सीएम शांता ने कहा कि भवन निर्माण के लिए केंद्र सरकार के लगभग 400 करोड़ रुपए इसलिए खर्च नहीं हो रहे, क्योंकि हिमाचल सरकार अपने हिस्से का 30 करोड़ रुपए नहीं दे रही है। केंद्रीय विश्वविद्यालय के देहरा परिसर के लिए हिमाचल सरकार ने धन दे दिया, वहां काम शुरू हो गया, परिसर पूरा होने वाला है, परंतु उसी केंद्रीय विश्वविद्यालय के धर्मशाला परिसर के लिए हिमाचल सरकार ने पैसा नहीं दिया। शांता कुमार ने कहा कांगड़ा जिला के साथ इस से अधिक भयंकर अन्याय और नहीं हो सकता। यदि देहरा को 300 करोड़ रुपए दिए जा सकते हैं तो केंद्रीय विश्वविद्यालय के वर्षों से रुके हुए भवन को शुरू करने के लिए केवल 30 करोड़ रुपए क्यों नहीं दिए जा रहे। उन्होंने कहा मुख्यमंत्री ने दूरभाष पर मुझे यह विश्वास दिलवाया था कि प्रदेश की आर्थिक स्थिति ठीक होते ही वे 30 करोड़ रुपए दे देंगे। उन्होंने दो बार बयान देकर यह कहा है कि प्रदेश की आर्थिक स्थिति उन्होंने ठीक कर दी है और अब तो प्रदेश की आर्थिक स्थिति इतनी बढ़िया हो गई है कि एक विधानसभा क्षेत्र देहरा में ही पिछले 6 महीनों से 300 करोड़ रुपए की योजनाएं शुरू हो गई।

### विद्युत बोर्ड में ओपीएस लागू करे प्रदेश सरकार

**अनंत ज्ञान, जवाली।** हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड कर्मचारी यूनियन के यूनिट जवाली के चुनाव यूनियन के राज्य संगठन सचिव अश्विनी ठाकुर और जिला संगठन सचिव बालकृष्ण शर्मा की अध्यक्षता में मंडल जवाली में हुए। इस अवसर पर विद्युत पेंशनर फॉर्म के राज्य उपाध्यक्ष पवन मोहल, जवाली पेंशनर फोरम से इंजीनियर सुखदेव धीमान, इंजीनियर चैन सिंह पठानिया, भूषण सिंह फोरमैन विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर संबोधित करते हुए राज्य संगठन सचिव अश्विनी ठाकुर ने कहा कि प्रदेश सरकार विद्युत बोर्ड में पुरानी पेंशन को तुरंत प्रभाव से लागू करे और रिटायरी और कर्मचारियों के लंबित पड़े सभी बेनिफिट तुरंत प्रभाव से बहाल किए जाएं। इस अवसर पर सुरजीत सिंह खालसा, सुखदेव धीमान, इंजीनियर चैन सिंह पठनिया, किशोरी लाल, जागरूप सिंह व अन्य मौजूद रहे।

# बबलू ने बॉक्सिंग चैंपियन वंशिका को ट्रॉफी देकर किया सम्मानित



**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां**

ऑल इंडिया एंटी टेररिस्ट फ्रंट ने बाक्सिंग चैंपियन वंशिका गोस्वामी को ट्राफी भेंटकर सम्मानित किया है। गत रोज ऑल इंडिया एंटी टेररिस्ट फ्रंट की जिला इकाई के अध्यक्ष बलविंद्र सिंह बबलू ने वंशिका को ज्वालामुखी में जाकर सम्मानित किया। इस दौरान बलविंद्र सिंह बबलू ने कहा कि ऑल इंडिया एंटी टेररिस्ट फ्रंट के राष्ट्रीय अध्यक्ष एमएस बिट्टा ने वंशिका के लिए खासतौर से शुभकामनाएं भेजी हैं। उन्होंने कहा कि खेलों के प्रति जुनून और कठिन परिश्रम के बल पर वंशिका गोस्वामी ने यूथ वर्ल्ड बॉक्सिंग चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल जीतकर प्रदेश और देश का नाम गर्व से ऊंचा किया है, यह पूरे हिमाचल के लिए गर्व की बात है। अब वंशिका बड़ी स्पर्धाओं की तैयारी कर रही है। इसके लिए आल इंडिया एंटी टेररिस्ट फ्रंट के अध्यक्ष बलविंद्र सिंह बबलू ने वंशिका को हरसंभव मदद देने का वादा किया है।

### ठारू व आसपास कल बंद रहेगी बिजली आपूर्ति

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां।** 11 केवी नगरोटा-समलोटी फीडर के तहत पेड़ों की कटाई-छंटाई एवं बिजली लाइनों की जरूरी मरम्मत कार्य एवं मंटेनेंस हेतु 28 नवंबर को त्रिंड, ठारु, कनेड, जस्सौर काइस्थवाड़ी इत्यादि क्षेत्रों और 11 केवी नगरोटा फीडर के तहत पड़ते नगरोटा बाजार, दीवान बाग, काइस्थवाडी, ठारू, कोल्ड स्टोर, नागरिक अस्पताल व आसपास 28 नवंबर को सुबह 10 बजे से कार्य समाप्ति तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। अगर मौसम अनुकूल न रहा तो यह कार्य अगले दिवस किए जाएंगे।

### हटवास स्कूल में मनाया एनसीसी दिवस

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय हटवास ने 76वां एनसीसी दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया। कार्यक्रम का शुभारंभ 60 एनसीसी कैडेट्स द्वारा मार्च पास्ट से हुआ। विद्यालय के कार्यकारी प्रधानाचार्य संदीप कुमार ने मार्च पास्ट की सलामी ली। उन्होंने बच्चों को एनसीसी संबंधी जानकारी दी तथा बच्चों को इसमें बढ़-चढ़कर भाग लेने की प्रेरणा दी, ताकि बच्चे देश की उन्नति में अपना योगदान दे सकें।

### आरटीओ ने बिगड़ैल वाहन चालकों के काटे चालान

**अनंत ज्ञान, जवाली।** क्षेत्रीय परिवहन विभाग के आरटीओ नरेंद्र सिंह ने अलग-अलग जगहों पर नियमों की अवहेलना करने वाले बिगड़ैल वाहन चालकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की है। उन्होंने रानीताल- 32 मील सड़क मार्ग पर कई वाहनों के कागजात चेक किए। इसके अलावा डेंजर ड्राइविंग को लेकर भी चालकों के चालान काटे गए। वहीं नियमों की अवहेलना करने वाले मालवाहकों के भी चलान किए गए।

### दाड़नू में घास के ढेर में लगी आग

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला।** धर्मशाला के तहत दाड़नू में आग लगने से घास जलने का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार गांव के बिशन कुमार के घास के ढेर (कुन्नू) में ऊपर से गुजर रही बिजली की तारों में स्पार्किंग होने से सुबह करीब 9.30 बजे आग लग गई। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने स्थानीय लोगों की मदद से आग पर काबू पाया।

### नई जोड़ी



कांगड़ा के शिखर और स्वाति को परिणय सूत्र में बंधने पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

### हैप्पी बर्थडे



नगरोटा बगवां के रुद्रांश को जन्मदिवस पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

### सालगिरह मुबारक



बंगाणा के बिक्की एवं बिंदू सोनी को शादी की सालगिरह पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

# विधायक ने गुनेहड़ में लोकसेवा केंद्र लोगों को किया समर्पित

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ**

विधायक किशोरी लाल ने मंगलवार को बैजनाथ की ग्राम पंचायत गुनेहड़ और चौगान में विधायक जनता के दरबार कार्यक्रम में शिरकित की। उन्होंने गुनेहड़ पंचायत में 5 लाख की लागत से निर्मित लोकसेवा केंद्र का लोकार्पण कर जनता को समर्पित किया और स्थानीय लोगों से रू-ब-रू होकर उनकी समस्याएं सुनी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनता की समस्याओं पर शीघ्र कार्यवाही करना सुनिश्चित करें।

उन्होंने कहा कि विधायक आपके द्वार' कार्यक्रम प्रदेश में लोगों की समस्याओं के समाधान एवं उनकी मांगों को सरकार के प्रतिनिधियों के समक्ष रखने के लिए आरम्भ किया गया है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वह बढ़-चढ़ कर इस कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही कल्याणार्थ योजनाओं का सफलतापूर्वक क्रियान्वयन सुनिश्चित बनाना है ताकि लोग लाभान्वित हो सके। विधायक ने कहा कि मुख्यमंत्री गांव के लोगों का दुख दर्द अच्छी तरह समझते हैं। उन्होंने कहा कि उनके 2 वर्ष के कार्यकाल में बैजनाथ विधानसभा क्षेत्र में विकास के कार्यों में करोड़ों रुपए खर्च हुए हैं। उन्होंने कहा कि बीड गुनेहड़ में जल शक्ति मिशन के अंतर्गत 1 करोड़ 61 लाख की लागत से पीने के पानी तथा 4 करोड़ की लागत से बीड गुनेहड़ बहाव सिंचाई योजना का कार्य चला हुआ है। उन्होंने बताया कि इन योजनाओं का करीब 80 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है। किशोरी ने विभाग को शीघ्र इस योजना को पूर्ण करने के आदेश दिये ताकि लोगों को पेयजल उपलब्ध करवाया जा सके।

### बेटियों की शादी के लिए भेंट किया सामान



जयसिंहपुर। राजनीति से हटकर पूर्व विधायक रविंद्र रवि धीमान समाजसेवा में भी भूमिका निभा रहे हैं। इसी कड़ी में उनके मार्गदर्शन में जन कल्याण संस्था गरीब लोगों की सहायता लगातार कर रही है। संस्था ने सपना कुमारी पत्नी स्वर्गीय शशि भूषण निवासी बालक रूपी, ओमपाल धीमान निवासी बाहे दा पट खैरा तथा सरोज कुमारी पत्नी स्वर्गीय प्रभात सिंह निवासी जागंल के परिवारों को उनकी कन्याओं की शादी पर धाम का सामान भेंट किया। इस मौके पर अशोक कटोच, अश्विनी कटोच, कैप्टन सुरजीत राणा, करमचंद कश्यप, सीताराम ठाकुर, रविंद्र रवि धीमान, जयसिंहपुर के जिला पार्षद संजीव ठाकुर संस्था की तरफ से मौजूद रहे।

### डिफेंस पेंशनर्स के लिए स्पर्श आउटरीच कार्यक्रम 29 को

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला।** रक्षा लेखा महानियंत्रक के निर्देशानुसार पूर्व सैनिक और पारिवारिक पेंशनर के वार्षिक पहचान तथा शिकायत समाधान के लिए स्पर्श आउटरीच कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। स्पर्श सेवा केंद्र, योल के प्रभारी अधिकारी नवदीप ठाकुर ने जानकारी दी कि योल छावनी के डीडब्ल्यूआई ऑडिटोरियम में 29 नवंबर को सुबह 9 बजे यह कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। स्पर्श आउटरीच प्रोग्राम के साथ डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र अभियान-3 के तहत यह कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है।

### एयरपोर्ट प्रभावितों के बनाए शपथ पत्र

**गगल।** कांगड़ा एयरपोर्ट से प्रभावित ग्रामीणों के रछियालु के कार्यालय में शाहपुर के तहसीलदार दीक्षांत ठाकुर की देखरेख में शपथपत्र बनाए गए। उन्होंने कहा कि रछियालु, क्योडिया, जुगैहड़ आदि प्रभावित ग्रामीणों के फाइनल शपथपत्र बनाए जा रहे हैं। जिन लोगों के एफिडेविड तैयार हो जाएंगे, उन शपथपत्रों को शाहपुर के एसडीएम कार्यालय में जमा करवा दिया जाएगा।

### 30 तक करवाएं ई-केवाईसी

**फतेहपुर।** कार्यकारी सहायक अभियंता विद्युत विभाग उपमंडल रैहन अभिजीत सिंह ने मंगलवार को मीडिया के माध्यम से उपमंडल के तहत पड़ते भिन्न-भिन्न क्षेत्रों के सभी विद्युत उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे अपनी ई-केवाईसी 30 नवंबर तक करवा लें। अभी तक उपमंडल के लगभग 2 फीसदी उपभोक्ताओं की ई-केवाईसी हुई है।

### सुधीर शर्मा ने पर्यटन निगम के घाटे के लिए आरएस बाली को ठहराया जिम्मेदार

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला।** भाजपा नेता व धर्मशाला से विधायक सुधीर शर्मा ने कांग्रेस सरकार पर हमला बोला है। मंगलवार को सुधीर शर्मा मीडिया के सामने कहा कि एचपीटीडीसी के घाटे और हिमकेयर पर प्रदेश की कांग्रेस सरकार की पोल खोलते हुए उसे असहज कर दिया। उन्होंने कहा कि यदि आज पर्यटन निगम घाटे में है, तो उसकी जिम्मेदारी रघुवीर बाली की ही बनती है, क्योंकि वह उसके मुखिया हैं। पर्यटन निगम में गलत नीतियों के चलते निगम घाटे में चल रहा है। जब से रघुवीर बाली पर्यटन निगम के चेयरमैन बने हैं, तब से निगम के संचालन में कोई ठोस योजना नहीं बना रहे। निगम में अनुभवहीन कर्मचारियों की तैनाती हो या फिर निगम की बैठकों में बाहरी लोगों को बैठाने की बात हो, सबकुछ सबके सामने है।

### मनरेगा कार्यों में लाई जाए तेजी

**फतेहपुर।** विकास खंड कार्यलय फतेहपुर के समिति हॉल में मंगलवार को विभागीय कर्मचारियों की बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में खंड विकास अधिकारी फतेहपुर सुभाष चंद ने भिन्न -भिन्न पंचायतों में चल रहे मनरेगा कार्यों की फीडबैक ली और मनरेगा कार्यों को और गति देने के निर्देश दिए।

# टांडा में छत से रिस रहा पानी मरीजों के लिए बना परेशानी

**आशीष दमीर, कांगड़ा**

प्रदेश का दूसरा सबसे बड़ा अस्पताल डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद मेडिकल कॉलेज अस्पताल टांडा अपनी दयनीय स्थिति पर आंसू बहा रहा है। अस्पताल के मुख्य रेडियोलॉजी विभाग में सैकड़ों की संख्या में मरीज एक्स-रे इत्यादि करवाने को लाइनों में लगे रहते है, परंतु विडंबना यह है कि मरीजों के बैठने के लिए कुर्सियां इत्यादि लगाई गई हैं, वहां छतों से पानी रिस रहा है। वहां पर पानी को भरने के लिए बकायदा कूड़ेदान लगाया गया है, जिसमें रिसने वाला पानी गिर रहा है। रेडियोलॉजी विभाग में एम आर आई, अल्ट्रासाउंड, और एक्सरे किए जाते है। ओर रोजाना यहां भरी संख्या में लोग आते है। वहीं, इस संदर्भ में टांडा के एमएस डॉक्टर अशोक वर्मा से बात की गई तो उनका कहना है कि आपके माध्यम से यह मामला उनके ध्यान मैं आया है जल्द ही इन समस्याओं को दूर कर दिया जाएगा। (अनंत ज्ञान)



छत से टपक रहे पानी के लिए रखा कूड़ेदान।

## खेलकूद

### खेल मंत्री ने ढलियारा में की अंतर महाविद्यालय फुटबॉल टूर्नामेंट की शुरुआत, कहा–

# खेलों को बढ़ावा देने के लिए उठाए महत्वपूर्ण कदम

**अनंत ज्ञान, देहरा**



आयुष, युवा सेवाए एवं खेल मंत्री, यादविंद्र गोमा ने कहा कि प्रदेश में खेलों को बढ़ावा देने और खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए सरकार ने कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार, खिलाड़ियों को उचित सम्मान प्रदान करने के साथ-साथ खेलों तथा खिलाड़ियों के लिये आधारभूत ढांचे के विकास के लिये गंभीरता से प्रयास कर रही है। मंत्री मंगलवार को ढलियारा महाविद्यालय में हिमाचल प्रदेश यूनिवर्सिटी शिमला और सरदार पटेल यूनिवर्सिटी मंडी द्वारा आयोजित चार दिवसीय अंतर महाविद्यालय फुटबॉल टूर्नामेंट के शुभारंभ के अवसर पर बतौर मुख्यातिथि शिरकत करते हुए बोल रहे थे। विधायक देहरा कमलेश ठाकुर इस दौरान विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं।

इस प्रतियोगिता में 22 महाविद्यालयों के विद्यार्थी हिस्सा लेंगे। खेल मंत्री ने कार्यक्रम के लिए 51 हजार देने की घोषणा की। गोमा ने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के नेतृत्व प्रदेश के इतिहास में पहली बार हिमाचल प्रदेश सरकार ने अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में पदक जीतने वाले खिलाड़ियों को मिलने वाली पुरस्कार राशि को बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि ओलंपिक, शीतकालीन ओलंपिक और पैरालंपिक में स्वर्ण पदक जीतने वाले खिलाड़ियों को 5 करोड़ रुपये, सिल्वर पदक जीतने वाले खिलाड़ियों को 3 करोड़ और कांस्य पदक जीतने वाले खिलाड़ियों को 2 करोड़ रुपए प्रोत्साहन राशि दी जा रही है।

### बास्केटबॉल स्पर्धा के लिए टीम कोलकाता रवाना

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा।** 39वीं यूथ नेशनल बास्केटबॉल प्रतियोगिता कोलकाता पश्चिम बंगाल में 29 नवंबर से 5 दिसंबर तक आयोजित की जाएगी। इस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए हिमाचल प्रदेश के लड़के व लड़कियों की टीम मंगलवार को कोलकाता के लिए रवाना हुई। रवाना होने से पूर्व टीम को हिमाचल प्रदेश बास्केटबॉल संघ के अध्यक्ष मुनीष शर्मा व अन्य पदाधिकारी ने खिलाड़ियों को अच्छे प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं देकर रवाना किया। इस मौके पर कांगड़ा बास्केटबॉल सचिव संदीप मित्तल, कोषाध्यक्ष पवन कुमार, ज्वांइट सेक्रेटरी संदीप चौधरी व पुनीत कुमार मौजूद रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### न्यायिक अधिकारियों ने पढ़ी संविधान की प्रस्तावना



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** संविधान दिवस के उपलक्ष्य पर जिला न्यायिक परिसर हमीरपुर में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर जिला एवं सत्र न्यायाधीश और जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के अध्यक्ष भुवनेश अवस्थी, अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायधीश सचिन रघु, मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी सूर्य प्रकाश, अतिरिक्त मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी विशाल भमनोत्रा, न्यायिक दंडाधिकारी वत्सला चौधरी, न्यायिक दंडाधिकारी शाविक घई, न्यायिक दंडाधिकारी अनुलेखा तंवर सहित अन्य न्यायिक अधिकारियों और कर्मचारियों ने भी संविधान की प्रस्तावना पढ़ी। जिला एवं सत्र न्यायाधीश और जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के अध्यक्ष भुवनेश अवस्थी ने संविधान के निर्माण में योगदान देने वाले सभी महान विभूतियों का स्मरण किया।

### टौणी देवी में संविधान दिवस पर उत्साहपूर्ण आयोजन



**संजीव चौहान, टौणी देवी।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला टौणी देवी में संविधान दिवस बड़े उत्साह और गर्व के साथ मनाया गया। यह विशेष अवसर भारतीय संविधान को सम्मान देने और इसके महत्व को समझाने के उद्देश्य से आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत भारतीय संविधान की प्रस्तावना के सामूहिक पठन से हुई। इसमें एनएसएस स्वयंसेवकों, स्काउट्स गाइड्स, सभी छात्रों, शिक्षकों और अन्य स्टाफ सदस्यों ने भाग लिया। इस सामूहिक पठन का उद्देश्य संविधान के आदर्शों और सिद्धांतों के प्रति सम्मान और जागरूकता बढ़ाना था। प्रधानाचार्य रजनीश रांगड़ा ने भारतीय संविधान की विशेषताओं पर प्रकाश डाला। चुनावी साक्षरता क्लब के नोडल अधिकारी सोनू गुलेरिया ने संविधान के विभिन्न अनुच्छेदों और उनमें निहित मूल्यों की व्याख्या की। इस अवसर पर तन्वी द्वारा संविधान के आदर्शों और सिद्धांतों के प्रति जागरूकता फैलाने हेतु उपस्थित लोगों से शपथ दिलवाई। (अनंत ज्ञान)

### नादौन कॉलेज में संविधान की प्रस्तावना को पढ़ा



**वीरेंद्र गोस्वामी, बड़ा।** सिद्धार्थ राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय नादौन में संविधान दिवस के उपलक्ष्य में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय के छात्रों और प्राध्यापकों ने संविधान की प्रस्तावना को पढ़ा और इसे अंगीकृत करने की शपथ ली। यह शपथ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अनिल कुमार गौतम और प्रो. सुरेश कुमार, राजकीय महाविद्यालय सुजानपुर की उपस्थिति में दिलाई गई। दोनों ही विद्वान इस कार्यक्रम के मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित थे। डॉ. अनिल कुमार गौतम ने कहा कि यह हमें स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व के साथ जीवन जीने का अधिकार देता है। प्रो. सुरेश कुमार ने संविधान के ऐतिहासिक और सामाजिक महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि यह देश के प्रत्येक नागरिक को समान अवसर प्रदान करता है। इस कार्यक्रम की जानकारी एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी प्रो. आदिका ने दी। उन्होंने बताया कि छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और संविधान के प्रति अपनी निष्ठा व्यक्त की। कार्यक्रम का समापन संविधान की मूल भावना को आत्मसात करने और इसे दैनिक जीवन में लागू करने की शपथ के साथ हुआ। इस अवसर पर डा. मंजू ठाकुर, डॉ. सीमा शर्मा, डॉ. रीतिका जमवाल, प्रो. अनित शर्मा भी उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)

### कृषि विभाग ने संविधान दिवस मनाया



**हमीरपुर।** कृषि विभाग हमीरपुर में संविधान दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर कृषि विभाग हमीरपुर के प्रांगण में समस्त अधिकारियों व कर्मचारियों ने संविधान दिवस की शपथ ग्रहण की।

### नर्सिंग कॉलेज में मनाया संविधान दिवस



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** गौतम कॉलेज ऑफ नर्सिंग में संविधान दिवस मनाया गया। इस अवसर पर संस्थान की छात्राओं और अध्यापकों को डॉ. उत्तम शर्मा ने भारतीय संविधान के बारे मे महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। उन्होंने मौलिक अधिकारों और कर्तव्यों की जानकारी दी। इस अवसर पर कॉलेज के प्रबंधक जगदीश चंद गौतम, प्राचार्य नेहा शर्मा, नैक को-ऑर्डिनेटर डॉ रत्न चंद शर्मा, कॉलेज की शिक्षक दीक्षा, शालू राणा, मोनिका, ज्योति, वंदना, मनीषा, सपना, आंचल और दिव्या उपस्थित रहीं।

### सरकारी कार्यालयों में पढ़ी संविधान की उद्देशिका



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हमीरपुर जिले में संविधान दिवस के उपलक्ष्य पर वभिन्न सरकारी कार्यालयों एवं संस्थानों में अधिकारियों तथा कर्मचारियों ने भारतीय संविधान की प्रस्तावना (उद्देशिका) का वाचन किया। सभी अधिकारियों-कर्मचारियों को संविधान दिवस की बधाई देते हुए उपायुक्त अमरजीत सिंह ने कहा कि 26 नवंबर 1949 को संविधान सभा ने भारतीय संविधान को अपनाया था, जिसे 26 जनवरी 1950 को लागू किया गया। उन्होंने कहा कि संविधान की उद्देशिका में बहुत ही महत्वपूर्ण निर्देश दिए गए हैं। हर भारतवासी को इनका पालन करना चाहिए।

### लोकतांत्रिक व्यवस्था को मजबूती देता है संविधान : कमल



**एसके शर्मा, जाहू।** भोरंज उपमंडल के अधीन आने वाली राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भुक्कड़ में प्रधानाचार्य देशराज कमल की अध्यक्षता में संविधान दिवस मनाया गया। इस अवसर पर स्कूल के अध्यापकों ने सर्वप्रथम संविधान निर्माता डॉ. भीम राव अंबेडकर को हार पहनाकर उनको याद किया। इस अवसर पर स्कूल के प्रधानाचार्य देशराज कमल ने कहा कि भारतीय संविधान भारत की आत्मा है, जिसे हर नागरिक को मानना पड़ता है। संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर ने इसे तैयार करने के लिए 2 वर्ष 11 महीने 18 दिन लगाए तथा इसमें समाज के सभी वर्गों के अधिकारों, कर्त्तव्यों को निहीत किया गया। यही बजह है कि आज सविंधान की बदौलत हर नागरिक सुरक्षित व स्वतंत्र हैं। इस दौरान बच्चों व अध्यापकों को संविधान के प्रति शपथ भी दिलाई गई। इस अवसर पर राजनीतिक शास्त्र के प्रवक्ता एवं स्कूल मतदाता साक्षरता क्लब के प्रभारी मनोज शर्मा, स्कूल के वरिष्ठ प्रवक्ता मणी राम शर्मा, वीना वर्मा, चमल लाल, अशोक गुलेरिया आदि उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)

# टीसीपी के अधिकारियों ने पुलिस की मौजूदगी में रुकवाए निर्माण कार्य

## विभाग के नोटिस के बाद भी लाहड़ और डुग्घा के पास किए जा रहे थे निर्माण कार्य

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**





लाहड़ और डुग्घा में टीसीपी विभाग की अनुमति के बगैर किए जा रहे विभिन्न निर्माण कार्यों का विभाग ने कड़ा संज्ञान लिया है।

हिमाचल प्रदेश नगर एवं ग्राम नियोजन (टीसीपी) अधिनियम 1977 के अंतर्गत आने वाले गांवों लाहड़ और डुग्घा में टीसीपी विभाग की अनुमति के बगैर किए जा रहे विभिन्न निर्माण कार्यों का विभाग ने कड़ा संज्ञान लिया है।

विभाग की ओर से नोटिस दिए जाने के बाद भी किए जा रहे इन निर्माण कार्यों को मंगलवार को विभाग के अधिकारियों ने पुलिस के साथ मौके पर जाकर रुकवा दिया। विभाग के मंडलीय कार्यालय हमीरपुर के नगर एवं ग्राम योजनाकार हरजिंद्र सिंह ने बताया कि लाहड़ और डुग्घा के पास जारी निर्माण कार्यों के नक्शे विभाग से पास नहीं करवाए गए थे।

इन मामलों में विभाग ने हिमाचल प्रदेश नगर एवं ग्राम नियोजन अधिनियम 1977 की धारा 39 की उपधारा-1 एवं उपधारा-2 के तहत नोटिस जारी किए थे और निर्माण कार्य तुरंत बंद करके साइट पर पूर्व की स्थिति बहाल करने के निर्देश दिए थे, लेकिन संबंधित लोगों ने विभाग के नोटिस की अनुपालना नहीं की।

इसको देखते हुए मंगलवार को विभाग के सहायक नगर एवं ग्राम योजनाकार, कनिष्ठ अभियंता और अन्य अधिकारियों ने पुलिस के साथ मौके पर जाकर ये निर्माण कार्य रुकवा दिए। इस दौरान विभाग के अधिकारियों ने संबंधित लोगों को नक्शा पास करवाकर ही निर्माण कार्य आरंभ करने के निर्देश दिए। (अनंत ज्ञान)

### राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम में 5 वर्ष की छात्रा के दिल के छेद का सफल ऑपरेशन

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन हिमाचल प्रदेश के अंतर्गत राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत 5 वर्ष की छात्रा के दिल का सफल ऑपरेशन किया गया। स्वास्थ्य खंड टौणी देवी के तहत उपरोक्त कार्यक्रम में कार्यरत मोबाइल हेल्थ टीम द्वारा अगस्त माह में राजकीय प्राथमिक पाठशाला रोपा काले अंब में बच्चों की जांच की गई, जिस दौरान पाठशाला में अध्यनरत पांच वर्षीय छात्रा सपुत्री अजय कुमार के दिल में छेद और दाएं कान के बंद होने की संभावना पाई गई। अतः शानवी को आगामी उपचार एवं पुष्टिकर्ण हेतु मेडिकल कॉलेज हमीरपुर स्थित जिला प्रारंभिक हस्तक्षेप केंद्र में भेजा गया, वहां से पुष्टि होने के बाद आगामी उपचार हेतू आईजीएमसी शिमला भेजा गया, वहां पर शान्वी का सफल ऑपरेशन 19 सितंबर को राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन हिमाचल प्रदेश के कार्यक्रम आरबीएसके के तहत निशुल्क किया गया। हालांकि जिसकी लागत लगभग 1 लाख रुपए है और दाएं कान के उपचार हेतु शान्वी को 16 वर्ष की आयु होने के उपरांत आने को कहा गया ह। खंड चिकित्सा अधिकारी टौणी देवी डॉ. रमेश कुमार रतु ने उक्त जानकारी दी।

### आयुर्वेदिक अस्पताल में हर सुबह होंगे निशुल्क योगाभ्यास सत्र

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हमीरपुर जिले में आयुष विभाग ने योग सर्वोदय कार्यक्रम के तहत एक विशेष पहल करते हुए एक दिसंबर से प्रतिदिन सुबह 7 से 8 बजे तक जिला आयुर्वेदिक अस्पताल के योगा हॉल में निशुल्क योगाभ्यास सत्र आयोजित करने का निर्णय लिया है।

जिला आयुष अधिकारी डॉ. बृजनंदन शर्मा ने बताया कि यह एक खुला एवं निशुल्क योगाभ्यास सत्र होगा। इसमें कोई भी आम नागरिक भाग ले सकता है। उन्होंने बताया कि यह पूरी तरह निशुल्क होगा और इसमें आयुष विभाग के योग विशेषज्ञ ध्यान, आसन और प्राणायाम इत्यादि योग क्रियाओं का अभ्यास करवाएंगे। जिला आयुष अधिकारी ने आम लोगों से प्रतिदिन इस योगाभ्यास सत्र का लाभ उठाने की अपील की है ताकि वे एक स्वस्थ जीवनशैली अपना सकें और उनका विभिन्न बीमारियों से बचाव हो सके।

## बड़सर को नगर पंचायत बनाने के प्रस्ताव का विरोध

**एसके ठाकुर, बड़सर**



विधायक इंद्रदत्त लखनपाल प्रेसवार्ता के दौरान।

- विधायक लखनपाल ने कहा-पहले सुधारें प्रशासनिक ढांचे की स्थिति

बड़सर को नगर पंचायत बनाने के प्रस्ताव के खिलाफ विरोध हुआ है। बड़सर, बणी, भकरेड़ी और बल्याह: पंचायत के घुमारवीं वार्ड के प्रतिनिधियों ने इस प्रस्ताव को जनता के हितों के खिलाफ बताते हुए नाराजगी जताई है।

विधायक इंद्रदत्त लखनपाल ने इस विरोध प्रदर्शन की अगुवाई की और सरकार पर जनभावनाओं की अनदेखी का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि सरकार को नई नगर पंचायत बनाने के बजाए पहले मौजूदा निकायों और प्रशासनिक ढांचे की स्थिति सुधारनी चाहिए। विधायक ने कहा कि प्रदेश में पहले से चल रही नगर पंचायतों और परिषदों की हालत बदतर है। ईओ (कार्यकारी अधिकारी), जेई (जूनियर इंजीनियर) और सचिव के पद खाली पड़े हैं। मुख्यमंत्री की अपनी विधानसभा की नगर परिषद में भी ईओ की पोस्ट खाली है। बड़सर में बीडीओ (ब्लॉक डेवलपमेंट ऑफिसर) का पद पिछले छह महीनों से खाली पड़ा है, जिससे पंचायतों का कामकाज प्रभावित हो रहे हैं, जिससे जनता को परेशानी हो रही है।

उन्होंने कहा कि जल शक्ति विभाग में एसडीओ और जेई के पद रिक्त हैं, जिसके चलते क्षेत्र में पेयजल और अन्य परियोजनाओं का काम ठप पड़ा है। उन्होंने मुख्यमंत्री की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए कहा कि ऐसा मुख्यमंत्री क्या जो अपनी विधानसभा में भी एक्सईएन की नियुक्ति नहीं कर पा रहा हो। आयुर्वेदिक अस्पताल बिझड़ी में डॉक्टर की अनुपस्थिति को लेकर भी चिंता व्यक्त की। क्षेत्र के लोग स्वास्थ्य सेवाओं की कमी के कारण परेशान हो रहे हैं, लेकिन सरकार इन समस्याओं को अनदेखा कर रही है।

**प्रमुख प्रतिनिधियों ने जताई नाराजगी और प्रशासन से मांगा जवाब :** विरोध प्रदर्शन में बड़सर, बणी, भकरेड़ी और घुरारवीं पंचायतों के कई प्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने भाग लिया।

प्रमुख प्रतिनिधियों ने सवाल उठाया कि नगर पंचायत बनने के बाद सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट और कूड़ा निस्तारण संयंत्र कहां बनाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि सरकार और प्रशासन को इस पर जनता के सामने स्पष्ट योजना रखनी चाहिए। बणी पंचायत से बीडीसी सदस्य-मुकेश बन्याल, तुखानी से संजय बन्याल, बणी पंचायत के पूर्व प्रधान-रमेश कुमार, बल्याह पंचायत के उपप्रधान-नरेश कुमार, पूर्व बीडीसी सदस्य-आनंद ठाकुर, बड़सर पंचायत प्रधान-राजेश कुमारी, स्थानीय लोगों में योगराज सिंह, तमन्ना देवी, सोमा देवी, कंचन विज, निशा कुमारी, लता कुमारी, होशियार सिंह, संदीप कौंडल, परविंदर सिंह, राकेश शर्मा, संजीव कुमार, बलराम सिंह, गीता देवी, रक्षा देवी, सुनीता, मोनिका उपस्थिति रही। (अनंत ज्ञान)

### जनभावनाओं का सम्मान जरूरी : लखनपाल

लखनपाल ने कहा कि वे जनता के साथ खड़े हैं। बड़सर की जनता का जो भी निर्णय होगा, मैं उसके साथ हूं। सरकार को चाहिए कि वह जनता की राय का सम्मान करे और इस प्रस्ताव पर पुनर्विचार करे। उन्होंने सरकार से मांग रखी है कि वह मौजूदा समस्याओं को प्राथमिकता से सुलझाए और क्षेत्रीय विकास के लिए ठोस कदम उठाए।

## लेडी डॉक्टर के साथ बदसलूकी पर बिफरी मेडिकल ऑफिसर एसोसिएशन

**अनिल कुमार, हमीरपुर**

- पुलिस आरोपी और अस्पताल प्रशासन के खिलाफ करे कड़ी कार्रवाई

क्षेत्रीय अस्पताल बिलासपुर में सोमवार को लेडी डॉक्टर के साथ एक व्यक्ति द्वारा दुर्व्यवहार करने का मामला सामने आया है। मरीज ने ड्यूटी पर तैनात लेडी डॉक्टर से जोरदार बहस की और फिर बदसलूकी की।



इस घटना की हमीरपुर मेडिकल ऑफिसर एसोसिएशन अध्यक्ष डॉ. सुरेंद्र सिंह डोगरा ने कड़े शब्दों में निंदा की है। उन्होंने प्रदेश संघ और सरकार से अपील की है कि डॉक्टर और मेडिकल क्षेत्र से संबंधित हर कर्मचारी को सुरक्षा हेतु कड़े कदम उठाए जाने चाहिएं। इस तरह से अस्पताल में माहौल तनावपूर्ण हो जाता है। घटना के विरोध में अध्यक्ष ने डॉक्टरों को एकजुट होकर चलने का आह्वान किया और अपने कैडर को सशक्त बनाने की अपील की। अगर उचित करवाई नहीं की गई तो विरोध में जन सेवा बाधित हो सकती है।

डॉक्टरों ने अस्पताल प्रशासन और पुलिस से आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। सरकार डॉक्टरों के प्रति संवेदनशील रही है, इसका अध्यक्ष ने पूरा समर्थन करते हुए सरकार से सुरक्षा हेतु व गैर वितीय मांगों को पूरा करने की अपील की। (अनंत ज्ञान)

### सुभाष ढटवालिया ने बच्चों को बांटे इनाम




**बड़सर।** राजकीय माध्यमिक विद्यालय बिझड़ी में वार्षिक परितोषिक वितरण समारोह का बड़े हर्षोल्लास के साथ आयोजन किया। बड़सर विधानसभा क्षेत्र के वरिष्ठ कांग्रेस नेता सुभाष ढटवालिया ने बतौर मुख्यतिथि शिरकत की। विद्यालय के प्रधानाचार्य देवेंद्र कुमार ने वार्षिक रिपोर्ट पढ़ी। बच्चों ने पहाड़ी, देश भक्ति, पंजाबी और हरियाणवी गीतों से समा बांधा। मुख्यातिथि ने सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए 5100 रुपए की प्रोत्साहन राशि स्कूल प्रशासन को दी। पुलिस चौकी प्रभारी बिझड़ी अनिल कुमार ने भी अपनी निधि से बच्चों को 5100 रुपए भेंट किए। इस उपलक्ष्य पर उन्होंने भी बच्चों को पढ़ाई में बेहतर करने व नशा से दूर रहने की बात कही। साथ में साइबर क्राइम ट्रैफिक नियमों की जनकारी भी दी। सुभाष ढटवालिया ने मेधावियों को सम्मानित करते हुए उन्हें बधाई तथा शुभकामनाएं दीं और अपने सम्बोधन में मेधावियों को कड़ी मेहनत और लग्न से शिक्षा और अन्य क्षेत्रों में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में ढटवालिया की पत्नी संतोष ढटवालिया, पवन कालिया, संजय लखनपाल, निक्का राम, विपन ढटवालिया, एसएमसी प्रधान राजीव शर्मा, कप्तान अशोक ढटवालिया, कुलवंत चंदेल, कैप्टन केबल कृष्ण शर्मा, जिला पार्षद बिझड़ी मीना धीमान एवं दीपक शर्मा, सुरजीत सिंह राणा, ब्रह्मानंद पपलोहल भी उपस्थित रहे।

**रोष** केंद्रीय ट्रेड यूनियनों और संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर सैकड़ों मजदूर हुए इकट्ठे

# चार लेबर कोड निरस्त करने के खिलाफ सीटू का प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**



जल विद्युत परियोजना धौलासिद्ध में 4 लेबर कानूनों को निरस्त करने को के खिलाफ प्रदर्शन करते सैकड़ों मजदूर।

सीटू ने केंद्रीय ट्रेड यूनियनों और संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर निर्माणाधीन जल विद्युत परियोजना धौलासिद्ध में प्रदर्शन किया। प्रदर्शन को सीटू के राष्ट्रीय सचिव डॉ. कश्मीर सिंह ठाकुर ने संबोधित करते हुए कहा कि कोरोना के समय में मोदी सरकार ने देश में लॉकडाउन लगाकर मजदूरों के लिए बने 44 श्रम कानूनों को खत्म करके चार नए लेबर कोड बना दिए, साथ ही किसानों के लिए तीन कृषि कानून बनाकर देश की संपूर्ण कृषि को कॉर्पोरेट के हवाले करने के मकसद से ये कानून बनाए, जिनका देश के मजदूरों और किसानों ने डटकर विरोध किया।

26 नवंबर को ही दिल्ली में ऐतिहासिक किसान आंदोलन शुरू हुआ और देशभर के किसानों और मजदूरों ने इस आंदोलन में जबरदस्त हिस्सेदारी की और 800 किसानों की शहादत के बाद मोदी सरकार को झुकना पड़ा और तीनों कृषि कानूनों को निरस्त करना पड़ा, परंतु मोदी सरकार ने मजदूरों के लिए बनाए चार लेबर कोड को समाप्त नहीं किया है और उन्हें तीसरी बार सत्ता संभालने के बाद 100 दिनों के भीतर लागू करने की योजना बनाई है। इसका देश के मजदूर विरोध कर रहे हैं और मंगलवार को इन चार लेबर कोड को निरस्त करने के लिए प्रदर्शन किया गया। देश में बढ़ती महंगाई और बेरोजगारी विकराल रूप ले चुकी है। युवाओं में आत्महत्या की दर लगातार बढ़ रही है जो कि खौफनाक है।

देश की लगभग आदी आबादी भरपेट खाने से वंचित हो रही है। देश की जनता पर भारी भरकम टेक्स लगाने के बावजूद मूलभूत सुविधाओं से वंचित है। शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार सरकार के एजेंडे में ही नहीं है। मजदूरों को अपने जीवन के मसलों को राजनीति के केंद्र में लाना होगा, इसके लिए विरोध तेज करने का आह्वान किया। इस प्रदर्शन को सीटू के जिला सचिव जोगिंदर कुमार, रंजन शर्मा, धौलासिद्ध इकाई के अध्यक्ष नवीन कुमार और इकाई सचिव संतोष कुमार ने भी संबोधित किया। प्रदर्शन में सैकड़ों मजदूरों ने भाग लिया।

## राणा का आरोप : मित्र-सलाहकार के घर से मेडिकल कॉलेज में योगा टीचर की नियुक्ति

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**



प्रेस वार्ता को संबोधित करते राजेंद्र राणा।

- देशभर के किसी भी मेडिकल कॉलेज में ऐसा नहीं हुआ
- विधायक सुरेश कुमार भी लिए लपेटे में, दागे सवाल

सुजानपुर के पूर्व विधायक राजेंद्र राणा ने हमीरपुर स्थित मेडिकल कॉलेज में हुई योगा टीचर की नियुक्ति पर जबरदस्त हमला बोला है। उन्होंने कहा है कि स्पेशल पोस्ट क्रिएट करके मनचाही टर्म्स एंड कंडीशन पर इस नियुक्ति को विज्ञापित किया गया। इसमें मित्र-सलाहकार के परिवार से नियुक्ति की गई। देशभर के किसी भी मेडिकल कॉलेज में ऐसी नियुक्ति नहीं हुई है, लेकिन सुक्खू सरकार मित्रों के अलावा उनके परिवारों को भी अब बेहतर तरीके से एडजस्ट करके प्रदेश के लाखों बेरोजगार युवकों को निराशा के दलदल में धकेल रही है।

राणा ने कहा कि हमीरपुर मेडिकल कॉलेज में स्पेशल पोस्ट विज्ञापित करके उसमें जो कंडीशन लगाई, वह गोल्ड मेडलिस्ट होने की जोड़ दी गई, ताकि किसी दूसरे को फायदा नहीं मिल सके। उन्होंने कहा कि भोरंज के विधायक सुरेश कुमार भी एक्सीडेंटल विधायक बने हैं। उन्होंने उनसे पूछा कि वह बताएं चुनाव लड़ने से पहले उन्होंने कितने लोगों से पैसे लिए थे। क्या उन्हें धारा 138 के तहत नोटिस मिले थे।

राणा ने मौजूदा सरकार से यह भी पूछा कि केसीसी बैंक के लेनदेन को लेकर जो ऑडियो बातचीत सोशल मीडिया पर जारी हुई थी, उसमें किन-किन लोगों के नाम थे? 1999 में हमीरपुर जिला के भोटा में जिस राधा स्वामी सत्संग संस्था के रूप में अस्पताल का अस्तित्व सामने आया, उसके मामले को सुलझाने के लिए सरकार बेरुखी क्यों दिख रही है। दो से अढ़ाई करोड़ का जीएसटी क्यों लगाया जा रहा है।

सरकार जगत सिंह मेडिकल रिलीफ के नाम से अस्पताल को चलाने में अनुमति क्यों नहीं दे रही। यदि कोई ऑर्डिनेंस इस मामले में सरकार को लाना है, तो उसमें देरी क्यों हो रही। कॉन्फ्रेंस में सुजानपुर मंडल के अध्यक्ष विक्रम सिंह राणा, जिला भाजपा के पूर्व अध्यक्ष अनिल ठाकुर, जिला परिषद सदस्य पवन कुमार भी मौजूद थे।

### करियर प्वाइंट विश्वविद्यालय हमीरपुर में हर्षोल्लास से मनाया संविधान दिवस



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** करियर प्वाइंट विश्वविद्यालय के विधि विभाग में 26 नवंबर को संविधान दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विधि विभाग की स्टूडेंट बार काउंसिल द्वारा संविधान की महत्ता पर आधारित विविध गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्रों को भारतीय संविधान की विशेषताओं और इसके महत्त्व से अवगत कराना था। कार्यक्रम की शुरुआत स्टूडेंट बार काउंसिल के अध्यक्ष अरुण सिंह द्वारा संविधान की प्रस्तावना पढ़कर की गई। उन्होंने छात्रों को संविधान की प्रस्तावना के महत्व को समझाया और बताया कि यह हमारे संविधान की आत्मा है। उन्होंने इसे हमारे देश के लोकतांत्रिक मूल्यों और नागरिक अधिकारों का आधार बताया। अरुण सिंह ने छात्रों को प्रेरित किया कि वे संविधान में निहित अधिकारों और कर्तव्यों को समझें और अपने जीवन में इसका पालन करें। कार्यक्रम में विधि विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. शशि भूषण ने कहा कि हमारा संविधान विश्व का सबसे लंबा लिखित संविधान है और यह हमारे देश की विविधता को एकता के सूत्र में पिरोने का काम करता है। उन्होंने संविधान निर्माताओं के योगदान को याद करते हुए छात्रों से आग्रह किया कि वे विधिक ज्ञान का उपयोग समाज की भलाई के लिए करें। इस अवसर पर विधि विभाग द्वारा संवैधानिक कानून पर आधारित एक क्विज प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और संविधान से संबंधित विभिन्न विषयों पर अपनी जानकारी प्रदर्शित की। कार्यक्रम में विभाग के सभी प्रोफेसरों और छात्रों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ किया गया।

### हमीरपुर में 'आप' ने संविधान दिवस पर कहा-परिवारवाद को जड़ से करेंगे खत्म




**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हमीरपुर जिले में आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने प्रेस वार्ता के दौरान संविधान दिवस के ऊपर प्रकाश डाला है। इस मौके पर आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता डॉ. राज कंवर ने बताया कि 26 नवंबर को बाबा साहेब अंबेडकर ने हिंदुस्तान का संविधान बनाया है। इस मौके भीम राव अंबेडकर को याद किया गया। वहीं, इस मौके डॉ. राज कंवर ने कहा कि आम आदमी पार्टी जड़ से भ्रष्टाचार को खत्म करना चाहती है, जिसके चलते अरविंद केजरीवाल महत्वपूर्ण कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि परिवारवाद की राजनीति पर आम आदमी पार्टी कोई विश्वास नहीं रखती है। उन्होंने कहा कि भाजपा और कांग्रेस परिवारवाद को बढ़ावा दे रही है। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी परिवारवाद के विरोध में है। डॉ. राज कुमार ने कहा कि 2027 में आने वाले चुनाव के लिए आम आदमी पार्टी हिमाचल में कार्य कर रही है।

### 8 तक बंद रहेगी कोहली-ताल-चमनेड़ सड़क

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हमीरपुर कोहली-ताल-चमनेड़ सड़क के मरम्मत कार्य के कारण इस सड़क पर यातायात अब 8 दिसंबर तक बंद रहेगा। इस संबंध में आदेश जारी करते हुए जिलाधीश अमरजीत सिंह ने बताया कि कोहली-ताल-चमनेड़ सड़क का मरम्मत कार्य अभी पूरा नहीं हुआ है। इस कार्य को सुचारू रूप से जारी रखने तथा इसे अतिशीघ्र पूरा करने के लिए उक्त सड़क पर वाहनों की आवाजाही 8 दिसंबर तक बंद की गई है। इस दौरान क्षेत्र के वाहन चालक गुलेला या समराला चौक या फिर अमनेड़ चौक-कैहरवीं चौक से आवाजाही से कर सकते हैं। उन्होंने सभी वाहन चालकों से सहयोग की अपील की है। जिलाधीश ने लोक निर्माण विभाग को सड़क का कार्य अतिशीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए हैं।

## बाल स्कूल मैदान में छाई बरमुडा घास की रौनक, हरियाली आने से बढ़ी सुंदरता



घास की कम से कम दो कटिंग के बाद ही खुलेंगे मैदान के गेट

**रवि ठाकुर, हमीरपुर**

हमीरपुर के बाल स्कूल मैदान में अब बारामुडा घास की हरियाली छाने लगी है। मैदान देखने में और भी सुंदर लग रहा है। हालांकि मैदान के गेट खुलने में अभी कम से कम दो माह का और समय लगेगा, ऐसे में लोग मैदान में घूमने का अभी लुत्फ नहीं उठा सकेंगे। बताया जा रहा है कि मैदान में लगाए घास की अभी दो बार कटिंग की जाएगी, उसके बाद ही मैदान को लोगों के लिए खोला जाएगा।

मैदान में सुबह-शाम पानी का छिड़काव किया जा रहा है, ताकि मैदान की घास और बड़ी हो सके। स्थानीय लोग भी मैदान खुलने का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं, क्योंकि मैदान बंद होने से शहर के लोगों की भी मुश्किलें बढ़ गई हैं। जिस मैदान में लोग सुबह-शाम वॉक के लिए आते थे और बच्चों और लोगों से भरा रहने वाला मैदान पिछले पांच-छह माह से सुनसान पड़ा है। इस मैदान के बंद होने से कई लोगों की वॉक बंद हो गई है। उन्हें वॉक के लिए दूसरे स्थान खोजने पड़े हैं।

बताया जा रहा है कि बाल स्कूल मैदान में करीब 50 लाख रुपए में बारामुडा घास लगाई गई है। शुष्क मौसम और धूंध से भी घास को काफी नुकसान पहुंच रहा है। यही वजह है कि घास की ग्रोथ अभी काफी कम है। (अनंत ज्ञान)

मनुष्य जितना ज्ञान में घुल गया हो, उतना ही वह कर्म के रंग में रंग जाता है। –विनोबा भावे

## संपादकीय

# स्वास्थ्य से खिलवाड़

हमीरपुर जिले के भोटा में स्थित राधास्वामी चैरिटेबल अस्पताल अगले महीने पहली दिसंबर से बंद करने का निर्णय हजारों लोगों को प्रभावित करेगा। यह ऐसा निर्णय है जिससे लोगों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ हो सकता है। यही नहीं, मरीजों और स्थानीय लोगों को कई तरह की परेशानियां भी हो सकती हैं। सबसे पहले तो मरीजों को इलाज के लिए दूसरे अस्पतालों में जाना पड़ सकता है, क्योंकि भोटा के नजदीक कोई और बड़ा अस्पताल नहीं है। ऐसे में लोगों को हमीरपुर में ही जाकर इलाज करवाना पड़ेगा जो कि अधिक समय लेने वाला और महंगा हो सकता है। डॉक्टरों, नर्सों और अन्य कर्मचारियों की नौकरी जा सकती है, जिससे उन्हें आर्थिक परेशानी हो सकती है। इस अस्पताल के बंद होने से मरीजों को उचित इलाज नहीं मिल पाएगा। स्थानीय अर्थव्यवस्था पर भी प्रभाव पड़ सकता है, क्योंकि अस्पताल में काम करने वाले लोगों की आय कम हो जाएगी। स्वास्थ्य सुविधाएं हमारे जीवन पर बहुत बड़ा प्रभाव डालती हैं। स्वास्थ्य सुविधाएं हमें बेहतर स्वास्थ्य प्रदान करती हैं, जिससे हम अपने जीवन को स्वस्थ और सुखी बनाते हैं। यदि हमें बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिलती रहती हैं तो उससे रोगों की रोकथाम में मदद हो जाती है जिससे हम अपने जीवन को स्वस्थ और सुरक्षित बना सकते हैं। स्वास्थ्य सुविधाएं आर्थिक विकास में भी मदद करती हैं, क्योंकि स्वस्थ लोग अधिक उत्पादक और कार्यसक्षम होते हैं।

स्वास्थ्य सुविधाएं सामाजिक सुरक्षा में भी मदद करती हैं, क्योंकि स्वस्थ लोग अधिक सुरक्षित और स्थिर समाज बनाते हैं। इस अस्पताल के बंद होने से लोगों को पहले फ्री और सस्ती दवाइयां मिल जाती थी, लेकिन अब उनकी जेब भी कटेगी। स्वास्थ्य सुविधाएं असमानता भी पैदा कर सकती हैं, खासकर यदि वे केवल अमीर लोगों के लिए उपलब्ध हों। पर्यावरणीय प्रभाव भी डाल सकती हैं, खासकर यदि वे ऊर्जा की खपत और कचरे के उत्पादन में योगदान करती हैं। नैतिक चिंताएं भी पैदा कर सकती हैं, खासकर यदि वे मानव जीवन की गरिमा और मूल्यों का उल्लंघन करती हैं। स्वास्थ्य सुविधाएं प्रशासनिक चुनौतियां भी पैदा कर सकती हैं यदि वे जटिल और असंगठित हों। प्रदेश सरकार व राधा स्वामी सत्संग ब्यास प्रबंधन के बीच चल रहे गतिरोध के बाद पहली दिसंबर को अस्पताल की सेवाएं बंद होना किसी भी सूरत में ठीक नहीं है। अस्पताल को बंद करने के अब तो नोटिस भी चिस्पा दिए हैं।

परेशान लोगों ने अस्पताल बंद करने के निर्णय के विरोध में जमकर प्रदर्शन भी किया। नेशनल हाई–वे तक जाम कर दिया। जमकर नारेबाजी हुई और सरकार को मांगें पूरी करने के लिए अल्टीमेटम तक दिया गया, लेकिन सरकार के कान पर अभी तक जूं नहीं रेंग रही है। दरअसल, यह सारा मामला लैंड ट्रांसफर है। राधा स्वामी संस्था चाहती है कि अस्पताल की जमीन उसकी सिस्टर ऑर्गेनाइजेशन महाराज जगत सिंह मेडिकल रिलीफ सोसायटी के नाम कर दी जाए, ताकि मेडिकल उपकरणों की खरीद पर लगने वाले जीएसटी का बचाव हो सके। इसके पीछे तर्क यह दिया जा रहा है कि अस्पताल पिछले पच्चीस साल से बिना किसी लाभ के सेवाएं दे रहा है तथा दवाइयां भी एक–चौथाई कम कीमत पर दी जाती हैं। बिना किसी लाभ के की जा रही सेवा के ऊपर जीएसटी देना अस्पताल प्रबंधन को अब ठीक नहीं लग रहा है।

सरकार से पिछले काफी सालों से जमीन मेडिकल रिलीफ सोसायटी के नाम करने की मांग की जा रही थी। कई सरकारें आईं और चली गई, लेकिन अस्पताल प्रबंधन को लॉलीपॉप दिया। हालांकि, अब मामला बहुत ज्यादा भड़क जाने के बाद हिमाचल की वर्तमान सुक्खू सरकार लैंड सीलिंग एक्ट–1972 में संशोधन करने की बात कह रही है। ब्यास प्रबंधन चाहता है कि सन् 2004 से चल रहे लैंड ट्रांसफर के मुद्दे पर उन्हें लिखित में एश्योरेंस मिले। अब देखना है कि सरकार क्या वाकई सही निर्णय लेकर लोगों को राहत पहुंचाती है या फिर उसे लोगों के गुस्से का सामना करना पड़ेगा। सरकार को इस मसले पर जल्द से जल्द निर्णय ले लेना चाहिए। कहीं ऐसा न हो कि यह अस्पताल यहां से वाकई बंद हो जाए। अगर एक बार यह अस्पताल बंद हो गया और उसका सामान उठ गया तो दोबारा यहां अस्पताल चलाना कठिन हो जाएगा। इन सारे पहलुओं को ध्यान में रखकर सरकार को जनहित में अच्छा निर्णय लेना चाहिए। ■

# संविधान, समाजवाद व धर्मनिरपेक्षतावाद

वर्ष 1976...उस समय देश में इंदिरा गांधी की सरकार थी। इसी वर्ष 42वें संशोधन के जरिए संविधान की प्रस्तावना में 'सोशलिस्ट' शब्द जोड़ा गया...इसके साथ 'सेक्युलर' शब्द भी जुड़ा...यह 1975 और 1977 के बीच तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी द्वारा लगाए गए आपातकाल के दौरान का कालखंडे था...42वें संशोधन से पहले संविधान की प्रस्तावना में तीन शब्द थे, लेकिन अब पांच हो गए।

संविधान की प्रस्तावना में सोशलिस्ट शब्द, सामाजिक समानता को सुनिश्चित करता है...यह सुनिश्चित करता है कि हमारे देश में जाति, रंग, पंथ, लिंग, धर्म एवं भाषा के आधार पर कोई भेदभाव नहीं होता। संविधान का अनुच्छेद 38, 39, 41, 42, 43, 43 और अनुच्छेद 47 समाजवाद की व्याख्या करते हैं। भारतीय संविधान में सोशलिस्ट शब्द एक ऐसे समाज के निर्माण की प्रतिबद्धता को दर्शाता है जहां कम से कम आर्थिक विषमता हो और समाज कल्याण सबसे बड़ी प्राथमिकता हो। यह शब्द देश के सामाजिक–आर्थिक विकास के लिए नीतियों के निर्माण को सुनिश्चित करता है।


लेखक : पवन कुमार शर्मा
स्वतंत्र लेखक

**समाजवाद से प्रेरित बड़े फैसले :** 1976 में तत्कालीन सरकार के फैसलों पर समाजवाद की छाप साफ दिखाई देती है। इन फैसलों में बैंकों और इंश्योरेंस का राष्ट्रीयकरण, आयात–निर्यात व्यापार का राष्ट्रीयकरण, अनाज को पब्लिक में बांटना, आर्थिक शक्ति के केंद्रीकरण को रोकना, अर्बन इनकम और प्रॉपर्टी पर लगाम, लैंड रिफॉर्म और प्रिवी पर्स जैसी चीजें खत्म करना शामिल है...25 जून, 1975 को देश में इमरजेंसी लगाई गई थी...कहा जाता है कि इसी गुस्से को काउंटर करने के लिए 42वां संविधान संशोधन हुआ था...इसमें सोशलिस्ट' और 'सेक्युलर' शब्द जोड़े गए...बहुत से लोग इसे तत्कालीन सरकार का राजनीतिक फैसला बताते हैं...हालांकि इन सबका बहुत फायदा नहीं हुआ...इसके बाद ग्लोबलाइजेशन का दौर आया और समाजवाद प्राथमिकताओं से गौण होता चला गया, लेकिन ऐसा बिलकुल नहीं है कि ये शब्द जुड़ने से पहले संविधान सोशलिस्ट और सेक्युलर नहीं था...संविधान सभा में इस शब्द पर खूब बहस भी हुई थी...प्रोफेसर के टी शाह 'सेक्युलर, फेडेरलिस्ट और सोशलिस्ट' जैसे शब्दों को में प्रस्तावना जोड़ने के पैरोकार थे...हालांकि सबकी सहमति इस बात पर थी कि भारत एक सेक्युलर देश होगा...सोशलिस्ट शब्द पर आम राय



नहीं थी लिहाजा इन शब्दों को प्रस्तावना में नहीं रखा गया...राष्ट्र की पहचान और भविष्य की दिशा के बारे में गहन चर्चा और बहस भारत के संविधान के निर्माण की आधारशिला थी।

ऐसी ही एक बहस संविधान की प्रस्तावना में 'धर्मनिरपेक्ष' और 'समाजवादी' शब्दों को शामिल करने को लेकर थी। प्रोफेसर के टी शाह ने 15 नवंबर 1948 को भारतीय संविधान के ड्राफ्ट में एक संशोधन का प्रस्ताव रखा, जिसमें भारत को 'धर्मनिरपेक्ष, संघीय, समाजवादी राज्यों का संघ' बनाने की मांग की गई। प्रोफेसर केटी शाह द्वारा रखे गए प्रस्ताव पर डॉ. भीमराव अंबेडकर को दो आपत्तियां थीं...

**पहली आपत्ति :** संविधान को कोई विचारधारा नहीं थोपनी चाहिए : डॉ. अंबेडकर का मुख्य तर्क लोकतंत्र के प्रति उनकी प्रतिबद्धता में निहित था। उनका दृढ़ विश्वास था कि संविधान राज्य के कामकाज को विनियमित करने का एक तंत्र है। अंबेडकर ने स्पष्ट रूप से कहा कि संविधान को ऐसे दस्तावेज के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए जो देश की भावी पीढ़ियों पर एक विशेष सामाजिक या आर्थिक विचारधारा थोपता हो। प्रोफेसर केटी शाह के प्रस्ताव पर प्रतिक्रिया देते हुए अंबेडकर ने कहा था कि 'राज्य की नीति क्या होनी चाहिए, समाज को उसके सामाजिक और आर्थिक पक्ष में कैसे संगठित किया जाना चाहिए, ये ऐसे मामले हैं जिनका निर्णय लोगों को समय और परिस्थितियों के अनुसार स्वयं करना चाहिए।' अंबेडकर के अनुसार, भारत के संविधान में समाजवाद जैसी विचारधारा को जोड़ने में एक बुनियादी विरोधाभास था। उन्होंने तर्क दिया कि अगर समाजवाद को प्रस्तावना में जोड़ दिया गया तो यह भविष्य की पीढ़ियों को अपना रास्ता चुनने की स्वतंत्रता को प्रतिबंधित करेगा।

**दूसरी आपत्ति :** संविधान में पहले से ही समाजवादी सिद्धांत मौजूद : प्रोफेसर के टी शाह के प्रस्ताव को खारिज करते हुए अंबेडकर ने दूसरा तर्क दिया था कि संविधान के मसौदे में पहले से ही ऐसे प्रावधान हैं, जिन्हें राज्य के नीति निर्देशक सिद्धांतों के माध्यम से समाजवादी सिद्धांतों के रूप में देखा जा सकता है। उन्होंने ड्राफ्ट के अनुच्छेद 31 की ओर इशारा किया और कहा कि इसमें धन के केंद्रीकरण को रोकने और समान काम के लिए समान वेतन जैसे उपायों की रूपरेखा दी गई है जो एक समाजवादी प्रावधान है। अंबेडकर के अनुसार, प्रस्तावना में 'समाजवादी' शब्द जोड़ना निरर्थक था, क्योंकि सामाजिक और आर्थिक न्याय के सिद्धांत पहले से ही मसौदा पाठ का हिस्सा थे।

**'धर्मनिरपेक्षता' शब्द पर बहस :** डॉ. भीमराव अंबेडकर धर्म को राजनीति से दूर रखने के प्रबल समर्थक थे। उनका मानना था कि प्रस्तावना में 'धर्मनिरपेक्ष' शब्द का स्पष्ट रूप से उल्लेख करने की आवश्यकता नहीं है। उनका तर्क था कि संविधान में पहले ही स्पष्ट कर दिया है कि भारत एक ऐसा देश होगा, जो किसी भी धर्म को मान्यता नहीं देगा। डॉ. भीमराव अंबेडकर का कहना था कि धर्मनिरपेक्षता के विचारों को विभिन्न अनुच्छेदों में लागू किया गया है, जो धार्मिक स्वतंत्रता और राज्य के किसी विशेष धर्म के साथ गैर–संरेखण (नॉन–एलाइनमेंट) से संबंधित थे, जैसे अनुच्छेद 19 और अनुच्छेद 16। ये अनुच्छेद धर्म के आधार पर किसी भी व्यक्ति के साथ भेदभाव को प्रतिबंधित करते हैं।

**42वां संविधान संशोधन : 'समाजवादी' और 'धर्मनिरपेक्ष' शब्दों का समावेश :** आपातकाल के दौरान 1976 में भारत की तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने संविधान में 42वें संशोधन के माध्यम से भारत की प्रस्तावना में 'समाजवादी' और 'धर्मनिरपेक्ष' शब्द जोड़ दिए। प्रस्तावना में इतना बड़ा बदलाव करने के लिए इंदिरा गांधी की बार–बार आलोचना की गई।

**अंबेडकर का दीर्घकालिक दृष्टिकोण : विचारधारा से ऊपर लोकतंत्र :** संविधान की प्रस्तावना में 'धर्मनिरपेक्ष' और 'समाजवादी' शब्दों को शामिल करने के बारे में अंबेडकर के विचार और अनिच्छा लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को दर्शाती हैं। उनका मानना था कि अगर इन आदर्शों को संविधान के ज़रिए लागू किया गया तो यह लोगों की स्वतंत्रता के प्रतिकूल होगा। उन्होंने तर्क दिया कि संविधान एक लचीला दस्तावेज होना चाहिए, जो समाज की बदलती जरूरतों के हिसाब से ढलने में सक्षम हो। अंबेडकर के अनुसार, एक लोकतांत्रिक देश को अपने नागरिकों को देश की परिस्थितियों के आधार पर अपनी सामाजिक और आर्थिक व्यवस्था चुनने की स्वतंत्रता प्रदान करनी चाहिए। धर्मनिरपेक्षता और समाजवाद कठोर आदर्श हैं, जो लोगों की स्वतंत्रता को सीमित करते हैं। लोकतंत्र, व्यक्तिगत स्वतंत्रता और राज्य की अनुकूलनशीलता के प्रति अंबेडकर की प्रतिबद्धता ने उन्हें इन शब्दों को शामिल करने का विरोध करने के लिए प्रेरित किया था।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## नजरिया

# ऑटोमेशन के जनक डॉ. नॉर्बर्ट वीनर

नॉर्बर्ट वीनर का जन्म 26 नवंबर 1894, कोलंबिया, मिसौरी, संयुक्त राज्य अमेरिका में हुआ नॉर्बर्ट वीनर के पिता कई पुस्तकों के लेखक थे, नॉर्बर्ट वीनर के पिता को कैथोलिक और विविध पुस्तकालय में घूमने की पूरी आजादी थी। एक समय या दूसरे समय में नॉर्बर्ट वीनर के पिता की वैज्ञानिक रुचियों में अध्ययन के सबसे कल्पनीय विषय शामिल थे। वेनर को अपनी स्कूली शिक्षा में संघर्ष करना पड़ा, आंशिक रूप से इसलिए क्योंकि घर पर किए गए अध्ययन का मतलब था कि नॉर्बर्ट वीनर कुछ क्षेत्रों में आगे था, लेकिन अन्य में पीछे था।


लेखक : संजय गोस्वामी
स्वतंत्र टिप्पणीकार

जब नॉर्बर्ट वीनर सात साल का था, तो उसके माता–पिता ने उसे पीबॉडी स्कूल में भेज दिया और, इस बात पर विचार करने के बाद कि उसे किस कक्षा में दाखिला लेना चाहिए, उसे तीसरी कक्षा में दाखिला दिलाया। थोड़े समय के बाद उसके माता–पिता और शिक्षकों ने महसूस किया कि नॉर्बर्ट वीनर चौथी कक्षा के लिए बेहतर होगा और उसे एक साल के लिए पदोन्नत कर दिया गया। हालांकि नॉर्बर्ट वीनर निश्चित रूप से किसी भी कक्षा में स्कूल के लिए उपयुक्त नहीं था और उसके शिक्षक को चौथी कक्षा में ऐसे छोटे लड़के के लिए कोई सहानुभूति नहीं थी, क्योंकि उसमें शिक्षा के इस स्तर पर छात्रों से अपेक्षित कुछ कौशल की कमी थी। इस समय से वेनर के पिता ने उसकी शिक्षा का जिम्मा संभाला और उसने इतने छोटे बच्चे के लिए तेजी से प्रगति की।

हालांकि, वेनर को अपनी चाल से परेशानी थी और नॉर्बर्ट वीनर जाहिर तौर पर बहुत अनाड़ी था। आंशिक रूप से खराब समन्वय के कारण, वेनर ने छह महीने बाद पढ़ाई फिर से शुरू की, लेकिन इस दौरान उन्होंने कुछ बेहतरीन मानसिक कौशल विकसित किए, जिन्हें उन्होंने जीवन भर बनाए रखा। 1903 की शरद ऋतु में, नौ साल की उम्र में, उन्हें फिर से स्कूल भेजा गया, इस बार आयर हाई स्कूल में।



स्कूल ने वेनर का परीक्षण करने और सही स्तर का पता लगाने पर सहमति व्यक्त की, जिसे जल्द ही उससे सात साल बड़े छात्रों के साथ एक वरिष्ठ तृतीय वर्ष की कक्षा में रखा गया। हालांकि, स्कूल उनकी शिक्षा का केवल एक हिस्सा था, क्योंकि उनके पिता ने उन्हें प्रशिक्षित किया था। साइबरनेटिक्स शब्द के जनक डॉ. वीनर को दुनिया के सबसे बेहतरीन गणितज्ञों में से एक माना जाता था। वे एक असाधारण भाषाविद्, दार्शनिक और साहित्यिक विद्वान भी थे।

वे बचपन से ही प्रतिभाशाली थे, उन्होंने 19 साल की उम्र में हार्वर्ड से पीएचडी की डिग्री प्राप्त की थी। 1932 से डॉ. वीनर मैसाचुसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में गणित के प्रोफेसर थे। उन्होंने यहां और विदेशों में कई अन्य संस्थानों में अध्ययन और व्याख्यान दिया। द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान उन्होंने रडार, ट्रैकिंग और गनएमिंग उपकरणों के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

डॉ. वीनर को साइबरनेटिक्स के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए जनता के बीच सबसे ज्यादा जाना जाता था। उन्होंने ग्रीक शब्द साइबरनेट्स से यह शब्द गढ़ा, जिसका अर्थ है स्टीयरमैन, जिससे गवर्नर शब्द भी आता है। उन्होंने 1906 में ग्यारह वर्ष की आयु में आयर से स्नातक की उपाधि प्राप्त की और अपने अठारह वर्षीय सहपाठियों के साथ जश्न मनाया हालांकि उन्होंने कई विज्ञान पाठ्यक्रम लिए, लेकिन उन्होंने गणित में डिग्री हासिल की। वीनर के पिता ने उन्हें गणित में प्रशिक्षित करना जारी रखा, जिससे स्नातक स्तर पर इस विषय में उनकी पूरी महारत हासिल हो गई। वीनर ने 1909 में चौदह वर्ष की आयु में टफ्ट्स से स्नातक की उपाधि प्राप्त की और स्नातकोत्तर अध्ययन शुरू करने के लिए हार्वर्ड में प्रवेश लिया।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## अपनी बात

**सोशल** मीडिया वह माध्यम है जो लोगों से बातचीत करने और सामाजिक रूप से जुड़ने में हमें सक्षम बनाता है। सोशल मीडिया द्वारा दुनिया भर में चल रही खबरों और घटनाओं के संदर्भ में जनता की जागरूकता में जबरदस्त वृद्धि हुई है, क्योंकि इंटरनेट किसी भी अन्य माध्यम की तुलना में समाचार और समीक्षा को अधिक तेजी से फैलाता है। एक समय था जब केवल प्रिंट मीडिया एवं इलेक्ट्रिक मीडिया ही प्रचलन में थे, लेकिन धीरे–धीरे अब इंटरनेट का प्रादुर्भाव हुआ तो सोशल मीडिया ने अपने तरीके से परिवार, समाज और राष्ट्र को प्रभावित करना आरंभ कर दिया। आज परिवार, गली मोहल्ला, गांव, जिला राज्य और राष्ट्र से वैश्विक स्तर तक अपनी भावनात्मक,विचारात्मक भाषायी अभिव्यक्ति का सशक्त माध्यम सोशल मीडिया है।

**अश्वनी, धर्मशाला**

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

# प्रसिद्ध भारतीय गायक और संगीतकार

**बप्पी** लाहिड़ी प्रसिद्ध भारतीय गायक और संगीतकार थे। उनका वास्तविक नाम 'अलोकेश लाहिड़ी' था। सोने के गहनों से लदे बप्पी लाहिड़ी के संगीत में अगर डिस्को की चमक–दमक नजर आती थी तो उनके कुछ गाने सादगी और गंभीरता से परिपूर्ण हैं। 'बप्पी दा' के नाम से मशहूर बप्पी लाहिड़ी ने सन 1970 से 1990 के दशक के दौरान भारतीय सिनेमा को 'आईएमए डिस्को डांसर', 'जिमी जिमी', 'पग घुंघरू', 'इंतेहान हो गई', 'तम्मा तम्मा लोगे', 'यार बिना चैन कहां रे' और 'चलते चलते' जैसे बहतरीन डिस्को गीत दिए थे। बप्पी लाहिड़ी का जन्म कोलकाता में हुआ था। वह एक धनाढ्य संगीत घराने से ताल्लुक रखते थे। उनके पिता अपरेश लाहिड़ी एक प्रसिद्ध बंगाली गायक थे। उनकी माता बांसरी लाहिड़ी भी बांग्ला संगीतकार थीं। बप्पी दा अपने माता–पिता की अकेली संतान थे। बचपन से ही उन्होंने विश्व प्रसिद्ध होने के सपने देखना शुरू कर दिया था। तीन साल की उम्र में तबला सीखने के साथ उन्होंने संगीत की शिक्षा लेनी शुरू की। संगीतकार किशोर कुमार और एस. मुखर्जी उनके संबंधी थे। उन्होंने संगीत अपने माता–पिता से ही सीखा और 19 साल की उम्र में पहली बार उन्हें बंगाली फिल्म 'दादु' में गाना गाने के लिए चुना गया। बप्पी लाहिड़ी की बात हो और उनके स्टाइल पर नजर न जाए ऐसा हो ही नहीं सकता। महंगे और सोने के गहने पहनने वाले बप्पी लाहिड़ी हमेशा रॉकस्टार की लुक में नजर आते थे। बातचीत के ढंग से भी वह एक ऐसा मिश्रण लगते थे जिसमें भारतीय रंग रूप के साथ अधिक मात्रा में विदेशी फैशन हो। उनके पहनावे में अधिकतर ट्रैकसूट या कुर्ता पायजामा होता था। इसके साथ ही बप्पी लाहिड़ी अपने धूप के चश्मों को गर्मी हो या सर्दी कभी नहीं छोड़ते थे। बप्पी लाहिड़ी का निधन मुंबई, महाराष्ट्र में हुआ। उन्होंने मुंबई में जुहू के क्रिटी केयर अस्पताल में रात 11 बजे आखिरी सांस ली। ■


बप्पी लाहिड़ी
**जन्म :** 27 नवंबर, 1952
**मृत्यु :** 16 फरवरी, 2022

# संविधान निर्माता बाबा साहिब डॉ.भीमराव अंबेडकर का बलिदान अतुलनीय

भारत, महान शिक्षाविद एवं संविधान निर्माता बाबा साहब भीमराव अंबेडकर का देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान है। भीमराव अंबेडकर ने अपना पूरा जीवन जनता के अधिकारों की रक्षा करने में समर्पित कर दिया, बदले में उसे सिवाए मृत शैया के कुछ नसीब नहीं हुआ?। भीमराव अंबेडकर ने हर तरह की शिक्षा छात्रवृत्ति में पास करके अपने लक्ष्य को हासिल करके एक अनूठी मिसाल कायम की थी। भीमराव देश का पहला व्यक्ति रहा जिसने हर तरह की शिक्षा ग्रहण करके अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नाम भी कमाया था। अंबेडकर सकारात्मक सोच के मालिक और एक बेहतरीन लेखक भी रहे।

भीमराव अंबेडकर का मानना था कि किसी भी देश का संविधान तभी जनता की उम्मीदों पर खरा उतर सकता, जब तक वहां की सरकारें ठीक होंगी?। आज संविधान दिवस और अधिकांश जनता आरक्षण की वजह से सिर्फ अंबेडकर को दोषी मानती, मगर सरकारों ने इसे लागू करके इसे खत्म किए जाने के बजाए इसका दायरा निरंतर बढ़ाया यह कोई सोचने को तैयार नहीं है।


लेखक : सुखदेव सिंह
वरिष्ठ पत्रकार, नूरपुर

अंबेडकर ने पुस्तकें लिखकर भी समाज को जागरूक करने का प्रयास किया। भारत रत्न भीमराव अंबेडकर को आजादी के 7 दशक साल गुजर जाने के बावजूद भी सही मान, सम्मान नहीं मिल पाना दुर्भाग्यपूर्ण है। भीमराव अंबेडकर का जन्म 14 अप्रैल 1891 को मध्य प्रदेश में पिता राम जी सकपाल और माता भीमा भाई के घर हुआ। अंबेडकर बचपन से ही जन्मजात प्रतिभा के मालिक और अपने भाई, बहनों में भी सबसे आगे रहता था। अंबेडकर महार जाति से संबंध रखते, जिन्हें समाज के लोग अछूत मानते थे।

अंबेडकर परिवार के साथ सामाजिक और आर्थिक रूप से गहरा भेदभाव समाज की ओर से किया जाता था। भीमराव को यह प्रताड़ना



अंदर ही अंदर उसे बेचैन कर देती अंबेडकर के पिता रामजी सकपाल ने अपने बच्चों की पढ़ाई पर जोर दिया था। 1984 को अंबेडकर के पिता सेवानिवृत्त हो गए और दो साल बाद उनकी माता भीमाबाई का देहांत हो गया।

विपदा की घड़ी में अंबेडकर उसके भाइयों बलराम, आनद राव, बहनों मंजुला और दुलासा का पालन पोषण उसकी चाची ने किया। भीम राव अंबेडकर को एक ब्राह्मण शिक्षक महादेव का भरपूर स्नेह मिला था। उस शिक्षक के कहने पर ही भीमराव ने अपने नाम के साथ अंबेडकर लगाना शुरू किया था। सकपाल नाम की बजाए अंबेडकर लगाने के पीछे वजह यह थी कि उनके गांव का नाम अबाबड़े था। विद्यार्थी जीवन में उनकी शादी पार्बती नामक महिला से हुई और इस बीच वह बंबई में बीए की पढ़ाई स्कालर्शिप से पास करके अपने लक्ष्य की और निकल पड़े। सन् 1913 कोलंबिया यूनिवर्सिटी में एमए,पीएचडी में दाखिला लिया। पीएचडी अब्ल्यूशन ऑफ प्रोवेंशल फाइनांस इन ब्रिटिश इंडिया में भी बाजी मारी।

अक्तूबर 1916 को लंदन ऑफ इकोनॉमिक्स डिकेन ट्रिलएजेक्शन ऑफ इंपीरियल इन ब्रिटिश की पढ़ाई पास करके ब्रिटिश लोगों में अपना लोहा मनवाया। इस बीच अंबेडकर की स्कालरशिप खत्म होने पर वापस भारत लौटना पड़ा। उसने बड़ौदा के एक कॉलेज में बतौर प्रोफसर अपनी सेवाएं देना शुरू की, मगर वह अपने काम से संतुष्ट नहीं हुए।

सन् 1923 में एमए, पीएचडी कोलंबिया, एमएससी, डीएससी लंदन और भारत ला की डिग्री भी लंदन से ही पास की। 8 अगस्त 1930 को भीमराव अंबेडकर ने शोषित वर्ग के महा सम्मेलन में अपनी राजनीतिक सोच दलित समाज के समक्ष रखी। वह अपने विचारों में कांग्रेस और महात्मा गांधी की कड़ी आलोचना करते नहीं थकते थे। 15 अगस्त 1947 को भीम राव अंबेडकर को संविधान समिति का अध्यक्ष चुना गया। संविधान में सभी लोगों को अधिकार दिए जाने के साथ–साथ दलित वर्ग के लिए दस सालों तक आरक्षण का प्रावधान भी किया। स्वर्गीय प्रधानमंत्री श्री मति इंदिरा गांधी ने दलितों के लिए मुजारा एक्ट बनाकर उन्हें अपना पक्षधर बना लिया। आज हालात ऐसे बन चुके हैं कि हर वर्ग आरक्षण की मांग करके सड़कों पर उतर रहा है। सरकारों की मजबूरी बनती जा रही है कि न तो इसे बंद कर पा रही, जबकि न ही दूसरे वर्गों को इस श्रेणी में ले पा रही है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## कविता

# भक्ति की शक्ति/ शिवानुभूति


दीपिका गौतम
शोधार्थी

*वो कांपते हाथों में रुद्राक्ष की माला,*
*तकिए पर रखी शिव की मुस्कती हाला।*
*काया शीतल, पर न टूटी आस्था,*
*धड़कनों में गूंज रहा 'जय शंकर' का नारा।*
*नलियों में बंधी सांसों की डोर,ऑक्सीजन का सहारा या शिव का जोर?*
*क्या यह रक्त है जो नसों में बह रहा? या मंत्रों की ऊर्जा से जीवन गढ़ रहा।*
*वाणी मौन, पर आत्मा बोल रही, हर स्वास में शिव का नाम घोल रही।*
*नब्बे बरस के भक्ति महान, आज भी है श्रद्धा का अटल विधान।*
*हे महेश, अपने भक्त पर कृपा करो,*
*उनके विश्वास को दो नई राह, जल्द ही लौटें वो अपने घर की राह।*
*आशीर्वाद से भर दो उनके जीवन का जाम, उनकी भक्ति रहे सदा*
*अडिग और तमाम।*
*हर दिन गूंजे शिव का अमरितम नाम।*

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सएप नंबर 8894521702 पर भेज सकते हैं।**

# आज के दौर में सोशल मीडिया पर अफसरी कितनी जायज?

सिविल सर्विसेज में सोशल मीडिया आचरण की उभरती चुनौतियां सचमुच परेशान करने वाली हैं। सोशल मीडिया सार्वजनिक दृश्यता को बढ़ाता है, जिससे अधिकारी द्वारा दिया गया हर बयान सार्वजनिक मूल्यांकन के अधीन हो जाता है।

इससे प्रशासन की प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचने का जोखिम होता है। उदाहरण के लिए सोशल मीडिया पर केरल सरकार के कृषि विभाग के विशेष सचिव की हालिया टिप्पणियों की व्यापक आलोचना हुई, जिससे सार्वजनिक अधिकारियों द्वारा विवेकपूर्ण ऑनलाइन आचरण की आवश्यकता पर ध्यान आकर्षित हुआ। सेवा के सदस्य के लिए अनुचिल शब्द की व्याख्या की जा सकती है, जिससे उचित सोशल मीडिया व्यवहार के बारे में अस्पष्टता पैदा होती है। उद्द्योग निदेशक, 2024 (केरल) द्वारा एक व्हाट्स ऐप समूह का निर्माण विभाजनकारी माना गया, जिसमें दिशा–निर्देश निजी डिजिटल इंटरैक्शन के लिए सीमाओं को स्पष्ट रूप से परिभाषित करने में असमर्थ थे। व्यापक अनुशासनात्मक प्रावधानों को चुनिंदा रूप से लागू किया जा सकता है, जिससे पक्षपात और लक्ष्यीकरण की धारणाएं बनती हैं। आचरण नियमों के असमान प्रवर्तन के परिणामस्वरूप अक्सर कनिष्ठ अधिकारियों को कड़ी जांच का सामना करना पड़ला है, जबकि वरिष्ठ अधिकारियों के साथ नरमी बरती जा सकती है। सोशल मीडिया पर संवेदनशील सरकारी डेटा या आंतरिक चर्चाएं साझा करना, यहां तक कि अनजाने में भी, गोपनीयता भंग कर सकता है।


लेखिका : प्रियंका सौरभ
स्वतंत्र टिप्पणीकार

राष्ट्रीय सुरक्षा जोखिम पैदा कर सकता है। सोशल मीडिया गतिविधि के कारण अनुशासनात्मक कार्रवाई का डर अधिकारियों के



मनोबल को प्रभावित कर सकता है, जिससे खुली बातचीत और नवाचार में बाधा आ सकती है। व्यक्तिगत अधिकारों के साथ प्रशासनिक अनुशासन को संतुलित करने के सकारात्मक पहलू। संतुलित दृष्टिकोण यह सुनिश्चित करता है कि अधिकारी अपने अधिकारों का सम्मान करते हुए जवाबदेह हों, व्यावसायिकता को बढ़ावा दें। पारदर्शी नियम जनता के विश्वास को मजबूत करते हैं, क्योंकि नागरिक अधिकारियों को नैतिक और उचित दोनों मानकों का पालन करते हुए देखते हैं। यह निष्पक्ष प्रशासन के बारे में जनता की धारणा को मजबूत करता है।आईएएस अधिकारियों द्वारा सार्वजनिक आउटरीच अभियान सेवा वितरण और नागरिक भागीदारी में सुधार कर सकते हैं। परिभाषित नियम अस्पष्टता को कम करते हैं, डिजिटल क्षेत्र में अधिकारियों के लिए एक स्पष्ट नैतिक ढांचा प्रदान करते हैं। सोशल मीडिया के उपयोग के लिए एक उदाहरणात्मक आचार संहिता अधिकारियों का मार्गदर्शन कर सकती है, जिससे गलत व्याख्या का जोखिम कम हो जाता है। निष्पक्ष नियम अधिकारियों को मनमानी कार्रवाई से बचाते हैं, जिससे उन्हें अपनी पेशेवर जिम्मेदारियों को व्यक्तिगत स्वतंत्रता के साथ संतुलित करने की अनुमति मिलती है।

सुरक्षा को निर्दिष्ट करने वाले दिशा–निर्देश व्यक्तिगत शिकायतों के आधार पर अनुशासनात्मक कार्रवाइयों के दुरुपयोग को रोकने में मदद करते हैं। व्यक्तिगत अधिकारों के साथ प्रशासनिक अनुशासन को संतुलित करने के नकारात्मक पहलू। अत्यधिक प्रतिबंध व्यक्तिगत अभिव्यक्ति में बाधा डाल सकते हैं। भारत को सिंगापुर के सार्वजनिक अधिकारियों के लिए आचार संहिता जैसी वैश्विक प्रथाओं से प्रेरित होकर सोशल मीडिया आचरण पर स्पष्ट दिशा–निर्देश अपनाने चाहिए। यह संतुलित दृष्टिकोण अनुशासन और व्यक्तिगत अधिकारों दोनों को मजबूत करेगा, डिजिटल युग के लिए एक लचीली सिविल सेवा का निर्माण करेगा और उन्हें भारत के स्टील फेम के रूप में मजबूत करेगा।

**( ये लेखिका के निजी विचार हैं )**

अनंत ज्ञान
प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## न्यूज ब्रीफ

### संविधान दिवस पर कर्मचारियों को दिलाई शपथ



**अनंत ज्ञान, ऊना।** संविधान दिवस के अवसर पर अतिरिक्त उपायुक्त महेंद्र पॉल गुर्जर ने मंगलवार को लघु सचिवालय परिसर ऊना में कर्मचारियों व अधिकारियों को राष्ट्र की एकता और अखंडता सुनिश्चित करने वाली बंधुता को बढ़ाने के लिए संविधान को आत्म अर्पित करने की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि हमारा संविधान सर्वोच्च मानवीय मूल्यों, उत्कृष्ट लोकतांत्रिक आदर्शों, कर्तव्यों व अधिकारों की पावन अभिव्यक्ति है। संविधान दिवस मनाने का उद्देश्य देशवासियों में संवैधानिक मूल्यों के प्रति सम्मान की भावना को बढ़ाना है। उन्होंने कहा कि संविधान सभी नागरिकों को मौलिक अधिकारों और स्वतंत्रता की गारंटी देने के साथ सरकार व उसके कार्यों की रूपरेखा स्थापित करता है। यह दिन नागरिकों को लोकतांत्रिक सिद्धांतों का सम्मान करने और उन्हें बनाए रखने के लिए प्रोत्साहित करता है।

### जिप सदस्य ने संविधान दिवस पर दिलाई शपथ



**बंगाणा।** कुटलैहड़ विस क्षेत्र के ग्राम पंचायत बल्ह में जिला परिषद सदस्य कृष्ण पॉल शर्मा ने राष्ट्रीय संविधान दिवस के अवसर पर भारतीय संविधान के प्रति कर्तव्य निष्ठा और संवैधानिक मूल्यों की रक्षा और संविधान के अनुसार कार्य करने की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि प्रत्येक नागरिक का यह कर्तव्य है कि वह संविधान में निहित मूल्यों का पालन करे और देश की प्रगति में अपना योगदान दे। इस मौके पर स्थानीय पंचायत प्रधान उषा ठाकुर, सचिव संजीव कुमार, वार्ड पंच रीना देवी, अनीता देवी, सरोज कुमारी, प्रकाश चंद, कृष्ण चंद, निकिता आदि मौजूद रहे।

### कांग्रेस को संविधान दिवस की कभी नहीं आई याद : भुट्टो

**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** कुटलैहड़ भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व विधायक देवेंद्र कुमार भुट्टो ने कहा कि भारत गणराज्य का संविधान 26 नवंबर 1949 को बनकर तैयार हुआ था। 26 नवंबर 2015 से प्रत्येक वर्ष संपूर्ण भारत में संविधान दिवस मनाया जा रहा है। भुट्टो ने कहा कि 70 वर्षों तक भारत में राज करने वाली कांग्रेस पार्टी को कभी संविधान दिवस की याद नहीं आई और न ही कभी डॉ. भीमराव अंबेडकर द्वारा बनाए गए संविधान दिवस को मनाया गया। डॉ. भीमराव आंबेडकर के इस महान योगदान के रूप में भारत सरकार द्वारा पहली बार 26 नवंबर 2015 को 'संविधान दिवस' मनाया गया था। इस दिन संविधान निर्माण समिति के वरिष्ठ सदस्य डॉ. सर हरी सिंह गौर का जन्मदिवस भी होता है। भुट्टो ने कांग्रेस पार्टी पर प्रहार करते हुए कहा कि कांग्रेस नेता जो हाथों में संविधान की कॉपियां लेकर संविधान खतरे में है, ऐसी बातें करने वालों को न संविधान का ज्ञान है और न ही उन्हें संविधान दिवस का पता है। कांग्रेस नेता केवल संविधान पर जनता को भ्रमित करके राजनीति चमकाने में लगे रहते हैं।

### अंब में छात्रों को संविधान की जानकारी दी



**हीना पठानिया, बड़ूही।** राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय अंब में संविधान दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय राजनीति शास्त्र प्रवक्ता गणेश लट्ट ने विद्यार्थियों को बताया कि हमारे संविधान निर्माताओं ने किन-किन देशों के संविधानों का अध्ययन करके एक अद्भुत संविधान का निर्माण 26 नवंबर 1949 को किया। इसको 26 जनवरी 1950 को क्यों लागू किया गया। विद्यालय प्रधानाचार्य विनोद बनियाल ने बताया कि संविधान हमारे लिए सर्वोच्च है, इसलिए हमें संविधान का आदर करना चाहिए। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के अध्यापकों और विद्यार्थियों ने संविधान के पालन की शपथ ली।

### किसानों को गृह वाटिका का महत्व बताया



**अनंत ज्ञान, बड़ूही।** खंड परियोजना प्रबंधन इकाई ऊना जायका परियोजना फेज- 2 के अंतर्गत प्रशिक्षण शिविर का आयोजन हिमाचल प्रदेश फसल विविधिकरण प्रोत्साहन परियोजना जायका के दूसरे चरण के अंतर्गत नलकूप सिंचाई उपपरियोजना लोअर भंजाल एवं उठाऊ सिंचाई उपपरियोजना गुजरेड़ा में वर्कशॉप ऑफ ग्रुप टू डेवेलप ओब्जेक्टिवेस एंड नोर्म्स का एकदिवसीय शिविर आयोजित किया गया । इस अवसर पर कृषि प्रसार अधिकारी डॉ. वीर विवेक सिंह और डॉ. दीप कौर ने किसानों को गृह वाटिका के महत्व पर प्रकाश डाला व सब्जियों की पोष्टिकता के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की। शिविर में भाग लेने वाले किसानों को कृषि प्रसार मटर के उन्नत किस्मों के बीज भी प्रदान किए गए। कृषक विकास एसोसिएशन के सदस्यों को नियिमित रूप से बैंक में मासिक योगदान जमा करने के लिए भी प्रेरित किया ।

### अधिकारियों-कर्मचारियों को कर्त्तव्य निष्ठा की दिलाई शपथ



**बंगाणा।** संविधान दिवस के अवसर पर आज एसडीएम बंगाणा सोनू गोयल के द्वारा अधिकारियों और कर्मचारियों को भारतीय संविधान के प्रति कर्तव्य निष्ठा, संवैधानिक मूल्यों की रक्षा और संविधान के अनुसार कार्य करने की शपथ दिलाई गई। इस दौरान विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

### संविधान के निर्माण में डॉ. अंबेडकर का योगदान महत्वपूर्ण



**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** अटल बिहारी बाजपेयी उत्कृष्ट राजकीय महाविद्यालय बंगाणा में राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा राष्ट्रीय संविधान दिवस का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रमेश ठाकुर थे, जबकि समारोह की अध्यक्षता राजनीति विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. सिकंदर नेगी ने की। मंच का संचालन प्रथम वर्ष की छात्रा वेधही शर्मा किया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में एडवोकेट बबीता और एडवोकेट सृष्टि चंदेल उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर की गई, तत्पश्चात मुख्य अतिथि डॉ. रमेश ठाकुर ने महाविद्यालय के स्टाफ एवं छात्रों को भारतीय संविधान की प्रस्तावना की शपथ दिलवाई। इस अवसर पर विभिन्न प्रकार की शैक्षिक और सांस्कृतिक गतिविधियां आयोजित की गईं। इनमें क्विज प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता, सेमिनार, चित्रलेखा प्रतियोगिता, पैनल डिस्कशन, देशभक्ति पर आधारित नृत्य और पारंपरिक लोक नृत्य शामिल थे। सेमिनार में तान्या शर्मा और अंकित मनकोटिया ने संविधान पर अपने विचार प्रस्तुत किए, जबकि पैनल डिस्कशन का विषय 'संविधान और भविष्य की चुनौतियां' था। इस अवसर पर श्वेता, शिवानी, खुशबू, मेहक , तन्वी, तनिया मेहता,साक्षी, ने सांस्कृतिक रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया। संविधान के निर्माण में डॉ. भीमराव अंबेडकर का योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण है।

### स्वयंसेवियों ने निकाली प्रभात फेरी



**विनोद शर्मा, लठियाणी।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला लठियाणी में राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर के दौरान स्वयंसेवियों ने प्रभात फेरी निकाली। महिला पीओ सविता देवी ने बच्चों को योगाभ्यास करवाया, तत्पश्चात बच्चों ने विद्यालय में पेड़-पौधों का सही ढंग से रखरखाव करने के उपरांत सिंचाई की। बौद्धिक सत्र में राजकीय उच्च विद्यालय कोट के मुख्य अध्यापक सुरेश भारती ने बच्चों को मानव संपदा विषय पर बच्चों को बताया कि संस्कार युक्त एवं संस्कार विहीन जीवन में क्या अंतर होता है। उ इस अवसर पर सुरेश कुमार, बलबीर सिंह एवं विद्यालय के शिक्षक मौजूद रहे।

# जीवन में एक लक्ष्य निर्धारित करने से मिलेगी छात्रों को कामयाबी : मृदु शर्मा

## समाजसेवी एवं रेडक्रॉस सोसायटी की सदस्य ने टक्का और लमलेहड़ी में नवाजे छात्र

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**



टक्का स्कूल के मेधावी छात्रों के साथ मृदु शर्मा और अन्य गणमान्य।

कुटलैहड़ विस क्षेत्र के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला टक्का एवं हाई स्कूल लमलेहड़ी में मंगलवार को वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में स्थानीय विधायक विवेक शर्मा की पत्नी रेडक्रॉस सोसायटी की सदस्य एवं समाजसेविका मृदु शर्मा ने शिरकत की।

मुख्यातिथि ने ज्योति प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर दोनों स्कूल स्टाफ व प्रशासन ने शॉल, टोपी और स्मृति चिन्ह देकर उनका सम्मान किया। इसके पश्चात समारोह में विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और नृत्य कार्यक्रमों के माध्यम से दर्शकों का मन मोह लिया। इस दौरान मुख्यातिथि मृदु शर्मा ने छात्रों को देश का भविष्य बताते हुए शिक्षा के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा हमारे बच्चे ही राष्ट्र की प्रगति का आधार हैं और उनकी शिक्षा और समर्पण से ही समाज का संपूर्ण विकास संभव है। मृदु शर्मा ने शिक्षकों की शिक्षण गुणवत्ता को उत्कृष्ट मानते हुए उनके योगदान की सराहना की और शिक्षा क्षेत्र में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू द्वारा किए जा रहे सुधारों व क्षेत्रीय विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया।

उन्होंने कहा कि कुटलैहड़ के हर सरकारी स्कूल में शिक्षा के साथ अच्छे संस्कार व छात्रों को खेल प्रतियोगताओं के प्रति शिक्षक प्रेरित करें। इसके बाद मुख्यातिथि ने सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लेने वाले और अन्य गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया और उनके उज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने टक्का ओर लमलेहड़ी स्कूल में विकास कार्यों के लिए मांगों को पूरा करने का आश्वासन दिया।

वहीं, दोनों स्कूलों कार्यक्रम में भाग लेने वाले बच्चों के खानपान के लिए 5100-5100 रुपए और प्राइमरी स्कूल को 2100-2100 रुपए देने की घोषणा की।

इस अवसर पर स्कूल के प्रिंसिपल, स्टाफ, प्रदेश कांग्रेस सचिव देशराज गौतम, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष राम आसरा शर्मा, कार्यकारी अध्यक्ष विवेक मिंका, प्रवक्ता विजय डोगरा तथा विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी और अन्य गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित रहे।

### मुख्यातिथि ने छात्राओं संग मंच पर डाली नाटी

टक्का स्कूल के कार्यक्रम में जब स्कूली छात्राएं मंच से नाटी की प्रस्तुति देने आईं तो उन्होंने मंच पर बैठे मुख्यातिथि मृदु शर्मा को मंच से उठाकर नाटी में हिस्सा लेने का आग्रह किया। मुख्यातिथि ने उनका आग्रह मानते हुए मंच पर छात्राओं संग नाटी डाली। इस पर पूरा पंडाल तालियों से गूंज उठा।

## बिजली उपभोक्ताओं के पास फंसे 27 लाख

**विवेक शर्मा, अंब।** सब डिवीजन मुबारिकपुर के अंतर्गत आने वाले सभी उपभोक्ताओं के पास बिजली बोर्ड के 27 लाख रुपए फंसे हुए हैं। बिजली बिल जमा न होने के चलते विद्युत बोर्ड ने कार्रवाई करने का निर्णय लिया है। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि यदि 28 नवंबर तक बिजली बिल जमा नहीं हुए तो बिजली बोर्ड द्वारा बिना कोई नोटिस दिए बिजली के कनेक्शन काट दिए जायेंगे।

बिजली बोर्ड के एसडीओ धर्मपाल ने बताया कि मुबारिकपुर, भंजाल, नाकरोह, कुनेरन, बनेहड़ा, जीतपुर बेहरी, सिद्ध चलेड, मथेड व कलरुही आदि गावों के सैकड़ो लोगों के बिजली बिल पेंडिंग हैं। उन्होंने कहा कि यदि निर्धारित समय पर बिजली बिल जमा नहीं हुए तो बिना नोटिस दिए बिजली कनेक्शन काट दिए जाएंगे।

## स्वयंसेवियों ने स्कूल परिसर संवारा



**दौलतपुर चौक।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला स्कूल गोंदपुर बनेहड़ा मे चल रहे सात दिवसीय आवासीय एनएसएस शिविर के चौथे दिन स्वयंसेवियों द्वारा स्कूल परिसर मे सफाई अभियान छेड़ा तथा वातावरण को स्वच्छ बनाने मे सहयोग दिया। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी यशविंदर मिन्हास के मार्गदर्शन मे चल रहे इस शिविर में विशेष अतिथि गतिविधी मे स्टेट बैंक ऑफ इंडिया से शाखा प्रबंधक अंशु धीमान ने शिरकत की। इस अवसर पर बैंक प्रबंधक अंशु धीमान ने बच्चों को कहा कि ऑनलाइन लेनदेन एक भुगतान पद्धति है, जिसमें आरटीजीएस, आईएमपीएस, एनईएफटी, यूपीआई, कार्ड और इसी तरह के अन्य तरीकों का उपयोग करके इलेक्ट्रॉनिक रूप से धन हस्तांतरित किया जाता है। यह इंटरनेट पर दो या दो से अधिक पक्षों के बीच पैसे या सामान का आदान-प्रदान करने की प्रक्रिया है। उन्होंने कहा कि ओटीपी किसी के साथ सांझा न करना, सेविंग अकाउंट तथा करंट अकाउंट बैंक में कैसे खोला जाता है और नेट बैंकिंग के बारे में विस्तृत जानकारी उपलब्ध करवाई। इस मौके पर स्कूल प्रधानाचार्य राजेश शर्मा, राजीव ठाकुर, महिला प्रभारी पूनम कुमारी भी उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय दुग्ध दिवस पर शिविर आयोजित

**अनंत ज्ञान, ऊना।** राष्ट्रीय दुग्ध दिवस के अवसर पर मंगलवार को पशुपालन विभाग के तत्वाधान में ऊना में उपमंडल स्तर पर एक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पशुपालन विभाग ऊना के संयुक्त निदेशक (प्रोजेक्ट) डॉ. दिनेश सिंह परमार ने की।

गौरतलब है कि राष्ट्रीय दुग्ध दिवस प्रतिवर्ष 26 नवम्बर को भारत में श्वेत क्रांति के जनक डॉ. वर्गीज कुरियन के जन्मदिन पर उनकी विरासत के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। शिविर में पशुपालकों सहित लगभग 60 लोगों ने भाग लिया। शिविर में पशुपालकों को डेयरी व पशुपालन विशेषज्ञों डॉ. अमित शर्मा, डॉ. मोहित शर्मा, डॉ. अंकुश शर्मा, डॉ. राधिका शर्मा, डॉ. शगुन महाजन, डॉ. पंकज राणा और डॉ. विवेक लठ्ठ ने प्रैजेंटेशन के माध्यम से स्वच्छ दुग्ध उत्पादन एवं डेयरी में सहकारी क्षेत्र की उपयोगिता के बारे में जागरूक किया। डॉ. दिनेश परमार ने लोगों से डेयरी में सहकारी क्षेत्र से जुड़ने का आहवान किया जबकि अजौली के बीडीसी सदस्य विभाग ने भी अपने विचार रखे।

# निशुल्क चिकित्सा शिविर में 120 रोगियों की जांच

**अनंत ज्ञान, ऊना**



उपायुक्त जतिन लाल स्वास्थ्य शिविर में शिरकत करते हुए

केयर बेस्ट सुपरस्पेशलिटी अस्पताल गुरु नाकक मिशन जालंधर व रोटरी क्लब ऊना के सौजन्य से आयुर्वेदिक अस्पताल ऊना में फ्री मेगा हार्ड एंड मेडिकल चेकअप कैंप का आयोजन किया गया। इस मौके पर ऊना के डीसी जतिन लाल ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। इस मौके पर हार्ट विशेषज्ञ डॉ. निखिल देहल, डॉ. सुरेंद्र सूर्या, हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. अतुल चंदेल, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. सीमल गोयल, मेडिकल विशेषज्ञ डॉ. रमन कुमारी, ईएनडटी विशेषज्ञ डॉ. केआर आर्य, गैस्ट्रोलॉजिस्ट डॉ. दीपक आर्य ने रोगियों की जांच व उपचार किया। शिविर के दौरान 120 के करीब रोगियों को जांच व उपचार दिया गया।

वहीं, रोगियों की ईसीजी, ब्लड प्रेशर, ब्लड शूगर सहित अन्य टेस्ट भी किए गए। इसके अलावा रोगियों को निशुल्क दवाइयां वितरित की गईं। कैंप का शुभारंभ करते हुए उपायुक्त जतिन लाल ने कहा कि आज के समय में बेहतरीन चिकित्सा मार्गदर्शन करना बहुत बड़ी सेवा है। बेहतर इलाज मिले, इसके लिए चिकित्सक वर्ग को काम करना चाहिए।

उन्होंने कहा कि लोगों को अपनी दिनचर्या में व्यायाम को शामिल करना चाहिए तथा स्वस्थ जीवन शैली को अपनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि रोटरी क्लब ने अच्छा प्रयास किया है, जिसका हरसंभव सहयोग भी करेंगे। उन्होंने डॉ. केआर आर्य व उनकी टीम को सराहा। रोटरी क्लब के अध्यक्ष डॉ. केआर आर्य ने कहा कि ऐसे चिकित्सा शिविरों का आयोजन कर लोगों को बेहतरीन सेवाएं देने का प्रयास रहेगा। उन्होंने कहा कि आगामी दिनों में चिकित्सा शिविर लगाएं जाएंगे। इसमें विभिन्न सामाजिक संस्थाओं से भी सहयोग लिया जाएगा।

इस अवसर पर रोटरी क्लब के अध्यक्ष डॉ. केआर आर्य, सचिव ओंकार नाथ कसाना, ठाकुर यशपाल सिंह, बलदेव चंद, सुरेंद्र ठाकुर, जगदीश राव, कृष्ण ठाकुर, इन्नरव्हील क्लब की अध्यक्ष रमा कंवर, मेघा ओहरी, अमरजीत बबली, सुमन पुरी, प्रेस क्लब ऊना के अध्यक्ष सुरेंद्र शर्मा, हिमोत्कर्ष संस्था के प्रदेशाध्यक्ष जतिंद्र कंवर, गुरु का लंगर संस्था के अध्यक्ष अश्वनी जैतिक, हिमोत्कर्ष आईटी से शिक्षिका निशा, सोनिया व छात्राएं उपस्थित रहीं।

### इन्नरव्हील क्लब ने किया सहयोग

फ्री मैगा हार्ड एंड मेडिकल चेकअप कैंप में इन्नरव्हील क्लब ने भी सहयोग दिया। क्लब अध्यक्ष रमा कंवर की अगुवाई में अन्य सदस्यों में कैंप में रोगियों का मार्गदर्शन किया। वहीं, उन्हें बढ़िया उपचार दिलाने के लिए अपनी सेवाएं दी।

### हिमोत्कर्ष आईटीआई की छात्राओं ने दी सेवाएं

हिमोत्कर्ष आईटीआई की शिक्षिकाओं निशा व सोनिया सहित अन्य छात्राओं ने शिविर में अपना सहयोग दिया है। छात्राओं ने रोगियों को ओपीडी तक पहुंचाने में अपनी सेवाएं दीं। वहीं शिक्षिकाओं ने रोगियों का उचित मार्गदर्शन किया।

**आयोजन** अंब कॉलेज में संविधान दिवस पर भाषण प्रतियोगिता आयोजित

# विनय शर्मा का भाषण सबसे बढ़िया

**अनंत ज्ञान, अंब**

राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय अंब में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा नेहरू युवा केंद्र जिला ऊना के सहयोग से संविधान दिवस बड़े धूमधाम के साथ मनाया गया। इस विशेष मौके पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया, जिसका शीर्षक संविधान रहा। इस कार्यक्रम के मुख्यातिथि प्राचार्य प्रो. दर्शन कुमार रहे।

कार्यक्रम की शुरुआत भारतीय संविधान शपथ के साथ की गई। इस शपथ के माध्यम से सभी ने भारतीय संविधान के सम्मान व पालना का प्रण लिया। संविधान दिवस के उपलक्ष्य पर एक रैली का भी आयोजन किया गया। भाषण प्रतियोगिता में 11 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। प्रथम स्थान पर विनय शर्मा, द्वितीय स्थान पर पल्लवी और तृतीय स्थान पर अभिषेक शर्मा रहा, जिन्हें मुख्यातिथि प्रो. दर्शन कुमार ने स्मृति चिन्ह के साथ सम्मानित किया। निर्णायक मंडल की भूमिका प्रो. सुखदेव, प्रो. अजय कुमार और डॉ. कुमारी सुजाता द्वारा निभाई गई।

प्राचार्य प्रो. दर्शन कुमार ने सभी प्रतिभागियों व विजेताओं को बधाई दी और सभी से आह्वान किया कि भारतीय संविधान के इतिहास के बारे में जानें और भारतीय संविधान का सम्मान करने का प्रण लें।

इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में आकाश भारद्वाज जिला समन्वयक पंजाब नेशनल बैंक आरसीटी ऊना और एडवोकेट शिखा जिला व सेशन कोर्ट ऊना व अंब ने भी विस्तार से संविधान की महत्ता और संरचना के बारे में अपना संबोधन रखा। इस कार्यक्रम में 123 स्वयंसेवियों व विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। प्रो. रेखा शर्मा, प्रो. अनिल वर्मा सहित समस्त प्राध्यापक व गैर प्राध्यापक इस अवसर पर उपस्थित रहे।

**कार्यालय ग्राम पंचायत बैरी**
**वि.खं धर्मपुर जिला मंडी हिमाचल प्रदेश**

**निविदा आमंत्रण सूचना**

वित्त वर्ष 2024-25 के लिए विभिन्न कार्यों के निष्पादन हेतु आवश्यकतानुसार अधिकृत विक्रेताओं से मुहरबंद निविदाएं/कुटेशन आमंत्रित की जाती है। ये निविदाएं दिनांक 09/12/2024 तक ग्राम पंचायत बैरी के कार्यालय में पहुंच जानी चाहिए। निविदाओं को दिनांक 10/12/2024 को ग्राम पंचायत बैरी में प्रातः 11:00 बजे कार्यालय ग्राम पंचायत में पदाधिकारियों की गणपूर्ति व निविदाओं या उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जा[illegible] प्रशासकीय कारणों में इस तिथि को बदलाव करने का अधिकार ग्राम पंचायत बैरी के पास सुरक्षित रहेगा। इस दशा में सूचना समाचार पत्रों में प्रदर्शित नहीं की जायेगी । सूचना ग्राम पंचायत के सूचना पट्ट पर ही प्रदर्शित की जायेगी।

ग्राम पंचायत को इस अवधि हेतु निम्नलिखित सामग्री रेता, बजरी, पत्थर, सीमेंट, सरिया ईंट इत्यादि गाड़ी व खच्चर से ढुलाई, विभिन्न बिल्डिंग, पेंट, स्वच्छता इत्यादि अन्य सभी जरूरी सामान की आवश्यकता रहेगी जिसके लिए निविदा आमंत्रित है।

M FORM उपलब्ध करवाना आवश्यक होगा। निविदा पर दरें स्पष्ट अंकित होनी चाहिए। OVERWRITING की दशा में निविदा रद्द की जाएगी। सामग्री की आपूर्ति HPPWD की SPECIFICATION के अनुरूप होगी। किसी निविदा को बिना कारण बताये स्वीकृत, रद्द य[illegible] अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार पंचायत के पास रहेगा। आपूर्ति न करने वाले वेंडर इस कुटेशन को नहीं भर सकते। सामग्री खरीद का अंतिम मूल्य निर्णय विभाग की JUSTIFICATION व अनुमोदित निविदाताओं के साथ NEGOTITION अनुसार ही किया जाएगा। निविदाकर्ता को निविदा के साथ साथ मु बीस हजार रु. एफडीआर साथ देनी होगी [illegible] निविदा खोली जायगी।

**प्रधान/सचिव**
**ग्राम पंचायत बैरी**

## घाटे में चल रहे होटलों को सोसायटी बनाकर सहकारिता से आगे बढ़ाया जाए : जगतराम



**अनंत ज्ञान, ऊना।** राष्ट्रीय इंटक के संगठन सचिव व प्रदेश इंटक के महासिचव कामरेड जगतराम शर्मा ने कहा कि घाटे में चल रहे उद्योगों, संस्थानों को अदालत को बंद करने का कोई अधिकार नहीं है। अदालतें केवल जहां कानूनों का उल्लंघन हो रहा हो, वहां पर विस्तार से व्याख्या करके निर्णय लेती हैं। कई लोकप्रिय सरकारें लोगों को अधिकार देने के लिए घाटे में काम करने पर भी विवश हो जाती हैं। जगतराम ने सुक्खू सरकार को सलाह दी कि घाटे में चले हुए होटलों को निजीकरण करने की बजाए सोसायटी बनाकर सहकारिता से आगे बढ़ाया जाए। उन्होंने कहा कि जब भी भाजपा सत्ता में आती है तो सरकारी क्षेत्र के लिए मुसीबत बनकर आती है। उन्होंने स्व.वीरभद्र सिंह को याद करते हुए बताया कि ऊना के सरकारी शराब उद्योग को बेचने के लिए कई हथकंडे अपनाए, कारखाने के इंटक यूनियन मेरे नेतृत्व में स्व. वीरभद्र के सामने चट्टान की तरह खड़ी हो जाती थी। स्वर्गीय वीरभद्र सिंह इंटक की बात झट से मान लेते थे।

## स्किल आधारित शिक्षा पर छात्र दें जोर : कृति



**ऊना।** चड़तगढ़ पाठशाला में एनएसएस के सात दिवसीय शिविर के छठे दिन रिसोर्स पर्सन कृति भारद्वाज ने 12वीं कक्षा उत्तीर्ण करने के बाद विद्यार्थियों को विभिन्न क्षेत्रों में एंप्लॉयमेंट के बारे में जानकारी दी। वालंटियर्स द्वारा प्रश्नोत्तरी के दौरान पूछे गए कई प्रश्नो के डाउट रिसोर्स पर्सन द्वारा क्लियर करवाए गए। कृति भारद्वाज ने वर्तमान समय की जरूरतों को पूरा करने हेतु स्किल आधारित शिक्षा हासिल करने पर जोर दिया। प्रधानाचार्य कृष्ण देव शर्मा व एनएसएस प्रभारी नीरज कुमार ने एनएसएस की गतिविधियों पर प्रकाश डाला। कैंप में सविता शर्मा, बनिता शर्मा, संजीव सहोड़, गुरदेव सिंह, पंकज मोहन सहित 29 वालंटियर्स जिसमें 20 गर्ल्स वालंटियर्स व 9 ब्वॉयज वालंटियर्स उपस्थित रहे।

## श्री कृष्ण और रुक्मणी विवाह का प्रसंग सुनाया



**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** हटली पंचायत के गांव रिवाड़ में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के छठे दिन कथा व्यास आचार्य डॉ. सुमन शर्मा ने भगवान श्री कृष्ण और रुक्मणी विवाह का प्रसंग सुनाया और बड़ी धूमधाम से भगवान श्री कृष्ण और रुक्मणी का विवाह किया गया। कथा विराम के बाद भंडारे का प्रसाद भी वितरण किया गया। कथा का संसार चंद, नरेश शर्मा, नीलम कुमारी, नवीन कुमार, ईशा शर्मा, ज्योति वर्जाता, सुशील कुमार रिंकू, नीना कुमारी समेत कइयों ने श्रवण किया।

## दुधारू पशुओं का समय पर करें टीकाकरण



**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** उपमंडल बंगाणा में राष्ट्रीय दुग्ध दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इस कार्यक्रम में सौ से ज्यादा किसानों ने भाग लिया। वहीं, उपमंडल बंगाणा के वरिष्ठ पशु चिकित्सक अधिकारी डॉ. राजेश कुमार जंगा ने कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की और लठियाणी पशु अस्पताल के प्रभारी डॉ. अभिनव राणा, डॉ. दीपिका ठाकुर, डॉ. श्रेया ठाकुर विशेष रूप से उपस्थित रहे। सभी ने किसानों को अच्छी नस्ल के पशु रखने ओर उन्हें समय-समय पर टीकाकरण करवाने पर बल दिया। डॉ राजेश कुमार जंगा ने कहा कि भारत का दूध उत्पादन वर्ष 1951 के 17 मिलियन टन से बढ़कर वर्तमान में 187.7 मिलियन टन हो गया है। उन्होंने कहा कि आज राज्य सरकार किसानों के लिए कई योजनाओं को धरातल पर उतार कर लाभ पहुंचा रही है। सभी किसान किसान क्रेडिट कार्ड ओर कृषि कार्ड जरूर बनाएं।






# आईपीएल : लीग वही, इस बार नई टीमों से खेलेंगे कई स्टार क्रिकेटर

### चेन्नई सुपरकिंग्स

ऋतुराज गायकवाड़, मथीश पथिराना, शिवम दुबे, रवींद्र जडेजा, एमएस धोनी, डेवोन कॉनवे, राहुल त्रिपाठी, रचिन रवींद्र, आर. अश्विन, खलील अहमद, नूर अहमद, विजय शंकर, सैम कुरेन, शेख रशीद, अंशुल कंबोज, मुकेश चौधरी, दीपक हुड्डा, गुरजापनीत सिंह, नाथन एलिस, जेमी ओवरटन, कमलेश नागरकोटी, रामकृष्ण घोष, श्रेयस गोपाल, वंश बेदी, आंद्रे सिद्धार्थ।

### मुंबई इंडियंस

जसप्रीत बुमराह, सूर्यकुमार यादव, हार्दिक पांड्या, रोहित शर्मा, तिलक वर्मा, ट्रेंट बोल्ट, नमन धीर, रॉबिन मिंज, कर्ण शर्मा, रयान रिकेल्टन, दीपक चाहर, अल्लाह गजांफर, विल जैक्स, अश्विनी कुमार, मिशेल सेंटनर, रीस टॉपले, कृष्णन श्रीजीत, राज अंगद बावा, सत्यनारायण राजू, बेवॉन जैकब्स, अर्जुन तेंदुलकर।

### रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु

विराट कोहली, रजत पाटीदार, यश दयाल, लियाम लिविंगस्टोन, फिल साल्ट, जितेश शर्मा, जोश हेजलवुड, रसिख डार, सुयश शर्मा, क्रुणाल पांड्या, भुवनेश्वर कुमार, स्वप्निल सिंह, टिम डेविड, रोमारियो शेफर्ड, नुवान तुषारा, मनोज भंडागे, जैकब बेथेल, देवदत्त पडिक्कल, स्वास्तिक चिकारा।

### कोलकाता नाइट राइडर्स

रिंकू सिंह, वरुण चक्रवर्ती, सुनील नरेन, आंद्रे रसेल, हर्षित राणा, रमनदीप सिंह, वेंकटेश अय्यर, क्विंटन डीकॉक, रहमानुल्लाह गुरबाज, एनरिक नोर्त्जे, अंगकृष रघुवंशी, वैभव अरोड़ा, मयंक मार्कंडेय, रोवमैन पॉवेल, मनीष पांडे, स्पेंसर जॉनसन, लवनिथ सिसौदिया, अजिंक्या रहाणे, अनुकूल रॉय, मोइन अली, उमरान मलिक।



### सनराइजर्स हैदराबाद

पैट कमिंस, अभिषेक शर्मा, नितीश रेड्डी, हेनरिक क्लासेन, ट्रैविस हेड, मोहम्मद शमी, हर्षल पटेल, ईशान किशन, राहुल चाहर, एडम जम्पा, अथर्व ताइदे, अभिनव मनोहर, सिमरजीत सिंह, जीशान अंसारी, जयदेव उनादकट, ब्रायडन कार्से, कामिंदु मेंडिस, अनिकेत वर्मा, ईशान मलिंगा, सचिन बेबी।

### राजस्थान रॉयल्स

संजू सैमसन, यशस्वी जयसवाल, रियान पराग, ध्रुव जुरेल, शिमरोन हेटमायर, संदीप शर्मा, जोफ्रा आर्चर, महेश थीक्षाना, वानिंदु हसरंगा, आकाश मधवाल, कुमार कार्तिकेय, नितीश राणा, तुषार देशपांडे, शुभम दुबे, युद्धवीर सिंह, फजलहक फारूकी, वैभव सूर्यवंशी, क्वेना मफाका।

### पंजाब किंग्स

शशांक सिंह, प्रभसिमरन सिंह, अर्शदीप सिंह, श्रेयस अय्यर, युजवेंद्र चहल, मार्कस स्टोइनिस, ग्लेन मैक्सवेल, नेहल वढेरा, हरप्रीत बरार, विष्णु विनोद, विजयकुमार विशक, यश ठाकुर, मार्को यानसन, जोश इंगलिस, लॉकी फर्ग्यूसन, अजमतुल्लाह उमरजई, हरनूर पन्नू, कुलदीप सेन, प्रियांश आर्य, एरोन हार्डी, मुशीर खान, सूर्यांश शेडगे, जेवियर बार्टलेट, पाइला अविनाश, प्रवीण दुबे।

### दिल्ली कैपिटल्स

अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, ट्रिस्टन स्टब्स, अभिषेक पोरेल, मिशेल स्टार्क, लोकेश राहुल, हैरी ब्रूक, जेक फ्रेजर-मैकगर्क, टी. नटराजन, करुण नायर, समीर रिजवी, आशुतोष शर्मा, मोहित शर्मा, फाफ डु प्लेसिस, मुकेश कुमार, दर्शन नालकांडे, वी. निगम, दुष्मंथा चमीरा, डोनोवन फरेरा, अजय मंडल, मनवंत कुमार, त्रिपुराना विजय, माधव तिवारी।

### गुजरात टाइटंस

राशिद खान, शुभमन गिल, साई सुदर्शन, राहुल तेवतिया, शाहरुख खान, कैगिसो रबाडा, जोस बटलर, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, निशांत सिंधु, महिपाल लोमरोर, कुमार कुशाग्र, अनुज रावत, मानव सुथार, वॉशिंगटन सुंदर, गेराल्ड कोएत्जी, अरशद खान, गुरनूर बरार, शेरफेन रदरफोर्ड, साई किशोर, ईशांत शर्मा, जयंत यादव, ग्लेन फिलिप्स, करीम जनत।

### लखनऊ सुपर जायंट्स

ऋषभ पंत, निकोलस पूरन, रवि बिश्नोई, मयंक यादव, मोहसिन खान, आयुष बडोनी, डेविड मिलर, एडेन माक्रम, मिशेल मार्श, अवेश खान, अब्दुल समद, आर्यन जुयाल, आकाश दीप, हिम्मत सिंह, एम. सिद्धार्थ, दिग्वेश सिंह, शाहबाज अहमद, आकाश सिंह, शमर जोसेफ, प्रिंस यादव, युवराज चौधरी, राजवर्धन हंगरगेकर, अर्शिन कुलकर्णी, मैथ्यू ब्रीट्जके।

## स्पोर्ट्स विंडो

### परिणयसूत्र में बंधे अंतरराष्ट्रीय बॉक्सिंग खिलाड़ी आशीष चौधरी



**सुंदरनगर।** अंतरराष्ट्रीय बाक्सिंग खिलाड़ी आशीष चौधरी मणिपुर की इमुनागान्बी के साथ परिणयसूत्र में बंध गए। करीब तीन वर्षों तक एक दूसरे को जानने के बाद उन्होंने सुंदरनगर के भौण स्थित शीतला माता मंदिर में एक-दूसरे का हाथ थाम लिया। वर्ष 2021 में बेंगलुरू में आयोजित इंडिया कैंप में दोनों की आंखों ने एक-दूसरे के प्रति प्यार का आभास किया और दोनों ने जीवन भर साथ निभाने का निर्णय ले लिया। टोक्यो ओलंपिक में भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले आशीष चौधरी की पत्नी इमुनगान्बी भी एक अंतरराष्ट्रीय बॉक्सर हैं।

### ऑलराउंड खेल से प्रभावती किया इसाबेल ने

**नई दिल्ली।** इसाबेल जॉयस आयरलैंड क्रिकेट की स्टार महिला खिलाड़ी हैं। वह दाएं हाथ से बल्लेबाजी के साथ-साथ बाएं हाथ से गेंदबाजी भी करती हैं। उन्होंने 1999 में भारत के खिलाफ डेब्यू किया था। 38 वर्षीय इसाबेल अब रिटायर हो चुकी हैं, लेकिन उन्होंने ऑलराउंड खेल से सभी को प्रभावती किया। उन्होंने 1939 अंतरराष्ट्रीय रन बनाने के साथ-साथ 99 विकेट भी झटके। उन्होंने 62 मैचों में आयरलैंड की कप्तानी की थी। वह खूबसूरत महिला क्रिकेटरों में से एक हैं।



### नॉर्वे शतरंज महिला-2025 में हिस्सा लेंगी वैशाली रमेशबाबू

**स्टेवेंगर (नॉर्वे)।** भारत की उभरती हुई स्टार खिलाड़ी वैशाली रमेशबाबू नॉर्वे शतरंज महिला-2025 टूर्नामेंट में हिस्सा लेंगी।



वैशाली की नजरें इस टूर्नामेंट में शीर्ष तीन में जगह बनाने पर टिकी होंगी। दुनिया की 16वें नंबर की खिलाड़ी वैशाली के लाइव रेटिंग 2475 अंक (नवंबर 2024) है। उन्होंने 2023 में फिडे महिला ग्रैंड स्विस खिताब जीतकर 2024 महिला कैंडिडेट्स टूर्नामेंट में जगह बनाई थी। वैशाली 2023 में भारत की तीसरी महिला ग्रैंडमास्टर बनी और इस अर्जुन पुरस्कार विजेता ने इस साल शतरंज ओलंपियाड में भारत की जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### 'निजी आपात स्थिति' के कारण स्वदेश लौटे भारतीय कोच गंभीर

**पर्थ।** भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर 'निजी आपात स्थिति' के कारण स्वदेश अपने परिवार के पास लौट आए हैं और छह दिसंबर से एडीलेड में होने वाले गुलाबी गेंद के टेस्ट से पहले उनके टीम से जुड़ने की संभावना नहीं है। गंभीर कैनबरा में 30 नवंबर से होने वाले दो दिवसीय दिन रात के अभ्यास मैच में भी नहीं होंगे। बोर्ड के एक अधिकारी ने बताया ,'' वह मंगलवार की सुबह भारत के लिए रवाना हो गए। यह एक निजी इमरजेंसी थी। वह एडीलेड में दूसरे टेस्ट से पूर्व लौट आएंगे।'' भारतीय टीम 27 नवंबर को कैनबरा रवाना होगा, जहां पूरी टीम आस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री एंथोनी अल्बानीस द्वारा उनके सम्मान में दिए जाने वाले समारोह में भाग लेगी।

# आत्मविश्वास से भरी भारतीय टीम का सामना थाईलैंड से

**जूनियर पुरुष एशिया कप हॉकी**

**एजेंसी, मस्कट ( ओमान )**

कोच पीआर श्रीजेश की आत्मविश्वास से भरी भारतीय टीम जूनियर एशिया कप पुरुष हॉकी टूर्नामेंट के पहले मैच में बुधवार को थाईलैंड से खेलेगी तो उसका पलड़ा भारी होगा भारत को पूल-ए में कोरिया, जापान, चीनी ताइपै और थाईलैंड के साथ रखा गया है।

टूर्नामेंट में इस बार दस टीमें भाग ले रही हैं। बाकी पांच टीमें पाकिस्तान, मलेशिया, बांग्लादेश, ओमान और चीन पूल-बी में हैं। भारत ने रिकॉर्ड चार बार 2004, 2008, 2015 और 2023 में खिताब जीता था। पिछले साल फाइनल में भारत ने चिर-प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान को 2-1 से हराया। कप्तान आमिर ने कहा ,'' हमारी टीम काफी मेहनत कर रही है और हमें अच्छे प्रदर्शन का यकीन है।''

उन्होंने कहा ,'' थाईलैंड, जापान और कोरिया जैसी मजबूत टीमों से खेलना चुनौतीपूर्ण होगा, लेकिन हम अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेंगे। हम खिताब बरकरार रखकर देश को फिर गौरवान्वित करेंगे।'' भारत को 28 नवंबर को जापान से और 30 नवंबर को चीनी ताइपै से खेलना है। भारत का आखिरी ग्रुप मैच एक दिसंबर को कोरिया से होगा। हर ग्रुप से शीर्ष-2 टीमें तीन दिसंबर को सेमीफाइनल खेलेंगी। फाइनल एक दिन बाद होगा।



अभ्यास सत्र के दौरान भारतीय हॉकी खिलाड़ी।

### विश्व शतरंज चैंपियनशिप

## गुकेश ने दूसरी बाजी में लिरेन को ड्रॉ पर रोका




**एजेंसी, सिंगापुर**

भारतीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश ने मंगलवार को यहां विश्व शतरंज चैंपियनशिप की दूसरी बाजी में गत चैंपियन डिंग लिरेन से ड्रा खेला। 14 बाजियों के इस मैच के शुरुआती मुकाबले को सोमवार को गंवाने वाले गुकेश ने काले मोहरों से खेलते हुए चीन के अनुभवी खिलाड़ी को ड्रा पर रोककर अच्छी वापसी की।

पहला मुकाबला जीतने वाले लिरेन के पास अब 1.5-0.5 की बढ़त है। चेन्नई के खिलाड़ी ने मुकाबला ड्रॉ होने के बाद कहा, ''विश्व चैंपियनशिप मैच में काले मोहरों के साथ ड्रा हमेशा अच्छा होता है। यह मैच अभी शुरुआती चरण में है और हमारे पास अभी काफी समय है।''

18 वर्षीय गुकेश विश्व खिताब के लिए सबसे कम उम्र के दावेदार हैं और वह विश्वनाथन आनंद के बाद यह खिताब जीतने वाले पहले भारतीय बनने की कोशिश कर रहे हैं। आनंद ने अपने शानदार करियर में पांच बार यह खिताब अपने नाम किया है। गुकेश ने कहा, '' विश्व चैंपियनशिप में खेलने वाले किसी भी खिलाड़ी पर दबाव होना लाजमी है। यहां बहुत दबाव है। मैं हालांकि इसे एक चुनौती के तौर पर देख रहा हूं।

### इंटर यूनिवर्सिटी महिला बैडमिंटन चैंपियनशिप

## चितकारा यूनिवर्सिटी प्रथम, एलपीयू जालंधर दूसरे स्थान पर रही

**संजीव पुरी, ऊना**



हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के सौजन्य से चार दिवसीय इंटर यूनिवर्सिटी महिला बैडमिंटन चैंपियनशिप का आयोजन स्थानीय लाला जगत नारायण हिमोत्कर्ष राजकीय कन्या महाविद्यालय में किया गया। इस चैंपियनशिप में पहले स्थान पर चितकारा विश्वविद्यालय, दूसरे स्थान पर एलपीयू जालंधर, तीसरे स्थान पर एमडीयू रोहतक और चौथे स्थान पर एचपीयू शिमला रही।

मंगलवार को इस प्रतियोगिता का समापन हुआ। इसमें मुख्य अतिथि डॉ संजय शर्मा (डायरेक्टर आफ फिजिकल एजुकेशन एंड यूथ प्रोग्राम) ने शिरकत की। इस अवसर पर ऊना जिला के विभिन्न कॉलेजों और स्कूलों के प्राचार्य भी मौजूद रहे, जिनमें ऊना कॉलेज की प्राचार्या डॉ मीता शर्मा, बलविंदर राणा जी सी चौंकी मनियार, डी एफ ओ सुशील राणा, माउन्ट कार्मेल स्कूल के फादर अब्राहम उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)

## दूसरा टेस्ट : क्या रोहित मध्यक्रम में बल्लेबाजी कर राहुल से पारी का आगाज करना जारी रखेंगे?

**एजेंसी, नई दिल्ली**

नियमित कप्तान रोहित शर्मा की एडीलेड में अगले टेस्ट में भारतीय टीम में वापसी होगी, लिहाजा इससे पहले कैनबरा में 30 नवंबर से होने वाले अभ्यास मैच में यह देखना दिलचस्प होगा कि वह खुद पारी का आगाज करते हैं या लोकेश राहुल से कराते हैं ।

रोहित या राहुल में किसी का तीसरे क्रम पर बल्लेबाजी करना इस पर भी निर्भर करेगा कि शुभमन गिल फिट होते हैं या नहीं। गिल अगर मैच के लिए फिट नहीं हुए तो राहुल या रोहित में कोई इस मैच में तीसरे क्रम पर खेलेगा।



फाइल फोटो

भारतीय क्रिकेट जगत में हालांकि कुछ लोगों का मानना है कि इस दौरे पर रोहित अगर मध्यक्रम (पांचवें या छठे क्रम पर) में बल्लेबाजी करें तो यह टीम के लिए ज्यादा कारगर होगा। पर्थ में पहले टेस्ट में रोहित की अनुपस्थिति के कारण राहुल का इस्तेमाल एक अस्थायी सलामी बल्लेबाज के तौर पर हुआ था। वह हालांकि ऑप्टस स्टेडियम में दोनों पारियों में 26 और 77 रन बनाकर वह सभी भारतीय बल्लेबाजों में तकनीकी रूप से सबसे मजबूत दिखे। इस मैच से पहले उन्होंने एमसीजी में भारत-ए के लिए भी एक मैच में सलामी बल्लेबाजी की भूमिका निभाई थी।

पिछले पांच साल से टेस्ट में पारी का आगाज कर रहे रोहित अपनी सर्वश्रेष्ठ लय में नहीं है। भारत में हाल ही खेले गए पांच टेस्ट मैचों में उनका प्रदर्शन उत्साहजनक नहीं रहा था। यह सभी मैच हालांकि बल्लेबाजी के लिए मुश्किल पिचों पर खेले गये थे।

गिल को वाका में अभ्यास मैच के दौरान अंगुली में हेयरलाइन फ्रैक्चर का सामना करना पड़ा था और वह शुरुआती टेस्ट मैच से बाहर हो गए थे। उन्होंने अभी तब नेट सत्र में बल्लेबाजी अभ्यास शुरू नहीं की है। वह अगर मैच के लिए फिट होते है तो ध्रूव जुरेल को एकादश से बाहर होना पड़ेगा।

इस मैच में यह भी देखना होगा कि क्या टीम प्रबंधन स्पिन गेंदबाजी विभाग में कोई बदलाव करती है या नहीं। पर्थ में रविचंद्रन अश्विन और रविंद्र जडेजा जैसे अनुभवी स्पिन गेंदबाजों की जगह वॉशिंगटन सुंदर को खेलने का मौका मिला था।

**क्रिकेट** पहले टेस्ट मैच के चौथे दिन 17 विकेट गिरे, जिनमें से 14 तेज गेंदबाजों ने झटके

# बांग्लादेश के खिलाफ वेस्टइंडीज जीत के करीब

**एजेंसी, नॉर्थ साउंड**

**333 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए बांग्लादेश ने 7 विकेट 109 रन पर गंवाए**

बांग्लादेश की टीम पहले क्रिकेट टेस्ट के चौथे दिन वेस्टइंडीज से 224 रन पीछे है और दूसरी पारी के उसके तीन ही विकेट बाकी है। जीत के लिए 333 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए बांग्लादेश ने चौथे दिन के आखिर में सात विकेट 109 रन पर गंवा दिए थे।

चौथे दिन 17 विकेट गिरे जिनमें से 14 तेज गेंदबाजों ने लिए। खराब रोशनी के कारण लगातार तीसरे दिन खेल रोके जाने के समय जाकिर अली 15 रन बनाकर खेल रहे थे। उन्होंने मेहदी हसन मिराज (45) के साथ 43 रन की साझेदारी की। खेल समाप्त होने से चार ओवर पहले मेहदी आउट हो गए। वेस्टइंडीज के लिए केमार रोच और जेडेन सील्स ने तीन-तीन विकेट लिए। रोच ने जाकिर हसन (0), शहादत हुसैन (चार) और मोमिनुल हक (11) को आउट किया। मेहदी ने इसके बाद लिटन दास (22) के साथ 36 और जाकिर के साथ 43 रन की साझेदारी की।

सील्स ने मेहदी और तैजुल इस्लाम को आउट करके वेस्टइंडीज को जीत के करीब पहुंचाया। इससे पहले वेस्टइंडीज की टीम दूसरी पारी में 152 रन पर आउट हो गई थी। बांग्लादेश के लिए तसकीन अहमद ने 64 रन देकर 6 विकेट लिए।



विकेट लेने के बाद खुशी मनाते बांग्लादेश के खिलाड़ी।

### एडीलेड टेस्ट के लिए टीम में बदलाव नहीं करेंगे : मैकडोनाल्ड

**पर्थ।** आस्ट्रेलिया के कोच और चयनकर्ता एंड्रयू मैकडोनाल्ड ने कहा है कि पहले टेस्ट में भारत के हाथों 295 रन से हारने वाली टीम में कोई बदलाव नहीं किया जाएगा हालांकि हरमनमौला मिचेल मार्श की फिटनेस को लेकर चिंताएं हैं। मैकडोनाल्ड ने बताया कि उनकी टीम छह दिसंबर से शुरू हो रहे दिन-रात के टेस्ट के लिए पूर्व निर्धारित कार्यक्रम से पहले ही एडीलेड पहुंचेंगी ताकि अतिरिक्त अभ्यास कर सके।

उन्होंने कहा ,''पर्थ टेस्ट के लिए जो लोग चेंज रूम में थे, वही एडीलेड में भी होंगे। बदलाव करने पर हमेशा विचार होता है, लेकिन हालात के अनुसार टीम चुनी जाती है।'' सितंबर में इंग्लैंड के सीमित ओवरों के दौरे के बाद से फिटनेस समस्या से जूझ रहे मार्श ने पहले टेस्ट में सिर्फ 17 ओवर डाले और तीन विकेट लिए।